आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 35°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस:** बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 09 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 146 | www.janexpresslive.com/epaper

वीर सावरकर एक निष्ठावान देशभक्त... 12

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति, फिलहाल ऐलान नहीं, इजराइल बोला

# खामेनेई के हर सुप्रीम लीडर को निशाना बनाएंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान**

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है। इस बीच, इजराइली सेना ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल लोग भी टारगेट पर हैं। संभावित उम्मीदवारों में खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वे मुजतबा को नए सुप्रीम लीडर के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।



### जंग के 5 बड़े अपडेट्स...

- ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है।
- इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।
- 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया।
- यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई है।
- जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं।

### ईरान का दावा- इजराइल और जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर हमला किया

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने इजराइल के तेल अवीव और बेर्शेबा शहरों में सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं। संगठन का कहना है कि जॉर्डन में एक अमेरिकी एयरबेस को भी कई बार निशाना बनाया गया। आईआरजीसी ने यह भी दावा किया कि जॉर्डन के अजरक शहर में स्थित मुवाफ्फक अल-सल्ती एयरबेस को कई बार निशाना बनाया गया। ईरान के मुताबिक यह अमेरिकी लड़ाकू विमानों का सबसे बड़ा और सक्रिय आक्रामक बेस है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी कि आने वाले घंटों और दिनों में दुश्मन के खिलाफ ईरानी हमलों का दायरा और तीव्रता और बढ़ेगी।

### यूएई पर ईरानी हमलों में 4 की मौत

संयुक्त अरब अमीरात में ईरान के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक मृतकों में पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश के नागरिक शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद ईरान ने पड़ोसी देशों पर जवाबी कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान यूएई में चार विदेशी नागरिकों की मौत हुई। मंत्रालय के अनुसार अब तक यूएई को 238 बैलिस्टिक मिसाइल, 1422 ड्रोन और 8 क्रूज मिसाइल से निशाना बनाया गया है। रविवार को यूएई ने 17 बैलिस्टिक मिसाइल और 117 ड्रोन का पता लगाया। इनमें से 16 मिसाइल और 113 ड्रोन को इंटरसेप्ट कर लिया गया, जबकि एक मिसाइल और चार ड्रोन समुद्र में गिर गए।

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर पर सहमति, नाम का ऐलान अभी नहीं

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के चयन को लेकर अहम फैसला हो गया है। हालांकि, अभी तक चुने गए व्यक्ति के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने उम्मीदवार तय कर लिया है। संस्था के सदस्यों का कहना है कि बहुमत से सबसे उपयुक्त उम्मीदवार को मंजूरी दी गई है। खुजेस्तान प्रांत का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य मोहसिन हेदरी ने आईएसएनए न्यूज एजेंसी को बताया कि असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के बहुमत ने उम्मीदवार के नाम पर सहमति दे दी है। संस्था के एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है। फार्स न्यूज एजेंसी द्वारा जारी वीडियो में उन्होंने कहा कि बहुमत की राय को दर्शाने वाला स्पष्ट निर्णय लिया जा चुका है। हालांकि, नए सुप्रीम लीडर के नाम की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है और इसके जल्द सामने आने की संभावना है।

### ईरान में डबल मिसाइल हमले में 20 लोगों की मौत

ईरान के शहर नजफाबाद में अमेरिका और इजराइल के डबल मिसाइल हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए। यह जानकारी ईरान की समाचार एजेंसी फार्स ने दी है। रिपोर्ट के अनुसार शहर में पहले एक मिसाइल हमला हुआ था। इसके बाद जब बचावकर्मी और स्थानीय लोग घायलों की मदद कर रहे थे, तभी कुछ ही मिनटों बाद उसी जगह पर दूसरी मिसाइल गिर गई। एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया गया कि दूसरे हमले में कई लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। हमले के बाद राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं और घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

### होर्मुज स्ट्रेट में जहाज डूबने से तीन इंडोनेशियाई लापता

इंडोनेशिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यूएई के झंडे वाले जहाज पर हमले के बाद तीन इंडोनेशियाई चालक दल के सदस्य लापता हो गए हैं। दरअसल, शुक्रवार को होर्मुज स्ट्रेट में यूएई के झंडे वाले जहाज पर हमला हुआ था।

### ईरान में अब तक 10 हजार पब्लिक बिल्डिंग तबाह



ईरान की राहत संस्था ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में बड़ी संख्या में नागरिक इमारतें नष्ट हो गई हैं। संगठन के अनुसार अब तक 9,669 नागरिक इकाइयां पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं।रेड क्रिसेंट का कहना है कि इन हमलों से देश के कई शहरों में आम लोगों के घर और व्यापारिक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले भी संगठन ने बताया था कि हजारों घरों, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है। इस युद्ध के दौरान नागरिक ढांचे पर हमलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता भी जताई जा रही है और कई मानवाधिकार संगठनों ने इसकी जांच की मांग की है।

### इजराइल में अब तक 2,000 लोग अस्पताल में भर्ती हुए

इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद अब तक कम से कम 1,929 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें पिछले 24 घंटों में 157 लोग शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार अस्पतालों में भर्ती मरीजों में से 9 लोगों की हालत गंभीर है, 70 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी बताया कि अस्पताल पहुंचने वाले कई लोग सीधे हमलों में घायल नहीं हुए, बल्कि सायरन बजने के बाद सुरक्षित स्थानों या बंकरों में जाते समय गिरने या भगदड़ जैसी स्थितियों में चोटिल हुए।

### इजराइल बोला- खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे

इजराइली सेना ने ईरान के नेताओं को नई चेतावनी दी है। सेना ने कहा है कि वह ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के हर उत्तराधिकारी का पीछा करेगी। इजराइल ने यह बयान सोशल मीडिया पर फारसी भाषा में जारी किया। इसमें कहा गया कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों में खामेनेई की मौत के बाद जो भी व्यक्ति उनका उत्तराधिकारी बनेगा, उसे भी निशाना बनाया जाएगा। इजराइली सेना ने उन लोगों को भी चेतावनी दी जो नए सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया में शामिल हैं।

### पाकिस्तान दुबई में मारे गए नागरिकों के शव वापस लाएगा

दुबई में मिसाइल के मलबे की चपेट में आने से मारे गए दो पाकिस्तानी नागरिकों के शव पाकिस्तान वापस लाए जाएंगे। इस मामले में पाकिस्तान सरकार यूएई अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि यूएई में मौजूद पाकिस्तान के राजनयिक मिशन दुबई प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं, ताकि मृतकों के शवों को जल्द से जल्द स्वदेश लाया जा सके। शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तानी मिशन दुबई अधिकारियों के साथ मिलकर जरूरी सहायता उपलब्ध करा रहे हैं और शवों की वापसी की प्रक्रिया को सुगम बनाने में जुटे हैं।

### दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हमले में 19 लोगों की मौत

लेबनान के दक्षिणी इलाके में एक गांव पर हुए इजराइली हवाई हमले में 19 लोगों की मौत हो गई है। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार यह हमला दक्षिणी लेबनान के सिरे अल घरबिया कस्बे में एक तीन मंजिला इमारत पर किया गया। हमले में बच्चों समेत कई लोग मारे गए। हमले के बाद नागरिक सुरक्षा और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं और मलबा हटाकर शवों को निकालने का काम जारी है। घटना के बाद इलाके में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

### तेहरान में ईंधन कोटा घटाया गया, तेल ठिकानों पर हमलों के बाद फैसला

ईरान की राजधानी तेहरान में तेल ठिकानों पर हुए हमलों के बाद प्रशासन ने लोगों के लिए ईंधन कोटा कम कर दिया है। फार्स समाचार एजेंसी के अनुसार तेहरान प्रांत के गवर्नर ने यह जानकारी दी। नए फैसले के तहत ईंधन कार्ड से मिलने वाला कोटा 30 लीटर प्रतिदिन से घटाकर 20 लीटर प्रतिदिन कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि ईंधन आपूर्ति में आई बाधा को जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। गवर्नर ने कहा कि यह व्यवस्था अस्थायी है और स्थिति सामान्य होने पर दो या तीन दिनों के भीतर पहले की तरह ईंधन कोटा बहाल कर दिया जाएगा।

### इटली ने मिडिल-ईस्ट से 20 हजार नागरिकों को निकाला

मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध के बीच इटली ने अपने 20 हजार नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया है। इटली के विदेश मंत्री एंतोनियो ताजानी ने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से यह अभियान चलाया जा रहा था। ताजानी के मुताबिक क्षेत्र में फंसे इतालवी नागरिकों को निकालने के लिए गल्फ टास्क फोर्स के करीब 200 अधिकारी तैनात किए गए थे। विदेश मंत्री ने कहा कि यह टीम चौबीसों घंटे काम कर रही थी, ताकि अलग-अलग देशों में फंसे इतालवी नागरिकों को सहायता दी जा सके और उन्हें सुरक्षित इटली वापस लाया जा सके।

### एयर इंडिया 18 मार्च तक 9 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर चलाएगी 78 अतिरिक्त उड़ानें

पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले 9 मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। रविवार को जारी एक बयान में एअर इंडिया ने कहा कि वह अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त क्षमता तैनात करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी।

## कई पंपों पर खत्म हुआ पेट्रोल: दिखने लगा युद्ध का असर, नोएडा-ग्रेटर नोएडा-गाजियाबाद में नहीं मिला लोगों को तेल

**जन एक्सप्रेस। ग्रेटर नोएडा**

खाड़ी देशों में युद्ध का असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में दिखने लगा है। रविवार को कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं पहुंचा। जिस कारण कई जगह पेट्रोल खत्म हो गया। पंप संचालकों ने कंपनियों से संपर्क किया तो वहां से सोमवार तक ईंधन की गाड़ियां आने का दावा किया है। वहीं जिला आपूर्ति विभाग के अफसरों का कहना है कि ईंधन की कमी नहीं है, लेकिन ट्रांसपोर्ट की परेशानी आ सकती है। कंपनियों ने आपूर्ति सामान्य होने का आश्वासन दिया है।




ईरान और अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। इस कारण काफी देशों में पेट्रोल और डीजलों की कीमतों में वृद्धि की गई है। भारत में भी वृद्धि होने की आशंका है। इसके डर के कारण शनिवार को काफी पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लाइन लगी रही। लोगों ने कार का टैंक फुल करवाया है।

### जिले के कई पंपों पर पेट्रोल खत्म

एक पंट्रोल पंप के संचालक ने बताया कि लोगों की मारामारी के कारण देर रात की पेट्रोल खत्म हो गया। जिले में कई पंप पर पेट्रोल नहीं रहा। वहीं रविवार को पेट्रोल की गाड़ी नहीं आई। इस कारण पूरे दिन पंपों पर पेट्रोल की बिक्री नहीं हो सकी। वाहन चालकों को वापस भेजा गया।

### सोमवार को पेट्रोल आपूर्ति का आश्वासन

उन्होंने बताया कि गाजियाबाद में भी कुछ पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया है। पेट्रोलियम कंपनियों ने कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सोमवार तक पेट्रोल की आपूर्ति होने का आश्वासन दिया है। वहीं प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम का कहना है कि पेट्रोल की कीमत बढ़ने की आशंका से कंपनियों ने इनकार किया है। उनके पास ईंधन भी पर्याप्त मात्रा में है। केवल ट्रांसपोर्ट की दिक्कत आई है। उससे आपूर्ति बाधित नहीं होने का दावा किया है।

## 'ममता सरकार का आचरण लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ, लांघी सभी सीमाएं'

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ( डिप्टी सीएम) केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बंगाल की तृणमूल सरकार का निरंकुश और अराजक आचरण लोकतांत्रिक मर्यादाओं को लगातार तार-तार कर रहा है। घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली यह सरकार अब संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति खुले असम्मान का प्रतीक बन गई है। कौशांबी प्रवास के बाद प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे डिप्टी सीएम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम से दूरी बनाना और उनका सम्मान न करना बेहद निंदनीय है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा पहले प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों का अनादर और अब आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति का सार्वजनिक अपमान देश के सर्वोच्च पद और आदिवासी समाज की अस्मिता पर चोट है। ममता दीदी के नेतृत्व में टीएमसी सरकार ने लोकतंत्र की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है, लेकिन बंगाल सरकार का व्यवहार उनके असंवैधानिक मानस को दर्शाता है।

## उत्तराखंड बजट सत्र: गैरसैंण पहुंची सरकार, आज से बजट सत्र, पक्ष-विपक्ष के 600 से ज्यादा सवालों से गरमाएगा सदन



- भराड़ीसैंण में ही कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन संचालन के लिए एजेंडा तय किया जाएगा
- विधानसभा परिसर व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए
- प्रदेश सरकार 10 मार्च को बजट पेश कर सकती है

**जन एक्सप्रेस। गैरसैंण(चमोली)**

बजट सत्र के लिए प्रदेश सरकार आज ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण पहुंच गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण समेत सभी मंत्री, विधायक, अधिकारी दोपहर बाद भराड़ीसैंण पहुंचे। विधानसभा भवन में सत्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार पक्ष-विपक्ष विधायकों के 600 प्रश्न सदन में गरमाएंगे। इसके अलावा सरकार की ओर से कई विधेयक, अध्यादेश, विभागों की वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट सदन पटल पर रखा जाएगा। विधानसभा परिसर व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र की शुरूआत होगी। भराड़ीसैंण में ही कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन संचालन के लिए एजेंडा तय किया जाएगा। प्रदेश सरकार 10 मार्च को बजट पेश कर सकती है।

### पुख्ता हुई सुरक्षा व्यवस्था, अधिकारियों ने ली ब्रीफिंग

सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा बजट सत्र के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) ने ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया गया कि ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतते हुए किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और महानुभावों की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। विधानसभा गेट ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए कि आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों की गहन चेकिंग की जाए और केवल अधिकृत व्यक्तियों व पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान अपना व्यवहार संयमित एवं मर्यादित रखने, संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल अपने प्रभारी अधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

## कानूनी सुधार और न्यायिक अनुशासन से मजबूत हुई मध्यस्थता: सीजेआई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सीजेआई न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि पिछले एक दशक में देश में विधायी सुधार और न्यायिक अनुशासन ने मिलकर मध्यस्थता प्रणाली को मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि कानून में किए गए बदलाव और अदालतों के संतुलित रवैये से भारत में विवाद समाधान की प्रक्रिया अधिक भरोसेमंद बनी है। सीजेआई न्यायाधीश ने यह बात चंडीगढ़ में चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के उद्घाटन के दौरान कही। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि बीते दस वर्षों में मध्यस्थता और सुलह अधिनियम में कई अहम संशोधन किए गए हैं। इन बदलावों से समय सीमा को सख्त बनाया गया है और निष्पक्षता के मानकों को भी मजबूत किया गया है। इन सुधारों से यह स्पष्ट हुआ है कि अदालतें मध्यस्थता प्रक्रिया में केवल आवश्यक होने पर ही हस्तक्षेप करेंगी।

## असम में 10 मार्च को 40 लाख महिलाओं के खाते में आएंगे नौ हजार रुपये, महिला दिवस पर हिमंत सरकार का एलान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य की महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्रमुख योजना ओरुनोदोई योजना के तहत करीब 40 लाख लाभार्थी महिलाओं को अगले सप्ताह 9,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भुगतान चार महीने की सहायता राशि और अतिरिक्त अनुदान को मिलाकर किया जाएगा। यह राशि 10 मार्च को सुबह 10:30 बजे सीधे महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

### एक दिन में 3,600 करोड़ रुपये का ट्रांसफर

सीएम हिमंत के मुताबिक, इस योजना के तहत एक ही दिन में करीब 3,600 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में भेजे जाएंगे, जो किसी



सरकारी योजना के तहत एक दिन में होने वाला बड़ा ट्रांसफर माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओरुनोदई योजना राज्य सरकार की प्रमुख गरीबी उन्मूलन योजना है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,250 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार जनवरी से चार महीने की राशि के साथ बोहाग बिहू त्योहार के लिए अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। यह त्योहार असमिया नववर्ष के रूप में अप्रैल के मध्य में मनाया जाता है।

### महिला सशक्तिकरण पर सरकार का जोर

सोशल मीडिया पर अपने संदेश में सीएम सरमा ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना असम के विकास की कहानी का अहम हिस्सा है। वित्तीय सुरक्षा से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्यमिता तक कई योजनाओं के जरिए लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। सरकार के अनुसार राज्य में महिलाओं के लिए कई पहल की गई हैं। इनमें लाखों घरों तक नल से जल की सुविधा, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, लाखपति दीदी जैसी पहल और महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप को बढ़ावा देना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम की 'नारी शक्ति' राज्य के विकास और समृद्धि की मजबूत आधारशिला है और आने वाले समय में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए और कदम उठाए जाएंगे।

## पंजाब बजट: 2.60 लाख करोड़ का बजट पेश, महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने का एलान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मान सरकार ने रविवार को अपना बजट 2026-27 पेश किया। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने बजट भाषण के दौरान मावां-धीयां सत्कार योजना का एलान किया। इस योजना के तहत पंजाब की 97 प्रतिशत महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये की राशि मिलेगी। खास बात यह है कि सरकार ने अनुसूचित जाति समुदाय की महिलाओं को 500 रुपये अधिक देने का एलान किया है। यानि एससी वर्ग कि महिलाओं को 1500 रुपये मिलेंगे। पंजाब सरकार की मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत 18 वर्ष से



अधिक आयु की प्रत्येक महिला इस योजना के तहत पंजीकरण के लिए पात्र होंगी। यहां तक कि मौजूदा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन या विधवा/निराश्रित महिला पेंशन या विकलांगता पेंशन योजना के तहत पंजीकृत महिलाएं भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। वहीं मौजूदा या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, मौजूदा और पूर्व सांसद/विधायक और आयकर दाता इस योजना में शामिल नहीं होंगी। कुल मिलाकर, पंजाब की लगभग 97% वयस्क महिलाएं इस योजना के तहत पात्र होंगी। इसके लिए 9300 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है।

### महिलाओं के लिए मुफ्त बस सफर, 600 करोड़ रुपये का बजट

इसके अलावा पंजाब में महिलाओं के लिए मुफ्त बस सफर जारी रहेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि पंजाब रोडवेज, पीआरटीसी और पनबस के बेड़े में 1,279 नई बसें शामिल की जाएंगी। महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा योजना के अलावा, सरकार राज्य में सार्वजनिक परिवहन की पहुंच को और बढ़ाने पर भी विचार कर रही है। विशेष रूप से अविकसित क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर। वर्तमान में 2,267 बसें परिचालन में हैं और सरकार खरीद और पट्टे के सुमेल के माध्यम से मौजूदा बेड़े में 1,279 नई बसें जोड़ेगी। कुछ नई बसें पहले से ही चालू हैं और शेष नवंबर 2026 तक चालू हो जाएंगी। महिलाओं के मुफ्त बस सफर योजना के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### तीर्थयात्रा के लिए 312 करोड़ रुपये का प्रावधान

सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की है। इसके तहत श्री अमृतसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब के प्रमुख धार्मिक स्थलों की मुफ्त तीर्थयात्रा प्रदान की जाएगी। लगभग 7.15 लाख नागरिकों की तीर्थयात्रा की सुविधा के लिए 312 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सरकार ने श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

## भारत-यूएस व्यापार समझौते पर 3-4 माह में लग सकती है मुहर, कोर्ट के झटके के बावजूद जारी रहेगी डील

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका व्यापार समझौता अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के बड़े कानूनी झटके के बावजूद पटरी पर बना हुआ है। भारत इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के पक्ष में है। भारत की रणनीति साफ है कि अनिश्चितता की स्थिति में रहने से बेहतर है कि समझौते से एक ठोस रक्षा कवच तैयार कर लिया जाए, क्योंकि ट्रंप प्रशासन के पास टैरिफ थोपने के कई अन्य 'कानूनी हथियार' मौजूद हैं। भारत का मानना है कि ट्रंप सरकार के जाने या किसी भविष्य की 'नरम' सरकार का इंतजार करना आत्मघाती हो सकता है। मोदी सरकार के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद मार्च की नियत तारीख या महीना भले ही पीछे छूट गया हो, लेकिन बातचीत जारी है। अब अगले तीन से चार माह में नई कानूनी परिस्थितियों के हिसाब से शर्तों को फिर से तराशा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि भारत अब ट्रंप सरकार के जाने या किसी भविष्य की नरम सरकार का इंतजार नहीं करना चाहता।

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण को लेकर 'गांव-गांव,पांव-पांव'यात्रा

जन एक्सप्रेस । बांदा



बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाने के संकल्प के साथ बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में निकाली जा रही 'गांव-गांव, पांव-पांव' पदयात्रा को जनपद में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।क्षेत्र के युवाओं को उनके घर के पास ही रोजगार उपलब्ध कराने।पलायन रोकने और बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए स्वायत्त राज्य की मांग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह पदयात्रा आयोजित की जा रही है।पदयात्रा का नेतृत्व फिल्म अभिनेता एवं बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के प्रमुख चेहरा राजा बुंदेला तथा डॉ. आश्रय सिंह कर रहे हैं।जनपद के सभी आठ ब्लॉकों में इस अभियान को गति देने के लिए जयराम सिंह 'बछेउरा' सह-नेतृत्वकर्ता के रूप में सक्रिय हैं,जबकि नीरज निगम यात्रा प्रबंधक के रूप में अपनी टीम के साथ पदयात्रा की व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।यात्रा के तीसरे दिन बबेरू के ऐतिहासिक रामलीला परिसर से पदयात्रा आगे बढ़ी।जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और युवाओं ने भाग लिया।इस अवसर पर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के भविष्य के लिए अब हर गांव और हर घर तक राज्य निर्माण की आवाज पहुंचानी होगी।उन्होंने कहा कि यदि बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलता है तो यहां के प्राकृतिक संसाधनों और रोजगार के अवसरों का लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा।पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश एवं सांसद प्रतिनिधि शिव शंकर पटेल ने कहा कि बुंदेलखंड की सबसे बड़ी समस्या आपसी बिखराव रही है।यदि सभी लोग एकजुट होकर संघर्ष करें तो अलग बुंदेलखंड राज्य का सपना अवश्य साकार होगा।पूर्व चेयरमैन विजय पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड की माटी और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को एक मंच पर आकर राज्य निर्माण की मांग को मजबूत करना होगा।जनसभा को संबोधित करते हुए राजा बुंदेला ने जोश भरते हुए नारा दिया÷बुंदेलखंड की धरती हो, बुंदेलखंड में भर्ती हो।÷उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने से विकास की गति तेज होगी और युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में भटकना नहीं पड़ेगा।पदयात्रा की रूपरेखा बताते हुए जयराम सिंह 'बछेउरा' ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य हर गांव में जाकर लोगों से संवाद करना और उन्हें बुंदेलखंड राज्य आंदोलन से जोड़ना है।यात्रा प्रबंधक नीरज निगम ने बताया कि विभिन्न गांवों से गुजरती हुई यह पदयात्रा 15 मार्च को जनपद के शहर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में पहुंचेगी।जहां एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी और बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए निर्णायक हुंकार भरी जाएगी।पदयात्रा को मिल रहा अपार जनसमर्थन यह संकेत दे रहा है।कि अब बुंदेलखंड की जनता अपने अधिकार,सम्मान और पहचान के लिए एकजुट होकर आंदोलन को नई दिशा देने के लिए तैयार है।यह पदयात्रा जनपद के आठों ब्लॉकों से विभिन्न गांवों से गुजरते हुए 15 मार्च को शहर के रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा के रूप में परिवर्तित होगी।आप सभी जनपदवासियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या पहुंचे।

# नगर पालिका ने नगर में कराये गये नाले के निर्माण के दौरान मनमानी तरीके से तोडे घरों के चबूतरे और सीढिया

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



नगर पालिका ने मुख्यालय के किंगरोड में कराये गये नाले के निर्माण के दौरान लोगों के चबूतरों और सीढियों में मानकों की अनदेखी करते हुये की तोड़ फोड। जबकि हैरत की बात तो ये है कि नाले के निर्माण के दौरान ठेकेदार की मनमानी और तानाशाही साफ तौर पर देखने को मिली, वही हैरान करने वाली बात ये है कि,नाले के निर्माण के दौरान किसी जिम्मेदार अधिकारी को मौके पर आकर निर्माणाधीन नाले के मानकों को देखने की फुर्सत नहीं मिली। जबकि मुख्यमार्ग से नाले की खुदाई की दूरी का क्या मानक तय किया गया है? ये बात भी मौके पर नहीं दिखाई दे रही है। वहीं नाले के निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा नगरवासियो के नियम विरुद्ध तरीके से तोडे गये चबूतरे और सीढियों को ठीक कराने का आश्वासन देने के बावजूद अब तक ठीक नहीं कराया गया, जिस्से नगर वासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। जबकि मौके पर साफ दिखाई दे रहा है कि मुख्यमार्ग से नाले की दूरी का ठेकेदार ने कोई मानक तय नहीं किया है, जिसके चलते मुख्यमार्ग से निर्माणाधीन नाले की दूरी हर जगह अलग-अलग होने के साथ ही साफ तौर पर मानक विहीन नजर आ रही है। जबकि नियम के मुताबिक टैंडर में मुख्य मार्ग से नाले की खुदाई की दूरी का एक निश्चित मानक तय किया गया होगा। वही एसा लगता है कि नाले की खुदाई के दौरान ठेकेदार ने एक निश्चित मानक न अपनाने के बजाय अपनी मनमर्जी के तहत काम किया है, जिसके चलते नगरवासियो के चबूतरे और सीढियों को नियम विरुद्ध तरीके से सिर्फ परेशान करने के इरादे से तोडा गया है, जबकि कुछ चबूतरे और सीढियों में सिर्फ औपचारिकता निभाई गई है। एसा लगता है कि नाले के निर्माण दौरान नगर वासियो के चबूतरे और सीढियों को किसी मानक के तहत नहीं,बल्कि ठेकेदार की अपनी मनमर्जी के मुताबिक तोडा गया है। जो नियम विरुद्ध होने के साथ ही ठेकेदार की मनमानी का जीता जागता सुबूत है। नगर वासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पालिका की तरफ से नगर में निर्माण कराये गये नाले की मुख्य मार्ग से तय की गई दूरी के मानकों की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग के साथ ही नगर वासियो के नियम विरुद्ध तोडे गये चबूतरे और सीढियों की मरम्मत कराये जान की भी मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आजीविका प्रशिक्षण के साथ किया गया महिलाओं को उत्साहित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मझगवां दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन की मझगवां विकास खंड की 85 महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर डॉ. सतीस कुमार एस ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्षा रेणुका जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतना शैलेन्द्र सिंह, एस.डी.एम. मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पांडेय, निरंजन जायसवाल एवं कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, नाना एवं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. हेमराज द्विवेदी ने बताया कि संस्थान द्वारा उद्यमिता और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा मे बहुत सारे प्रशिक्षण दिए जाते हैं, जिसमें फल व सब्जी प्रसंस्करण, मसाला प्रसंस्करण, दाल, आटा, अगरबत्ती, निरमा, बांस आदि से चलने वाले प्रशिक्षणों के बारे मे बताया गया, साथ ही कृषि एवं उद्यमिता के क्षेत्र मे काम कर रही सफल महिलाओं की सफलता की कहानी के बारे मे बताया। केवीके प्रभारी डॉ. नवीन शर्मा ने मशरूम उत्तपादन एवं उसके बीज के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही एन.आर.एल.एम की महिलाओ के क्षमता संवर्धन विषय को लेकर प्रशिक्षण कराने के बारे मे जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले मे तैयार उत्पादों के आउटलेट हेतु आवश्यक जगह उपबद्ध कराई जाएगी एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे कृषि विज्ञान केंद्र एवं संस्थान के साथ मिलकर काम किया जाएगा, जिससे स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा मे काम किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल ने बताया कि आज महिलाएं कृषि, आजीविका, शिक्षा, सेना, रिसर्च आदि सभी क्षेत्रों में आगे हैं। महिलायें किसी भी कार्य मे पीछे नहीं है और समूह की महिलाओं को कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण लेकर ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के आधार पर स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं। कार्यक्रम के बीच मे मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में सीमा सतनामी ने अपना अनुभव बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण लेकर मशरूम उत्पादन का कार्य कर रही हैं और लाभ भी अर्जित कर रही हैं।

# टेट अनिवार्यता को समाप्त कराने के लिए करेंगें चरणबद्ध आंदोलन: कमलेश पांडेय

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की टेट अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए रविवार को 2 बजे प्रस्तावित चरणबद्ध आंदोलन के लिए सभी संगठनों की बैठक तुलसी पार्क में की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक कमलेश पांडेय व संचालन हर्ष त्रिपाठी जिला अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल संघ ने किया। बैठक में सर्वसम्मत में निर्णय लिया गया कि जिस तरह से प्रदेश में महासंघ बनाया गया है। हमारे जनपद में भी प्रदेश में सम्मिलित सभी संगठनों के साथ महासंघ बनाया जाए और महासंघ में जिला अध्यक्षों को संयोजक, जिला महामंत्री को सहसंयोजक बनाया जाए। इस बैठक को संबोधित करते हुए कमलेश पांडेय ने कहा कि आज जिस तरह से सरकार शिक्षक कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रही है, उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे महासंघ की प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई है। सभी शिक्षक कर्मचारी मिलकर संघर्ष करेंगे और जीतेंगे। जिलाध्यक्ष हर्ष त्रिपाठी ने कहा यह कार्यक्रम तीन चरणों में जनपद में किया जाएगा। पहले चरण में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता, प्रदेश के विपक्ष के नेता को ईमेल व पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी समस्या रख निदान की मांग रखी जाएगी। दूसरे चरण में 13 अप्रैल को जिला मुख्यालयों में मसाल जुलूस निकाला जाएगा। तीसरे चरण में 3 मई को इको गार्डन से विधानसभा मार्च किया जाएगा। अगर तब भी शिक्षकों को राहत नहीं मिली तो मानसून सत्र में संसद का घेराव किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. संग्राम सिंह ने कहा शिक्षक कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेगा चुप नहीं बैठेगा, संघर्ष करेगा। अटेवा के राजेश यादव ने कहा यह लड़ाई हम सभी शिक्षकों की है सरकार ने जिस तरह से नए-नए कानून लाकर शिक्षकों को परेशान किया है। हम लोग इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के बृजेंद्रकांत मिश्रा ने कहा यह लड़ाई शिक्षकों की मान सम्मान की है हम लोग पीछे नहीं हटेंगे सभी को एकजुट कर संघर्ष करेंगे।

# कैंडल मार्च के साथ बाल विवाह मुक्त अभियान का हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । बांदा

रविवार को ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी के रूप में संस्था द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान का समापन रविवार को किया गया अभियान के अंतिम दिन कैंडल मार्च निकाल कर बदौसा क्षेत्र के उदयपुर,भूसासी व अन्य पंचायतो में स्थानीय महिलाओं एवं किशोरीओ सहित स्थानीय ग्रामीणों ने गांव की गलियों में कैंडल मार्च निकाल कर यह संदेश दिया कि अब अंधेरे की कुरीतियों को शिक्षा की रोशनी से दूर किया जाएगा।इस दौरान कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं,बच्चे और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए बाल विवाह बंद करो,बेटियों को पढ़ने दो और सुनो समाज की पुकार,बाल विवाह है अपराध,जेल की हवा खाओगे यदि बाल विवाह कराओगे। जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।जलती हुई मोमबत्तियां इस बात का प्रतीक थी कि ग्रामीण अब अपनी बेटियों के भविष्य को लेकर जागरूक हो चुका है।अभियान के दौरान पिछले तीन महीनो में गांव-गांव जाकर चौपाल,रैली,गोष्ठी व पम्प लेट पोस्टर व बाल विवाह मुक्ति रथ के जरिए कानूनी और स्वास्थ्य संबंधित खतरों के बारे में बताया गया इस अवसर पर ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान जनपद के विनोद कुमार ने बताया कि यह केवल 100 दोनों का अभियान नहीं था।बल्कि एक नई सोच की शुरुआत थी बाल विवाह न केवल एक कानूनी अपराध है बल्कि यह है।

# ग्राम समूह पेयजल योजना में जल के महत्व और पवित्रता का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस । मानिकुपर, चित्रकूट

विकासखण्ड अंतर्गत रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत ग्राम पंचायत मदना में रविवार को जल महोत्सव एवं जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण, जल स्रोतों के सुदृढ़ीकरण और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत जल वंदना के साथ हुई, जिसमें जल के महत्व और उसकी पवित्रता का संदेश दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों की सहभागिता से जल पदयात्रा व प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान जल संरक्षण से जुड़े संदेशों के साथ लोगों को पानी बचाने और जल स्रोतों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद गांव में स्थित हैंडपंप, पाइपलाइन और जल टंकी के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों ने मिलकर जल स्रोतों की साफ-सफाई की और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित जागरूकता बैठक में ग्रामीणों को जल गुणवत्ता संरक्षण, जल प्रदूषण की रोकथाम तथा सुरक्षित पेयजल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति की महिला सदस्यों और ग्रामीण महिलाओं ने जल प्रबंधन व जल शासन में महिलाओं की भूमिका पर भी चर्चा की। साथ ही भूजल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और ग्रे वॉटर प्रबंधन के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। स्थानीय जल स्रोतों जैसे तालाब और कुओं के संरक्षण एवं पुनर्जीवन पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला लाभार्थियों को दिये गये प्रमाण पत्र?

जन एक्सप्रेस । बांदा



रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इस जनपद स्तरीय कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा मालती बासु, भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा के अध्यक्ष वंदना गुप्ता,अंजू दमेले,निदेशक,श्रेया आकर्ष इन्स्टीट्यूट,जिलाधिकारी जे0 रीभा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय,उप निदेशक/उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) राजबहादुर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह और अन्य अधिकारीगण तथा महिला कार्मिकों और विभिन्न विभागों के महिला लाभार्थी भी मौजूद थे।इस कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में राज्य स्तर पर संपन्न कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। महर्षि बामदेव कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न इस कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली सदस्यों,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और महिला कार्मिकों को सम्मानित किया गया।जिन बच्चों के माता-पिता की कोविड् महामारी के कारण मृत्यु हो गई थी उन बच्चों की परवरिश और शिक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी बच्चों में से कक्षा 9 और 12 के मध्य अध्ययनरत 03 बालिकाओं को लैपटॉप वितरित किया गया। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की महिला लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। वंदना गुप्ता ने महिला शक्ति को पहचान और समाज में उनको आगे बढ़ाने और बराबरी का अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने महिलाओं और बालिकाओं को पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तरक्की करने और अपना भविष्य उज्जवल करने के लिए प्रेरित किया।मुख्य विकास अधिकारी ने भी उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से महिलाओं और बच्चियों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# टखनों, पैर व पेट की मांसपेशियों की मजबूती के लिए लाभकारी है वीरभद्रासन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



कर्वी स्थित कुबेरगंज में रविवार को योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने वीरभद्रासन का अभ्यास कराते हुए बताया कि शारीरिक मजबूती, संतुलन, घुटनों, टखनों, पेट और कंधों को मजबूती देने वाला योग वीरभद्रासन है। पीठ के निचले हिस्से व कंधों का तनाव कम करता है। यदि कूल्हों को खोलना है, शरीर में लचीलापन लाना है तथा मन और शरीर में संतुलन एवं एकाग्रता बढ़ाकर रीढ़ को संरेखित करना है तो यह आसन आवश्यक है। पेट की मांसपेशियों में दबाव पड़ने से यह पाचन को बेहतर बनाता है। कंधों व गर्दन की थकान को दूर करता है। इसे करने के लिए साम्यावस्था से इस आसन को प्रारंभ में दीवार या ब्लॉक के सहारे करना चाहिए इसे टी पोज भी कहते हैं। शरीर का वजन दाहिने पैर पर डालते हुए सांस छोड़ते हुए आगे झुकते हैं और बाएं पैर को पीछे की ओर उठाते हैं, दोनों हाथों को आगे की ओर सीधा फैलाते हैं। धड़ और पीछे का पैर फर्श के समांतर लाते हैं, जिससे सर से लेकर पीछे की एड़ी तक एक सीधी रेखा बने, 5 से 10 सांसों तक इस स्थिति में रुकते हैं फिर धीरे-धीरे साम्यावस्था में वापस आते हैं। यह क्रिया दूसरी तरफ से भी दोहराते हैं सावधानी के तौर पर हाई ब्लड प्रेशर, टखना, पीठ में गंभीर दर्द की दशा में इस आसन से बचें या विशेषज्ञ की सलाह लें। संतुलन के लिए जमीन पर किसी बिंदु पर टकटकी लगाएं खड़े पैर के घुटने को थोड़ा मुड़ा हुआ रखने से करने में आसानी होगी।

# सौहाद्र का केंद्र बना कांग्रेस जिलाध्यक्ष का होली मिलन



जन एक्सप्रेस । बांदा

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के निज निवास सेंट मैरी स्कूल के निकट रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें जनपद के सभी धर्मों के लोग प्रमुख पार्टियों के पदाधिकारी,प्रबुद्ध जन शामिल हुए जिनका स्वागत कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अबीर गुलाल लगाकर व फूलों की बारिश कर किया गया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि होली का पर्व प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है, दुश्मन भी एक दूसरे को गले लगाकर बैर भाव भुलाकर गले लगते हैं।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री आदिशक्ति दीक्षित द्वारा महिला मंडल का स्वागत करते हुए फूलों की होली खेली गई।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनपद में सदैव से गंगा जमुनी तहजीब का बोलबाला रहा है।सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के त्यौहारों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।कांग्रेस पार्टी ने सदैव सभी धर्मों का सम्मान किया है।इसीलिए होली मिलन समारोह में सभी धर्मों के लोग शामिल हुए।उन्होंने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर एआईसीसी रमेश चन्द्र कोरी,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान,राष्ट्रीय महासचिव युवजन सभा ओम नारायण त्रिपाठी विदित,सपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह पटेल,मुमताज अली,भाजपा नेता राजेश दुबे,धर्मेन्द्र त्रिपाठी,अमित सेठ भोलू,दिनेश दीक्षित,चन्दन सिंह, शिवचरन शुक्ला, जयराम सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी,डॉ संजय द्विवेदी दनादन,सूरज बाजपेई,महेंद्र वर्मा एडवोकेट,द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला,जिला कांग्रेस महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट,शोएब रिजवी,जितेन्द्र गौरव,जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा,अम्बिका प्रसाद खेंगर,कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी,जगत प्रसाद त्रिपाठी, पत्रकार सुमन मिश्रा,धीरेन्द्र पांडेय धीरू,अभिषेक मिश्रा,राजभवन उपाध्याय,महिमा शुक्ला,डा उर्मिला सिंह,शगुफ्ता सिद्दीकी,प्रमोद गुप्ता राजा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री आवास को लेकर 20वें दिन भी जारी रहा अनशन

**जन एक्सप्रेस/बांदा** ग्राम पंचायत पल्हरी मे पात्र व्यक्तियो को प्रधानमंत्री आवास का सर्वे न करने से नाराज ग्रामीणों ने तहसील प्रांगण मे क्रमिक अनशन 20 वे दिन भी जारी रहा कहा कि तीन दिन मे अंदर समस्या का समाधान नही होता तो ।आमरण अनशन शुरू कर देंगे ।ग्राम पंचायत पल्हरी गांव के ग्रामीण बसन्त लाल के नेतृत्व मे आधा सैकडा ग्रामीणों ने तहसील प्रांगण मे 20 वे दिन भी क्रमिक अनशन ग्रामीण बैठे रहे प्रधानमंत्री आवास में सर्व नहीं किया गया उनका तत्काल सर्वे व सत्यापन किया जाए जिन अपात्र व्यक्तियो का सर्वे व सत्यापन किया गया है उनकी जांच कराकर आवास सूची से नाम हटाए जाएं प्रधानमंत्री आवास में अपात्र लोगों का सर्वे व सत्यापन करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए हमारी समस्या का समाधान नही किया जाता तब तक अनशन जारी रहेगा ।इस दौरान रामचन्द्र,रामबाबू,जगदीश मुहम्मद रमकलिया,अवधेश,बच्चा प्रसाद सहित आधा सैकडा ग्रामीण मौजूद रहे।

# व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं घरों से वसूला जाएगा यूजर चार्ज- डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

रविवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अरुण कुमार की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी लाल जी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत सफाई व्यवस्था एवं राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडये तथा समस्त सफाई नायकों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं घरों से स्वच्छता के अंतर्गत यूजर चार्ज की वसूली सुनिश्चित की जाए। साथ ही यूजर चार्ज को टैक्स के साथ बोर्ड में पारित कराते हुए अप्रैल माह से लागू कराने के निर्देश दिए गए।

सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि उनके क्षेत्र में वर्तमान में 313 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि मानक के अनुरूप 60 कर्मचारियों की कमी पाई गई है। इस पर प्रभारी अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही 60 कर्मचारियों की भर्ती कराते हुए इस गैप को पूर्ण किया जाए, जिससे नगर की साफ-सफाई व्यवस्था और बेहतर बनाई जा सके।

प्रभारी अधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि नगर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अथवा व्यवसायिक प्रतिष्ठान के सामने कूड़ा फेंकते हुए या कूड़े का ढेर लगाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध जुर्माना एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं के अधिकारों सशक्तिकरण और सम्मान का बढावा देने के लिए मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित एवं कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट एवं कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन पाने के लिए देना थीम के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी जय श्रीजोग, लेफ्टिनेंट रीना मालवीय, डॉ. अंजली यादव, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। अनिल कुमार सिंह निदेशक जन शिक्षण संस्थान ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और सम्मान को बढ़ावा देने, साथ ही भेदभाव को समाप्त करने की याद दिलाता है।



रीना मालवीय ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि महिला किसी पेशे में हों या फिर गृहिणी ही क्यों न हों, समानता का अधिकार उन्हें भी उतना ही है, जितना की पुरुषों का है। आधी आबादी के तौर पर महिलाएं हमारे समाजिक जीवन का एक मजबूत आधार है। उन्होंने महिलाओं को समझाते हुए कहा कि, पढ़ो लिखो और सूर्य बनो। हमारे अंदर इतना तेज हो कि कोई हमसे नजरें भी मिलाए तो उसकी आंखें चकाचैंध हो जाए। हमारे अंदर इतना साहस हो, हम स्वावलंबी बनें, हम शक्ति की प्रतीक हैं। महिलाओं को नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का संवर्धन करने के साथ-साथ, संस्कारवान, समर्पण प्रेम का समावेश कर अपने नारायणी स्वरूप को प्रस्तुत करना होगा।

डॉ. अंजली यादव ने कहा कि पोषण, सुरक्षा, प्यार, शिक्षा, स्वावलंबन एवं आत्मसम्मान सभी का अधिकार है। समाज के सभी लोगों के सकारात्मक सोंच एवं उनके प्रेरक प्रयासों से ही नारी सम्मान और गौरव को बढ़ाया जा सकता है। एक बालक को पढ़ाओगे तो एक ही व्यक्ति शिक्षित होगा लेकिन बालिका को पढ़ाओगे तो पूरा परिवार शिक्षित होगा। आप सभी अपने जीवन मे कौशल दक्षता को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। जय श्रीजोग ने कहा कि जीवन की कला को अपने हाँथों से साकार कर नारी ने सभ्यता और संस्कृति का रूप निखारा है, नारी का अस्तित्व ही सुंदर जीवन का आधार है। आप सभी को धैर्य, अनुशासन एवं एकाग्रता इन तीनों गुणों का समावेश करके स्वयं आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बन परिवार को सशक्त एवं सम्प्रद्ध बनाना है।

कार्यक्रम का संचालन बनारसीलाल पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जन्मेजय सिंह द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रभाकर मिश्रा, अजय पांडेय, सुघर सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक कमलाशंकर शुक्ल, रोहित मिश्रा सहित लगभग 170 महिलाओं ने सहभागिता की।

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive
लखनऊ, सोमवार, 09 मार्च, 2026




**'महिलाओं में दम, हम नहीं हैं किसी से कम'...**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और अगर उन्हें सही अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल... पढ़ें पेज 12 पर...

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को धरती पर जगह नहीं मिलेगी: सीएम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार महाकुंभ 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों में खूब आत्मविश्वास होता है। उन्हें समान अवसर मिलने चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सुरक्षा मिले। प्रदेश में अब कानून का राज है। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को धरती पर जगह नहीं मिलेगी। अगर किसी शोहदे ने बेटियों से अभद्रता की तो चौराहे पर यमराज के दूत उसका टिकट काटने के लिए बैठे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना से प्रदेश की करीब 27 लाख बेटियां लाभांवित हो रही हैं। अब बेटियां किसी पर बोझ नहीं हैं। बेटी पैदा होती है और उसका नाम रजिस्टर में चढ़ता है तो उसके अकाउंट में पैसे आ जाते हैं। बेटियां किसी पर अब निर्भर नहीं रहेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में नारी शक्ति का सम्मान किया। महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में न सिर्फ आधी आबादी का सम्मान किया गया, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसर भी मिले। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र व आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि का डीबीटी अंतरण भी किया। उन्होंने इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से संवाद भी स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेटियों को विकास के समान अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। 1947 से 2017 तक उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या करीब 10 हजार थी जो कि अब 44 हजार से ज्यादा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों में अब खूब आत्मविश्वास है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को पढ़ाने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीमा प्रीमियम व साड़ी/वर्दी के लिए 38.49 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए। इसमें साड़ी-वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम की 8.90 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित की गई। सीएम योगी ने नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी, मनोरमा मिश्रा को साड़ी और सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) व रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान कीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता व शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों से बातचीत की, उन पर अपना स्नेह बरसाया और उन्हें उपहार भी दिए।

### इन महिलाओं को मिला नारी शक्ति अवार्ड

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैलवी शारदा, कीर्ति करमचंदानी, आनंदी अग्रवाल व गीतांजलि को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया।

### 5 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयुष्मान कार्ड

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सरोजिनी नगर की गुड़िया सिंह, प्रियंका सिंह, सुधा अवस्थी, उमा सिंह व लीलावती को मंच पर आयुष्मान कार्ड प्रदान किए।

### 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली बच्चियां सम्मानित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय गृहों व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दुर्गा यादव (वाराणसी, हाईस्कूल में 85 फीसदी से अधिक अंक), मोहिनी पाल (लखनऊ, इंटरमीडिएट में 82 फीसदी अंक), स्नेहा यादव (हाईस्कूल में 95 फीसदी), श्रेया अवस्थी (हाईस्कूल में 89 फीसदी), अन्वी शुक्ला (हाईस्कूल में 86 फीसदी), कृतिका शर्मा (इंटरमीडिएट में 95 फीसदी) व प्रांशी (इंटरमीडिएट में 88 फीसदी) को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीएम ने सभी बच्चियों को सम्मानित भी किया।

### 20 महिलाओं को नियुक्ति पत्र

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग द्वारा सेवायोजित अपूर्वा, अमृता, शिवानी पांडेय, क्रुतुर एन, अमृता वाजपेयी, खुशी कांकर, साक्षी सिंह, अपूर्वा तिवारी, संगीता कुशवाहा व शिवांगी को नियुक्त पत्र सौंपे। इसके अलावा सीएम ने 10 नवचयनित मुख्य सेविकाओं कामिनी मौर्य, सुनयना कुमारी, अंजुम फातिमा, रीता वर्मा, स्मृति कपूर, गुंजा गुप्ता, बबिता वर्मा, रूबी मौर्या, श्रद्धा तिवारी व सुमित्रा को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित महिलाओं को बधाई दी।

### सीएम योगी ने तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया

सीएम योगी ने इस मौके पर आईसीडीएस के 50 वर्ष पूरे होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित पुस्तक 'आत्ममंथन' का विमोचन किया। उन्होंने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत मुख्य सेविकाओं की क्षमतावृद्धि के लिए विकसित पुस्तिका 'सारथी' तथा श्रम विभाग के सौजन्य से उदिता फाउंडेशन की 'नवदिशा' पुस्तिका का भी विमोचन किया।

### सीएम योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया संवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वाराणसी मंडल की महिलाओं से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सफलता की कहानी सुनी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। संवाद के दौरान वाराणसी से सीता देवी, गाजीपुर से प्रमिला देवी, चंदौली से सोनी कुमारी व जौनपुर से दुर्गा मौर्या ने सरकार के सहयोग और अपनी मेहनत के बलबूते जीवन में आए बदलाव की कहानी मुख्यमंत्री के साथ साझा की।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली कर्मियों का सम्मान

सीएम योगी ने सराहनीय कार्य करने वाली महिलाकर्मियों का भी सम्मान किया। उन्होंने महिला कल्याण विभाग की छाया बड़वल (बरेली) व उमैरा मेराज (लखनऊ) और महिला सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस निरीक्षक नीलम राणा, मुख्य आरक्षी वेदवती व शिमला सिंह को सम्मानित किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बाल विवाह की रोकथाम तथा 181 महिला हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुमारी नैंसी (फतेहपुर), पायल (बागपत) और लखनऊ की स्नेहलता व दीप्ति को भी सम्मानित किया। सीएम योगी ने सभी को प्रशस्ति पत्र के साथ बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# 'सीएम युवा योजना' के सहारे प्रभनूर ने खड़ा किया कारोबार, दूसरों को दिया रोजगार, महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणा



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' महिलाओं को केवल स्वरोजगार ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'मुख्यमंत्री युवा' योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत, कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने सपने को सच करते हुए न सिर्फ बेकरी व्यवसाय को बढ़ाया बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का काम किया।

### अन्य जनपदों से भी मिल रहे ऑर्डर

प्रभनूर कौर ने बताया कि पहले मैं अपने रिश्तेदारों और फ्रेंड्स के लिए केक बनाती थी। जिसके बाद बेकरी वर्कशॉप अटेंड करने दिल्ली और बेंगलुरु गई। वहां जाकर मुझे महसूस हुआ कि इस काम को मैं बड़े स्तर पर ले जा सकती हूं। एक दिन मोबाइल चलाते हुए मुझे 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के बारे में पता चला। इसके बाद जिला उद्योग केंद्र कानपुर जाकर इस योजना की पूरी जानकारी ली। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ?4.25 लाख का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त कर अपने बेकरी व्यवसाय को बढ़ाया। इस आर्थिक सहायता से उन्होंने आधुनिक मशीनें और ओवन खरीदे। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल 2025 बैसाखी के दिन 'स्वीट स्कल्प बाय कौर्स' बेकरी को एक नई पहचान मिली, आज इनके आर्डर गोंडा और लखनऊ से भी आ रहे हैं। कस्टमाइज्ड केक बनाकर आत्मनिर्भर बन रहीं प्रभनूर कौर अब दूसरों को रोजगार दे रहीं हैं। उनका बेकरी स्टूडियो महिला सशक्तीकरण का उदाहरण पेश कर रहा है। प्रभनूर की कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा और समर्थन से महिलाएं अपने सपनों को पूरा कर सकतीं हैं।

### महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

इस योजना के अंतर्गत 21 से 40 वर्ष के युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त और बैंक गारंटी के बिना ऋण उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश की महिलाएं इस योजना का लाभ लेकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के माध्यम से वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहीं हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आधिकारिक स्र्स्स्ष्ठ पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने जिले के जिला उद्योग केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। आधिकारिक ष्टरू-ङ्घ्ड्ढ पोर्टल पर भी जा सकते हैं।

### प्रभनूर कौर से प्रेरणा ले रहीं अन्य महिलाएं

प्रभनूर कौर की सफलता की कहानी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी कहानी दिखाती है कि कैसे महिलाएं अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। प्रभनूर का बेकरी स्टूडियो न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर रहा है।

# राज्य सरकार ने दी कृषि विकास हेतु 101.18 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं बीज स्वावलंबन नीति को मिली नई गति–शाही
- प्रदेश के किसानों के कल्याण और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर सरकार का विशेष बल

उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि और किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं के लिए 101.18 करोड़ रूपये की भारी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इससे कृषि और किसानों के कल्याण में भारी मदद मिलेगी।

इस धनराशि के माध्यम से प्रदेश में बीज स्वावलंबन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और तिलहन उत्पादन जैसे क्षेत्रों में नई परियोजनाओं को गति मिलेगी।सरकार द्वारा जारी स्वीकृतियों के के अनुसार सबसे बड़ी धनराशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना डीपीआर के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु सामान्य श्रेणी के लिए 66.19 करोड़ के रूप में स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के ही अंतर्गत 25.65 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।प्रदेश की बीज आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश बीज स्वावलंबन नीति 2024 के तहत 'सीड पार्क विकास परियोजना' हेतु 6.14 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। इसके साथ ही तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल सीड' योजना के अंतर्गत 2.35 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।अन्य स्वीकृतियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न कृषि कार्यों के लिए 71 लाख रुपये तथा 'स्टेट लिंक्ड स्कीम मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम' के अंतर्गत 13.17 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

# गोसाईगंज के हुसैनाबाद दुल्हापुर गांव से हुई जल महोत्सव की शुरूआत

- गांवों के 100 प्रतिशत घरों में नल से जल सप्लाई करने वाले गांवों में होगा जल महोत्सव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ के गोसाईगंज स्थित हुसैनाबाद दुल्हापुर ग्राम पंचायत से रविवार को जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मोहनलालगंज विधानसभा के विधायक अमरेश कुमार ने ग्राम प्रधान हरिनाम को जल कलश सौंपकर जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की। हुसैनाबाद दूल्हापुर ग्राम पंचायत के 760 घरों में नल से जल की सप्लाई की जा रही है। गौरतलब है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन प्रदेश के 100 प्रतिशत पाइप्ड वॉटर सप्लाई वाले गांवों में जल महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसके तहत ग्राम पंचायत में जलापूर्ति की पूरी जिम्मेदारी ग्रामवासियों को सौंपी जा रही है। ये कार्यक्रम 8 मार्च से 22 मार्च तक प्रदेश के 22,000 से अधिक गांवों में चलाया जाएगा। विधायक अमरेश कुमार ने कहा कि सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि पानी हर जरूरतमंद के पास पहुंचे और पानी को बर्बाद न किया जाए, ये हर ग्रामवासी की जिम्मेदारी होनी चाहिए। सरकार ने नल से हर घर तक जल पहुंचा दिया है, अब इसके संरक्षण की जिम्मेदारी आपकी है। पानी की एक बूंद भी बर्बाद नहीं जानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जल निगम ग्रामीण के एमडी डॉ राजशेखर ने बताया कि गांव में हर तक नल से जल पहुंचाने के लिए गांव में लगभग 11 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के कई गांवों में किया जा रहा है। आज लोगों का सपना साकार हो रहा है कि उन्हें घर पर जल मिल रहा है। योजना शुरू होने से पहले सिर्फ 25,000 नल कनेक्शन जिले के गांवों में थे, जिनकी संख्या आज बढ़कर 2.25 लाख नल कनेक्शन हो गई है। इस दौरान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रभाष कुमार समेत बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।इस मौके पर स्थानीय विधायक अमरेश कुमार ने हुसैनाबाद दूल्हापुर ग्राम पंचायत के दिए गए नल कनेक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने और अधिकारियों ने खुद नल से पानी पीकर पानी की गुणवत्ता जांची। इस दौरान विधायक ने खुद पानी तो पिया ही साथ ही एक बोतल में पानी भी भरा और उसी का इस्तेमाल पूरे कार्यक्रम के दौरान किया।

# मायावती बोलीं, राष्ट्रपति के पश्चिम बंगाल दौरे पर हुआ घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता को दी सीख

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




बसपा सुप्रीमो मायावती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे पर हुए घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। सभी को संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा कि भारतीय संविधान के आदर्श व मान-मर्यादा के मुताबिक सभी को मा. राष्ट्रपति पद का सम्मान करना एवं इनके प्रोटोकाल का भी ध्यान रखना जरूरी है तथा इस पद का किसी भी रूप में राजनीतिकरण करना ठीक नहीं है। वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ वे आदिवासी समाज से भी हैं लेकिन अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो कुछ भी हुआ वह नहीं होना चाहिए था। यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी प्रकार, पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष के पद का भी जो राजनीतिकरण कर दिया गया है यह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदर-सम्मान करना चाहिए व उनकी गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिये तो यह बेहतर होगा। इसी क्रम में संसद का कल से शुरू हो रहा सत्र देश व जनहित में पूरी तरह से सही से चले यही लोगों की अपेक्षा व समय की भी मांग है। बता दें कि राष्ट्रपति जब बंगाल में आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचीं तो प्रोटोकॉल के अनुसार उनके स्वागत के लिए न ही मुख्यमंत्री मौजूद रहीं और न ही कोई मंत्री। इसके पहले कार्यक्रम स्थल को भी बदल दिया गया जिसे लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नाराजगी जताई।

# अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। लखनऊ के अभ्यर्थियों के लिए यह परीक्षा केंद्र महाराजा बिजली पासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना में आयोजित की गई, जहां कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा पूरी पारदर्शिता, अनुशासन और निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई। केंद्र पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी संतोषजनक रहीं। परीक्षा का संचालन महाराजा बिजली पासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सुमन गुप्ता तथा कक्ष निरीक्षकों की देखरेख में किया गया।परीक्षा के सफल संचालन में उप जिलाधिकारी लखनऊ मोहित यादव, अपर श्रमायुक्त लखनऊ क्षेत्र कल्पना श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी, अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ के प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी स्तरों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयास से यह परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। अटल आवासीय विद्यालय श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# ऊर्जा मंत्री ने रिश्वतखोरी के वायरल वीडियो का लिया संज्ञान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

विद्युत चोरी के एक प्रकरण में अवैध धन की मांग से संबंधित वीडियो वायरल होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संज्ञान लिया और अधीक्षण अभियंता को पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।प्राप्त जानकारी के अनुसार 11फ़रवरी को समय 2:40 से 2:50 बजे अपरान्ह के बीच सूचना मिलने पर मऊ के ग्राम रकौली में विद्युत विभाग की टीम द्वारा चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान फेकू यादव को बिना किसी स्वीकृत विद्युत संयोजन के निजी नलकूप संचालित करते पाया गया। विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 12 फ़रवरी को समय 12:02 बजे एंटी पावर थेफ्ट थाना में उनके विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। 13 फरवरी को फेकू यादव ग्राम रकौली ने संविदाकर्मी लाइनमैन यशवंत कुमार उर्फ टुनटुन के घर जाकर वार्ता की जिसकी रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वायरल वीडियो में लेनदेन की बात सामने आने के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता द्वारा कराई गई जांच में पाया गया कि प्रकरण में विद्युत वितरण खंड मऊ के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कोटवां से जुड़े मामले में विभाग द्वारा 24 घंटे के भीतर ही एंटी पावर थेफ्ट थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। नियंत्रण में शिथिलता पर अवर अभियंता को चार्जशीट दी गई है। संविदाकर्मी यशवंत कुमार द्वारा लेनदेन संबंधी वार्ता के कारण विभाग की छवि धूमिल होने के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि विद्युत चोरी, भ्रष्टाचार या अवैध वसूली जैसे मामलों में लापरवाही या संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कौशल प्रशिक्षण और पर्यावरण संरक्षण से महिलाएं बनें सशक्त: डॉ. कीर्ति

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- डॉ. अमर पाल सिंह ने महिलाओं में शिक्षा, हुनर और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत गोमती नगर स्थित जन शिक्षण संस्थान तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरण, महिला सम्मान, पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला, होली मिलन और भक्ति संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के पर्यावरण प्रभाग के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। देश को समृद्ध और सक्षम राष्ट्र बनाने के लिए कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण का बेहतर समन्वय आवश्यक है, जिसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के शोध आयाम के प्रांत संयोजक तथा श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अमर पाल सिंह ने महिलाओं में शिक्षा, हुनर और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कौशल का परचम लहरा रही हैं, जिससे अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलती है।श्री सद्गुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरुकुलम के प्रधानाचार्य शिव पूजन दीक्षित ने संस्कृत श्लोकों के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए भारतीय संस्कृति के संरक्षण और विस्तार में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गुरुकुलम के बटुकों ने स्वस्तिवाचन की मनमोहक प्रस्तुति भी दी। संस्थान के निदेशक तथा न्यास के आत्मनिर्भर अभियान के जिला संयोजक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर संस्थान द्वारा दर्जी एडवांस्ड प्रशिक्षण में प्रशिक्षित 60 महिलाओं को कौशल प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

# महिला सशक्तिकरण व जनकल्याण योजनाओं से उत्तर प्रदेश बन रहा उत्तम प्रदेश

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान कौशाम्बी मे सरस महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दीदियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश, प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं और महिलाएँ आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रही हैं।श्री मौर्य ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश के पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, शौचालय, सौभाग्य योजना के अंतर्गत निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, हर घर नल से जल तथा उज्ज्वला योजना के माध्यम से निःशुल्क गैस कनेक्शन जैसी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर प्रदेश की महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं और बड़ी संख्या में दीदियाँ 'लखपति दीदी' बनकर आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं। प्रदेश में 3 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कौशाम्बी में 4 लाख 50 हजार महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे उनके परिवारों की आय में वृद्धि हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।

# हर दीदी को लखपति बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करें अधिकारी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने की ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक
- कौशाम्बी को मॉडल के रूप में विकसित किया जाय: केशव



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को मॉ शीतला देवी अतिथि गृह सयारा कौशाम्बी में ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी को एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाय, जिसके अन्तर्गत समूह गठन, रोजगार के नए अवसर सृजित करने, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने व समूह की आय में वृद्धि आदि में उल्लेखनीय कार्य किए जाए। कार्ययोजना बनाकर अच्छी गतिविधियॉ की जाय, ताकि समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके। समूहो द्वारा उत्पादित उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उसकी बिक्री एवं मार्केटिंग कराई जाय। स्वयं सहायता समूह की प्रत्येक दीदी को लखपति दीदी बनाना है। खण्ड विकास अधिकारियों, डीएमएम व बीएमएम से कहा कि समूह की दीदियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने डीएमएम व बीएमएम को उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में खाद्य प्रसंस्करण की 5 करोड़ की यूनिट लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाय। जनपद में मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत सर्वे कराकर छूटे हुए पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को भी लाभान्वित किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी और सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# ब्राह्मण जन कल्याण समिति ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के तत्वाधान में समय माता मन्दिर तथा निर्माणाधीन भगवान परशुराम मंदिर परिसर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सांसद चंद्रभान मणि तिवारी, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, महंत गेल्हापुर बृजानंद जी महाराज, संरक्षक सेतु बंधु त्रिपाठी, सभासद संजय मिश्रा, समिति के अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी व प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन के उपरांत भगवान परशुराम तथा आचार्य चाणक्य के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। समारोह के दौरान कई वक्ताओं ने यूजीसी विल का मुद्दा उठाया किसका समाज के सभी लोगों ने पुरजोर समर्थन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद चन्द्रभाल मणि तिवारी ने कहा ब्राह्मण परिवार से सभी को अपनी पहचान बनाये रखना आवश्यक है। श्री तिवारी ने कहा कि आज सवर्ण समाज के हित लिए बिना किसी का विरोध किया एकत्र हो कर आगे आना होगा। महन्त गेल्हापुर बृजानन्द ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सबको समाजिक समरसता के भाव से कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने सभी लोगों को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर संजय मिश्रा, नन्दलाल तिवारी, संदीप मिश्रा, कमलेश त्रिपाठी, अखिलेश्वर प्रसाद तिवारी, अम्बरीष शुक्ल, प्रवीण तिवारी, हर्षवर्धन दीक्षित, पम्मी पाण्डेय, शिवांशु शुक्ल, संजय शर्मा, जयप्रकाश पाण्डेय, ओमप्रकाश मिश्र सहित दर्जनों लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ तुलसीष दुबे ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के मंदिर का प्रथम दल बनकर तैयार हो गया। अप्रैल माह में होने वाले भगवान परशुराम के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया तक मूर्ति स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए सभी के सहयोग की जरूरत है।

## जनपद में कहीं भी किसी भी प्रकार की डीज़ल अथवा पेट्रोल की कोई समस्या अथवा शार्टेज नहीं : एडीएम

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि जनपद में कहीं भी किसी भी प्रकार की डीज़ल अथवा पेट्रोल की कोई समस्या अथवा शार्टेज नहीं है। पूर्व की भांति जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की सप्लाई सामान्य है, डिपो के अधिकारियों से वार्ता की गई है, कहीं कोई समस्या नहीं है। यदि किसी पम्प संचालक अथवा उसके स्टाफ़ द्वारा कोई भ्रामक सूचना प्रसारित की जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# जमुनापुर चौराहा पर क्रिटिकल कोऑर्डिनेशन टीम का अभियान, पुलिस भी मौके पर मौजूद रही

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

रायबरेली के ऊंचाहार में रविवार को जमुनापुर चौराहा पर क्रिटिकल कोऑर्डिनेशन टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। चेकिंग के दौरान कई वाहन चालक बिना आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाते या यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई वाहनों का चालान किया गया। अभियान के दौरान ऊंचाहार पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने पूरी कार्रवाई को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सभी जरूरी कागजात साथ रखने की सलाह दी। उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि यह चेकिंग अभियान पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाया गया था। इसमें 20 ऐसे वाहनों का चालान किया गया, जिनके पास वाहन संबंधी आवश्यक अभिलेख नहीं थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समय-समय पर ऐसे चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। पुलिस ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## बूथ प्रबंधन में सामाजिक समरसता का रखें ध्यान,आकाश चौधरी

**कोसीकलां।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत कोसीकलां मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर माभई में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिन चार सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता आकाश चौधरी ने कहा कि बूथ प्रबंधन में सामाजिक समरसता होनी चाहिए हम बूथ प्रबंधन इस प्रकार से करें जिसमें सामाजिक समरसता हो पन्ना प्रमुख और बूथ प्रमुख की महत्वपूर्ण भूमिका होती है प्रत्येक बूथ पर इन दोनों का चयन सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में होना चाहिए, द्वितीय सत्र में सेलू चौधरी ने कार्यकताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने पर जोर दिया उन्होंने कहा मीडिया सेल मजबूत होना चाहिए आज सोशल मीडिया का जमाना है प्रत्येक कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना होगा।

# गायत्री मंदिर पर साहित्य विस्तार केंद्र के साथ हुए विभिन्न संस्कार

**जन एक्सप्रेस। पचपेड़वा बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के पचपेड़वा में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ पचपेड़वा में आज परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित वांग्मय जिसके 108 खंड होंगे, वेद और प्रज्ञा पुराण की स्थापना गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक रहे स्वर्गीय सीताराम जायसवाल की स्मृति में हुई।

पुस्तकालय का विमोचन करते हुए जनपद समन्वयक सत्य प्रकाश शुक्ला ने 8 मार्च को बताया कि 108 खंडों के वांग्मय जिसमे रामायण महाभारत पुराण और विभिन्न विषयों चिकित्सा, राष्ट्र का इतिहास, भारतीय दर्शन लगभग सभी विषय समाहित हैं पुस्तकालय में उपलब्ध होंगे। आगंतुक विशिष्ट जनों को रविकांत मिश्रा, संजय जायसवाल और अजय चौधरी ने बैज (अभिनन्दन प्रतीक चिन्ह) लगाकर स्वागत किया. पुस्तकालय रजिस्टर में सीताराम वर्मा जी द्वारा गायत्री मंत्र का अंकन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ तुलसीपुर के परिव्राजक श्रीराम भारती, पचपेड़वा के कृष्ण कुमार पांडे, शक्तिपीठ पचपेड़वा के परिव्राजक रामकुमार, उप जिला समन्वयक सीताराम वर्मा, स्थानीय अध्यापक, कवि रविकांत मिश्रा %कुंदन% , गैसड़ी गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन राधे गोविन्द गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, राजेंद्र पांडे, वृंदावन जायसवाल, युवा परिजन सचिन सोनी और जनपद समन्वयक सत्य प्रकाश शुक्ला की उपस्थिति में सभी संस्कार संपन्न हुए। देवमंच पर गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर की रानी मिश्रा, कृष्ण कुमार पांडे और रामकुमार ने सभी संस्कार संपन्न कराए। आयोजन में महिला मंडल जनपद सिद्धार्थनगर की बहनें सविता सिंह, सरिता जायसवाल, प्रमिला सिंह, नीलम श्रीवास्तव, सुशीला श्रीवास्तव और आरती जायसवाल के साथ बलरामपुर की बहने प्रीति कश्यप और रानी मिश्रा की उपस्थिति विशेष सराहनीय रही।

## फाग महोत्सव, विचार गोष्ठी संग हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मथुरा।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला इकाई एवं श्री कृष्णा अहिरानी यदुवंशी बृजवासी परिवार के संयुक्त प्रयास से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी एवं फाग उत्सव होली मिलन समारोह मनाया गया।

कृष्णा नगर स्थित रिसोर्ट में इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राचीन ब्रज लोकगीत, संगीत, नृत्य, श्याम सुंदर की ब्रज गोपियों के साथ-साथ ब्रज में हुई अनेक बाल लीलाओं की कार्यक्रम में प्रस्तुति हुई। शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप एवं लड्डू गोपाल जी की मूर्ति का पूजन आरती उतार कर हुआ। सभी सदस्यों ने फाग उत्सव का शुभारंभ शिरोमणि भगवन श्री कृष्ण जी के स्वरूप मंच पर स्थापित सुंदर मनमोहक लड्डू गोपाल जी का पूजन आरती भोग प्रसाद लगाकर किया। बाल कलाकार समृद्धि यादव ने श्री कृष्ण की चरण वंदना नृत्य किया तदोपरांत एक से बढ़कर एक नाट्य विधा, महारास की प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद महानगर अध्यक्ष अंजू यादव एवं महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रचार प्रभारी प्रहलाद यादव ने उपस्थित सभी सदस्यों का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान नव-नियुक्त मुख्य सेविका को मिला नियुक्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की उपस्थिति में विभिन्न महिलाओं और कार्मिकों को सम्मानित किया गया।इस दौरान जिलापंचायत अध्यक्ष ने नव-नियुक्त मुख्य सेविका शालिनी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।साथ ही बाल विकास विभाग की 9 मुख्य सेविकाओं साधना शुक्ला,संगीता यादव,सोमवती,नेहा उपाध्याय, संगीता,प्रगति जायसवाल,अर्चना यादव,वंदना विश्वकर्मा तथा प्रीतिमा को मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग की रुचि सिंह,बेबी सिंह,ममता यादव केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर, नीरज पांडे,रीता सिंह,बाल कल्याण समिति की सदस्य जान्हवी गुप्ता, सहायक लेखाकार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर स्वाति सिंह को प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया।वहीं 25आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा,प्रशासन,राजनीति,विज्ञान, खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं।प्रदेशसरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान,सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं,जिनका लाभ आज बड़ी संख्या में महिलाएं प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है।जब एक महिला शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती है,तो वह पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी से महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करने और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने ÷नारी तुम श्रद्धा हो,आ तुझको नमन कर लूं÷ गीत के माध्यम से उपस्थित मातृशक्ति को सम्मान अर्पित किया।इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी एवं उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी नितेश राज,नायब तहसीलदार गौरीगंज,बाल विकास परियोजना अधिकारी रूपेश सरोज सहित मुख्य सेविकाएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

## प्रिंटिंग प्रेस में लगी आग को दमकल कर्मियों ने पाया काबू

**अलीगढ़।** थाना गांधी पार्क क्षेत्र में मीरा प्रिंटिंग प्रेस और अग्रवाल पेपर एजेंसी के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया।इससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया।सूचना पर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट शर्किट बताया जा रहा है। आग से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।आग की लपटें उठती देख लोगों ने तुरंत इसकी सूचना प्रिंटिंग प्रेस के मालिक और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इसे आसपास की रिहायशी इमारतों में फैलने से रोक लिया।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम अब नुकसान का सही आकलन करने और आग लगने के सटीक कारणों की जांच में जुट गई है।

# जगद्गुरु राम स्वरूपाचार्य ने किया दर्शन, पूजन और आरती

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



रायबरेली के मुंशीगंज स्थित ऐतिहासिक शहीद स्थल पर नवनिर्मित हनुमान मंदिर में शनिवार शाम धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जगद्गुरु राम स्वरूपाचार्य जी, पीठाधीश्वर कामदगिरि चित्रकूट, के पावन कर-कमलों से श्री हनुमान लला की प्रतिमा का दर्शन, पूजन और आरती की गई। यह कार्यक्रम श्री संकटमोचन धाम मंदिर में संपन्न हुआ, जहाँ नवस्थापित श्री हनुमान लला की प्रतिमा विराजमान है। इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप पाण्डेय, महेन्द्र अग्रवाल, बीपी सिंह, संजय सिंह, अध्यक्ष रामराज गिरी, सचिव राकेश यादव, महामंत्री देवेंद्र नाथ मिश्रा, राजकुमार साहू, राज अग्रहरि, सोनम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह से लौटते समय दबंगों ने युवक को पीटा

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र के इलखिनी गांव निवासी एक युवक पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक का आरोप है कि होली मिलन समारोह से लौटते समय दिनावली चौराहे पर लगभग एक दर्जन लोगों ने उसका रास्ता रोककर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित विकास पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव इलखिनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 को वह होली मिलन समारोह से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान दिनावली चौराहे पर कुछ लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और उस पर हमला कर दिया।पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने लाठी, डंडे, सरिया और कुल्हाड़ी जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया। अचानक हुए इस हमले में विकास को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही लहूलुहान हो गया।घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन घायल विकास को तुरंत

# महिला दिवस के अवसर पर महिला कन्याण विभाग रायबरेली द्वारा नेशनल खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

आज महिला दिवस के अवसर पर महिला कन्याण विभाग रायबरेली द्वारा मार्शल आर्ट संघ रायबरेली की दो नेशनल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया! यह सम्मान वुशू और ताइक्कांडो की नेशनल प्रतियोगिताओं मे पदक जीतकर जिले तथा प्रदेश का नाम रोशन करने पर दोनों खिलाड़ियों को दिया गया! दोनों सम्मानित खिलाड़ियों मे महिमा सोनकर लालगंज रायबरेली निवासी, वुशू की नेशनल प्रतियोगिता मे ब्राउन्ज मेडल और ताइक्कांडो मे नेशनल प्रतिभाग! माही यादव मॉडर्न कोच फैक्ट्री ऐहार रायबरेली नें वुशू की खेलो इण्डिया की नेशनल प्रतियोगिता मे ब्रॉन्स मेडल तथा ताइक्कांडो की नेशनल स्कूल गेम मे प्रतिभाग के लिए सम्मानित किया गया।




# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय परिसर के सभागार में स्वतंत्र जर्नलिस्ट मनोज अलीगढ़ी के तत्वावधान में ह्लनारी शक्ति वंदन-अभिनंदन सम्मान समारोहह्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, चिकित्सा,शिक्षा, सुरक्षा एवं सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 72 महिलाओं को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राममूर्ति देवी ने की। उन्होंने कहा कि जब भी कोई रोगी पीड़ा या दुर्घटना से व्यथित होकर अस्पताल परिसर में आता है,तो यहां की महिला स्टाफ केवल दवाओं से ही नहीं, बल्कि मां-बहन के स्नेह और ममता से उसका उपचार करती हैं। उनके सेवा भाव, समर्पण और प्रेम का ही परिणाम है कि कई रोगी मुस्कुराते हुए स्वस्थ होकर अपने घर लौटते हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के इसी समर्पण को सम्मानित करने और प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरएएफ-104 से दर्शना कुमारी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महिलाएं समुद्र की गहराइयों से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। जल, थल और वायु सेना सहित सुरक्षा बलों में वर्दी पहनकर महिलाएं देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा, इंजीनियरिंग, समाजसेवा और विभिन्न पेशों में भी महिलाएं अपनी योग्यता से नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं।वरिष्ठ साहित्यकार सुविधा पांडे ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव सम्मान की दृष्टि से देखा गया है। घर की पहली पाठशाला मां ही होती है और सभी धर्मों में यह बताया गया है कि मां के चरणों में ही चारों धाम का वास होता है। उन्होंने कहा कि इतिहास में कई महान महिलाओं ने अपने संघर्ष और त्याग से समाज को नई दिशा दी है। मालती अंबेडकर रामपुर ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब महिलाओं को बराबरी का अधिकार और शिक्षा का अवसर नहीं मिलता था, लेकिन संघर्ष और बलिदानों के परिणामस्वरूप आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। चाहे अंतरिक्ष हो,पर्वतारोहण हो,समुद्री सुरक्षा हो, सरहदों की रक्षा हो या अंतरराष्ट्रीय खेल मैदान महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दिया है।डॉ. महेंद्र माथुर (सीएमएस, पंडित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय) इतिहास और वर्तमान की कई प्रेरणादायक महिला हस्तियों का उल्लेख किया गया, जिनमें सावित्रीबाई फुले,महारानी लक्ष्मीबाई, महादेवी वर्मा, कल्पना चावला, पी.टी. उषा, मैरी कॉम, इंदिरा गांधी, मीरा कुमार और किरण बेदी जैसी महान महिलाओं के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम आयोजक मनोज अलीगढ़ी ने कहा कि किसी भी सम्मानित नारी का सम्मान करने से पहले हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर में सबसे पहले अपनी मां का आदर और सम्मान करे। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के योगदान को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# संघर्षों से भरी हैं शुभम गौतम की कहानी, छठवें प्रसास में पाई सफलता

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



संघर्षों की दास्तां को बयां करती सफलता की कहानी पर लिखी गई राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर कविता की ये लाइनें यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले शुभम गौतम पर बिल्कुल सटीक बैठती है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में उन्होंने एक नहीं बल्कि तीन-तीन बार मेंस लिखें और दो बार इंटरव्यू की दहलीज पर पहुंचें, लेकिन सफलता नहीं अर्जित हुई। एक के बाद एक लगातार आ रही निराशा के बाद हतोत्साहित हो चुके शुभम पांचवें अटेम्प्ट में प्री परीक्षा नहीं पास कर पाएं। तब मिला परिवार का साथ और फिर से तैयारी शुरू की और अपने छठवें अटेम्प्ट में पास कर रही भारत की सबसे कठिन परीक्षा में शामिल सिविल सेवा परीक्षा।

शहर के इंदिरा नगर मोहल्ले के वैभव विहार मोहल्ला निवासी शुभम गौतम ने अपने छठें अटेम्प्ट में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 802वीं रैंक हासिल करके अपने परिवार और माता पिता का मान बढ़ाया है। मूलरूप से लालगंज कस्बे के चमनगंज मोहल्ला निवासी शुभम गौतम के पिता सुरेश गौतम भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं तो वहीं माता मालती देवी शिक्षिका है जो कि लालगंज कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। चाचा सुनील गौतम डलमऊ ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी है। शुभम की बहन अंजलि गौतम भी अपने भाई की तरह ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है। शुभम गौतम ने कठिन परिश्रम के साथ पर पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने सेल्फ पढ़ाई के साथ ही कुछ समय दिल्ली में भी कोचिंग ली थी। इसके बाद में दिल्ली में ही रहकर पढ़ाई की। उन्हें यह सफलता अपने छठवें प्रयास में मिली है। शुभम ने पहली बार वर्ष 2020 में सिविल सेवा की प्री परीक्षा दी थी, लेकिन पहले अटेम्प्ट में प्री परीक्षा भी नहीं पास कर पाएं। इसके बाद हर वर्ष वे सिविला सेवा परीक्षा देते रहे। शुभम ने बताया कि दूसरे प्रयास में मेंस तक पहुंचा, लेकिन साक्षात्कार का मौका नहीं मिला। इसके बाद तीसरे और चौथे अटेम्प्ट में साक्षात्कार देने का मौका मिला, लेकिन अंतिम चयन सूची में नाम नहीं था। उन्होंने बताया कि एक के बाद एक असफलता मिलने के बाद मैं पूरी तरह से टूट चूका था। पांचवें प्रयास में मैं प्री परीक्षा भी नहीं पास कर पाया। इस दौरान मेरे माता-पिता ने मेरा हौसला बढ़ाया और फिर से मैंने अच्छे से तैयारी शुरू की और छठवें प्रयास में एआईआर 802 रैंक हासिल की है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई का सफर अभी आगे भी जारी रहेगा। शुभम ने बताया कि पहली से छठवीं तक की पढ़ाई लालगंज स्थित एंजेला डे स्कूल से हुई हैं और उसके बाद 12वीं तक की पढ़ाई शहर के रेयान इंटरनेशनल स्कूल से हुई है। इसके बाद आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से वर्ष 2015 से 19 तक के बीच में सिविल इंजीनियर से बीटेक किया। उन्होंने बताया कि मेरा शुरू से ही सपना था कि यूपीएससी क्रेक करना था। मैंने कहीं पर भी नौकरी नहीं ज्वाइन की और बीटेक करने के बाद सीधे दिल्ली चला गया। इस दौरान वहां की एक प्रसिद्ध कोचिंग से एक साल तक पढ़ाई की। इसके बाद कोरानाकाल होने की वजह से दो साल तक घर से ही रहकर तैयारी की गई। जब स्थिति सामान्य हुई तो फिर दिल्ली में जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली में सेल्फी स्टडी ही चल रही थी। मेंस के लिए टेस्ट सीरिज ज्वाइन करता था, इसके अलावा कोई कोचिंग नहीं कर रहा था।

### 'मेरा कोई PR नहीं है...'

# कृति सेनन संग छिड़ी 'कोल्ड वॉर' की खबरों पर भड़कीं यामी गौतम



बॉलीवुड गलियारों में इन दिनों अवॉर्ड्स और एक्ट्रेस की आपसी खींचतान को लेकर जबरदस्त हलचल है. मामला तब गरमा गया जब यामी गौतम के एक 'इंस्टाग्राम लाइक' ने इंटरनेट पर 'तेरे इश्क में' फेम कृति सेनन और 'हक' एक्ट्रेस यामी गौतम के बीच कोल्ड वॉर की चर्चा शुरू कर दी. लोग अंदाजा लगाने लगे कि क्या यामी, कृति की सफलता से खुश नहीं हैं? अब इस पूरे मामले पर खुद यामी गौतम ने सामने आकर दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है.

ये पूरा मामला एक इंस्टाग्राम रील से शुरू हुआ. इस रील में एक तरफ कृति सेनन अपनी हालिया फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए मिले जी सिने अवॉर्ड के साथ हाथ हिलाती नजर आ रही थीं. तो वहीं दूसरी तरफ यामी गौतम के एक पुराने इंटरव्यू का कोट (Quote) लिखा था. रील में दोनों की फिल्मों, 'तेरे इश्क में' और 'हक' की तुलना की गई थी और कृति को मिले अवॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे.



**यामी ने जारी किया स्टेटमेंट**

जब फैंस ने देखा कि इस रील को खुद यामी गौतम ने 'लाइक' किया है, तो सोशल मीडिया पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई. कुछ ने इसे यामी का बड़प्पन बताया, तो कुछ ने इसे कृति के खिलाफ 'पीआर स्टंट' करार दिया. विवाद को बढ़ता हुआ देख यामी गौतम ने अपने आधिकारिक 'एक्स' (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की. उन्होंने इसे पूरी तरह से 'एक्सीडेंटल' (गलती से हुआ) करार दिया.

यामी ने लिखा हमें रोज हजारों पोस्ट में टैग किया जाता है. ये रील भी एक अवॉर्ड फंक्शन के टैग के रूप में सामने आई थी. ये लाइक जानबूझकर नहीं किया गया था, बल्कि शायद गलती से क्लिक हो गया होगा. इसे मुद्दा बनाना गलत है. इतना ही नहीं, यामी ने उन लोगों को भी करारा जवाब दिया जो इसे पब्लिसिटी स्टंट कह रहे थे. उन्होंने साफ कहा कि उनके पास कोई 'सस्ती पीआर टीम' नहीं है और न वो कभी ऐसे हथकंडों पर भरोसा करती हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज के 'क्लिकबेट' के दौर में प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म भी छोटी बातों को गॉसिप बनाने से बाज नहीं आते.

**अवॉर्ड्स पर यामी की पुरानी राय हुई वायरल**

इस विवाद के बीच यामी का 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' को दिया एक पुराना इंटरव्यू फिर से चर्चा में आ गया है. इस इंटरव्यू में यामी ने अवॉर्ड सिस्टम पर अपनी बेबाक राय रखते हुए कहा था,मैंने अब वैलिडेशन मांगना छोड़ दिया है. ऐसा नहीं है कि अगर मुझे अवॉर्ड मिला तो मैं अच्छी एक्ट्रेस हूं और नहीं मिला तो मैं बुरी हूं. फिल्म इंडस्ट्री में चीजें इतनी सीधी नहीं होती हैं.

## अब साथ में धमाल मचाएंगे रणबीर कपूर-सनी देओल, 'रामायण' रिलीज से पहले ही पार्ट 2 की धांसू तैयारी




रणबीर कपूर के खाते में इस वक्त कई बड़ी-बड़ी फिल्में हैं. जिनकी रिलीज का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उनकी 'एनिमल' के बाद से ही कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है, पर 'रामायण' का काम पहले ही पूरा कर चुके हैं. इसी साल फिल्म 2026 दिवाली पर रिलीज होगी. जबकि, फिलहाल वो संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' का शूट कर रहे हैं. खत्म होने की बजाय फिल्म का काम बढ़ता ही जा रहा है, जो कहीं न कहीं रणबीर कपूर के लिए सिरदर्दी बना हुआ है. जबकि, एक्टर पहले ही बता चुके हैं कि वो 2027 में 'एनिमल पार्क' का काम शुरू करेंगे. इसी बीच 'रामायण 2' का काम शुरू हो चुका है. हालांकि, फिल्म पर अब एक सॉलिड अपडेट आ चुका है. सनी देओल को लेकर क्या जानकारी मिल रही है.

नीतेश तिवारी की 4000 करोड़ी 'रामायण' से कई हॉलीवुड आर्टिस्ट जुड़ रहे हैं. लेकिन फिलहाल फर्स्ट फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन चल रहा है. फिल्म में रणबीर कपूर की भगवान राम का किरदार निभाएंगे. जबकि, साई पल्लवी माता सीता और रावण बनकर यश धमाल मचाएंगे. दरअसल सनी देओल भी फिल्म का हिस्सा हैं, जो हनुमान बनते नजर आएंगे. लेकिन अब पार्ट 2 का काम शुरू हो चुका है, सनी देओल की तैयारी भी फुल है.

**'रामायण 2' पर सबसे धांसू अपडेट आ गया**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि रणबीर कपूर ने 'रामायण 2' के अगले शेड्यूल पर काम शुरू कर दिया है. जो कि मुंबई में ही किया जा रहा है. अगले कुछ महीने पार्ट 2 के खास हिस्सों की शूटिंग की जाएगी. पहले ऐसी जानकारी सामने आई थी कि रणबीर मार्च में 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करने वाले है. हालांकि, संजय लीला भंसाली की हाल की हेल्थ प्रॉब्लम की वजह से वॉर ड्रामा का शेड्यूल आगे बढ़ गया है. नई रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोडक्शन मई 2026 के आसपास फिर से शुरू होने की उम्मीद की जा रही है.हाल ही में जानकारी मिली कि रणबीर कपूर को मार्च और मई के बीच रामायण 2 के लिए अपनी शूटिंग का बड़ा हिस्सा पूरा करना है. जिसपर फिलहाल उनका पूरा फोकस है. भगवान राम बनने के लिए उन्होंने अपना ट्रांसफॉर्मेशन कर लिया है. वो अभी क्लीन-शेव लुक में हैं.

## अर्जुन-सानिया की शादी में उमड़ा बॉलीवुड, शाहरुख से लेकर बच्चन परिवार तक... सितारों से सजी सचिन के लाडले की महफिल




क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के घर शहनाइयां गूंजी. सचिन के लाडले बेटे अर्जुन तेंदुलकर और मशहूर बिजनेस घराने की बेटी सानिया चंदोक हमेशा के लिए एक-दूसरे के हो गए. मुंबई के एक आलीशान होटल में आयोजित इस शादी समारोह में केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड की चकाचौंध भी सिर चढ़कर बोल रही थी. 'खान्स' से लेकर 'बच्चन्स' तक, माया नगरी का लगभग हर बड़ा सितारा इस शादी का गवाह बना.शादी में सबकी निगाहें टिकी थीं बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान पर. शाहरुख अपनी पत्नी गौरी खान और बेटी सुहाना खान के साथ शादी में शिरकत करने पहुंचे. शाहरुख खान ने इस मौके के लिए ऑफ-व्हाइट रंग का 'पठानी सूट' चुना था, जिसमें वे बेहद रॉयल लग रहे थे. वहीं, गौरी और सुहाना की जोड़ी ने पीले रंग के मैचिंग आउटफिट्स में महफिल लूट ली. शाहरुख ने हमेशा की तरह अपने सिग्नेचर स्टाइल में पैपराजी का अभिवादन किया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं.

**बच्चन परिवार भी हुआ शामिल**

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी पत्नी जया बच्चन के साथ इस शादी का हिस्सा बने. बिग बी ने आइवरी कुर्ता-पायजामा और प्रिंटेड शॉल कैरी किया था, तो वहीं जया बच्चन आइवरी साड़ी में बेहद शालीन नजर आईं. लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा रही ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की. लंबे समय बाद ये कपल फिर एक बार एक साथ नजर आया. ऐश्वर्या ने नीले रंग का अनारकली सूट पहना था, जिसमें उनकी खूबसूरती देखते ही बन रही थी, वहीं अभिषेक की बात करें तो वे ब्लैक कुर्ते और व्हाइट ट्राउजर में काफी डैपर लग रहे थे.

**मिस्टर परफेक्शनिस्ट का सादा अंदाज**

आमिर खान भी इस हाई-प्रोफाइल शादी में अकेले पहुंचे. आमिर ने लाल रंग का कुर्ता और मैचिंग वेस्टकोट पहना था, जो उनके लुक को काफी वाइब्रेंट बना रहा था. आमिर ने मुस्कुराते हुए दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया और अपने दोस्त सचिन तेंदुलकर के साथ बातचीत की.

**दिग्गजों का जमावड़ा**

शादी में केवल फिल्म स्टार्स ही नहीं, संगीत जगत की दिग्गज आशा भोसले भी नजर आईं. 92 साल की उम्र में भी उनकी मौजूदगी ने समारोह में चार चांद लगा दिए. इनके अलावा डायरेक्टर फरहान अख्तर, विधु विनोद चोपड़ा अपनी पत्नी अनुपमा चोपड़ा के साथ, और 'लगान' फेम डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर भी इस जश्न का हिस्सा बने.



### पिता सलीम खान की रिकवरी के बाद

# सलमान खान ने फिर शुरू की 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग? तस्वीरें वायरल

सलमान खान की पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर वो धमाल नहीं मचा पाईं, जैसी उनसे उम्मीद रहती है. 'टाइगर 3' ने कमाई की, पर उम्मीद के मुताबिक कम ही रही. वहीं, 2025 में रिलीज हुई 'बैटल ऑफ गलवान' बुरी तरह पिट गई. जिसके बाद से ही वो 'बैटल ऑफ गलवान' पर काम कर रहे हैं. वैसे तो फिल्म का काफी वक्त पहले ही काम खत्म हो गया था. पर फिर पता लगा कि कुछ एडिशनल हिस्से फिल्म में जोड़े गए हैं, जिनका सलमान खान को जल्द से जल्द शूट करना है. वैसे तो फिल्म की रिलीज डेट अप्रैल में ही फाइनल की गई है, पर अपडेट है कि अगस्त में ही फिल्म को रिलीज किया जाएगा.




**क्या एक्टर ने दोबारा काम शुरू कर दिया है?**

लंबे वक्त से जानकारी मिल रही थी कि फिल्ममेकर राज एंड छ्य के साथ सलमान खान एक फिल्म के बातचीत कर रहे हैं. उस पिक्चर पर अपडेट मिला कि यह एक सुपरहीरो फिल्म होगी. जिसमें वो रिटायर सुपरहीरो बनेंगे, जो बार-बार बड़ी लड़ाई में पहुंच जाता है. वैसे कहा यह भी जा रहा है कि वो सुपरहीरो वाली फिल्म करना नहीं चाहते. इस वजह से मेकर्स स्क्रिप्टिंग पर काम कर रहे हैं. खैर, बैटल ऑफ गलवान के शूट को लेकर अब क्या जानकारी मिली है?

**'बैटल ऑफ गलवान' के सेट पर लौटे सलमान ?**

हाल ही में जानकारी मिली कि सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है. पिछले महीने अपने पिता सलीम खान के हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद थोड़ा ब्रेक लिया था. पर अब सलीम खान ठीक हो रहे हैं और सलमान भी काम पर लौट आए हैं. फिल्म की कास्ट के साथ एक्टर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. तस्वीरों में दिख रहा है कि सुपरस्टार ने फिल्म के लिए मिलिट्री स्टाइल यूनिफॉर्म पहनी. जहां वो यंग कास्ट मेंबर्स के साथ शूटिंग करते नजर आए. वायरल तस्वीर में सलमान एक्टर्स के एक ग्रुप से घिरे हुए हैं. हालांकि, वो इनमें काफी खुश नजर आ रहे हैं.

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# खामेनेई के भारत विरोधी बयानों पर नजर डालिये, क्या ऐसे व्यक्ति की मौत पर मातम मनाना जायज है?

**अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद भी उन्होंने भारत को कश्मीर पर तथाकथित न्यायपूर्ण नीति अपनाने की नसीहत दी थी, जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी और ईरानी दूत को तलब किया था। यही नहीं, जनवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर ईरान की संसद के अध्यक्ष ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया था, जिसे भारत ने अपने आंतरिक मामले में दखल करार दिया था। उसी साल दिल्ली दंगों के दौरान खामेनेई ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को चरमपंथी हिंदुओं का सामना करना चाहिए।**

*ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले में हुई मौत के बाद भारत के कुछ हिस्सों में जिस तरह शोक और विरोध का माहौल बनाया जा रहा है, उसने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि भारत के आंतरिक मामलों में गैर-जरूरी टिप्पणियां करते रहे खामेनेई की मौत पर यहां हंगामा क्यों खड़ा किया जा रहा है? खासकर कश्मीर घाटी में हालात क्यों तनावपूर्ण बनाये जा रहे हैं? कश्मीर में जनजीवन लगातार छठे दिन प्रभावित है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह पहली बार है जब घाटी में इतने बड़े पैमाने पर विरोध देखने को मिला है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत में आखिर किस बात का मातम मनाया जा रहा है? जिस खामेनेई को लेकर कुछ लोग यहां छाती पीट रहे हैं, वही खामेनेई पिछले एक दशक से बार बार भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करते रहे थे। 2017 में उन्होंने मुस्लिम देशों से कश्मीर के मुसलमानों का समर्थन करने की अपील की थी। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद भी उन्होंने भारत को कश्मीर पर तथाकथित न्यायपूर्ण नीति अपनाने की नसीहत दी थी, जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी और ईरानी दूत को तलब किया था। यही नहीं, जनवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर ईरान की संसद के अध्यक्ष ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया था, जिसे भारत ने अपने आंतरिक मामले में दखल करार दिया था। उसी साल दिल्ली दंगों के दौरान खामेनेई ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को चरमपंथी हिंदुओं का सामना करना चाहिए। उन्होंने दिल्ली दंगे के दौरान हिंसा को मुसलमानों का नरसंहार बताया था। उन्होंने यह तक कहा था कि भारत इस्लामी दुनिया से अलग थलग पड़ सकता है। यही नहीं, सितंबर 2024 में भी खामेनेई ने एक पोस्ट में भारत को म्यांमार और गाजा के साथ जोड़ते हुए टिप्पणी की थी, जिस पर भारत सरकार ने उसे गलत और अस्वीकार्य बताया था। ऐसे व्यक्ति की मौत पर भारत में शोक मनाने वालों से सीधा सवाल है कि क्या उन्हें यह याद नहीं कि यही नेता भारत के खिलाफ लगातार बयान देता रहा था? खामेनेई की मौत पर भारत में मातम मना रहे लोगों को क्या ईरान में महिलाओं पर कठोर नियंत्रण और वहां के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई कठोर दमनात्मक कार्रवाइयां भी दिखाई नहीं देतीं? यहां सवाल यह भी उठता है कि कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी आखिर किस नैतिक अधिकार से मोदी सरकार की ईरान नीति पर सवाल उठा रही हैं? सोनिया गांधी को याद होना चाहिए कि साल 2005 से 2009 के बीच जब भारत अमेरिका के साथ नागरिक परमाणु समझौते पर बातचीत कर रहा था, तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में तीन बार ईरान के खिलाफ मतदान किया था। आज जब वही दल केंद्र सरकार की नीति पर सवाल उठा रहा है, तब क्या उसे अपने पुराने फैसलों का जवाब नहीं देना चाहिए? देखा जाये तो भारत की आधिकारिक नीति फिलहाल संतुलित दिखाई देती है। नई दिल्ली ने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की अपील दोहराई है और कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया है। लेकिन देश के भीतर जो भावनात्मक और राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसने यह बहस तेज कर दी है कि आखिर भारत में खामेनेई के लिए किस कारण से मातम मनाया जा रहा है?*

## एक्सप्रेस आलेख

**नारी को भी अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा। इतिहास गवाह है कि जब नारी ने अपने आत्मबल को पहचाना है, तब समाज की दिशा बदल गई है। शिक्षा और आत्मविश्वास नारी के लिए वही भूमिका निभाते हैं जो प्रकाश अंधकार के लिए करता है। आज की नारी केवल अधिकारों की मांग करने वाली नहीं, बल्कि परिवर्तन की निर्मात्री है। वह विज्ञान में शोध कर रही है, आकाश में विमान उड़ा रही है, संसद में कानून बना रही है, और समाज में नेतृत्व कर रही है। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नारी सम्मान का प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सभ्यता का प्रश्न है। जिस समाज में नारी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर होती है।**

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां



**ललित गर्ग**

**बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये।**

मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे 'माता' के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। 'मातृदेवो भवः' की वाणी से लेकर 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को 'माता' कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात् अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है। वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे। नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं।




**युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं।**

यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को 'कमजोर' मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया। जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- ''सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाई।'' यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कानूनों को सामाजिक चेतना में बदलना भी आवश्यक है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार देना नहीं है, बल्कि अवसर, सम्मान और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, आर्थिक स्वावलंबन और राजनीतिक भागीदारी, ये पाँच स्तंभ नारी सशक्तिकरण की वास्तविक नींव हैं। परंतु इस परिवर्तन की शुरुआत घर से ही होगी। यदि परिवार में बेटी और बेटे को समान अवसर मिलते हैं, यदि शिक्षा में भेदभाव समाप्त होता है, यदि विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाज स्वयं अस्वीकार करता है, तभी नारी की वास्तविक मुक्ति संभव है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गावों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 23:29 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 16:06 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | व्याघात, 07:31 |
| सूर्योदयः | 06:31 |
| सूर्यास्तः | 18:17 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 08:00-09:28 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:01 -12:48 |

## जन एक्सप्रेस

**बड़ा हुआ तनाव !**

*धीरे धीरे मिडिल ईस्ट में ।*
*बड़ा हुआ तनाव ।।*
*अमरीका इजराइल और ।*
*ईरान का प्रभाव ।।*
*लुढ़क रहा बाजार प्रतिदिन ।*
*है संकट गहराया ।।*
*इस शेयर बाजार ने ।*
*सबको है डराया ।।*
*है निवेशक असमंजस में ।*
*चपत लगी है भारी ।।*
*है इच्छा निवेश की ।*
*पर दिखती लाचारी ।।*
*दूर दूर तक ना दिखती ।*
*राहत की उम्मीद ।।*
*आड़े हाथों आ रही ।*
*इन तीनों की जिद ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या हाई कोलेस्ट्रॉल में जौ का दलिया खा सकते हैं?

**आज** के समय में अनहेल्दी खानपान और फिजिकल एक्टिविटीज न करने जैसी बुरी आदतों के कारण ज्यादातर लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से परेशान रहते हैं। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने पर लोगों को थकान होने, कमजोरी होने, सीने में दर्द होने, बेचैनी होने, आंखों के पास पीले धब्बे दिखने और इसके कारण हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में अक्सर लोगों को बैलेंस डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने की सलाह दी जाती है, लेकिन क्या हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज जौ का दलिया खा सकते हैं? डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए जौ का दलिया फायदेमंद होता है। ऐसे में हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन आगे कहती हैं कि, 'कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए सॉल्युबल फाइबर से भरपूर नाश्ता करना फायदेमंद होता है। ऐसे में जौ के दलियए में भरपूर मात्रा में सॉल्युबल दलिया होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड फ्लो में बैड कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम



करके शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है।' नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, जौ में मौजूद घुलनशील फाइबर (बीटा-ग्लूकन) का सेवन करने से खून में कोलेस्ट्रॉल कम करने में फायदेमंद होता है। इसके सेवन से शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (बैड कोलेस्ट्रॉल) और ट्राइग्लिसराइड्स में काफी गिरावट आई, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

**कोलेस्ट्रॉल का स्तर होता है कम:** जौ में भरपूर मात्रा में बीटा-ग्लूकन फाइबर होता है, जो नसों से कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में सहायक है। इससे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है, जिससे स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**हार्ट के लिए फायदेमंद:** जौ में भरपूर फाइबर होता है। ऐसे में जौ का दलिया खाने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने, हार्ट के कार्यों को बेहतर करने और हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**वजन कम करने में सहायक:** सुबह के समय जौ का दलिया खाने से वजन को कम करने में भी मदद मिलती है, जो हार्ट के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जौ के दलिया में मौजूद फाइबर, पेट को लंबे समय तक पेट को भरा रखने और ओवरईटिंग से बचाव करने में मदद मिलती है।

**सावधानियां:** जौ का दलिया स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, लेकिन ध्यान रहे, इसका सेवन सीमित मात्रा में करें। इससे किसी भी तरह की एलर्जी होने पर इसका सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा, किसी भी मेडिकल कंडीशन में इसका सेवन डॉक्टर की सलाह अनुसार ही करना चाहिए।

**निष्कर्ष:** जौ के दलिया में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन नाश्ता में करने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने, हार्ट के स्वास्थ्य में सुधार करने और वजन कम करने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# आधी आबादी की ऊर्जा, जो पूरे भविष्य को दिशा देती है



**प्रो. आरके जैन**

**वास्तविक परिवर्तन तभी जन्म लेता है, जब विचार जीवन के व्यवहार में उतरता है। सबसे पहली शुरुआत परिवार से हो सकती है। जब घर में बेटियों और बेटों को समान अवसर मिलते हैं, तभी समाज में समानता की नींव मजबूत होती है।**

**महिलाएँ अब अपनी पहचान को लेकर अधिक सजग हैं और वे अपने अधिकारों के लिए खुलकर आवाज उठा रही हैं। डिजिटल तकनीक और शिक्षा ने उन्हें एक ऐसा मंच दिया है जहाँ उनकी बात दुनिया तक पहुँच सकती है। यह बदलाव धीरे-धीरे एक नई सामाजिक चेतना को जन्म दे रहा है, जिसमें समानता केवल आदर्श नहीं, बल्कि आवश्यकता बनती जा रही है।**

**कभी-कभी** इतिहास के सबसे गहरे प्रश्न एक साधारण-से वाक्य में सिमट जाते हैं। 'देना है, तो पाना है' ऐसा ही वाक्य है—सुनने में सरल, पर समाज के भविष्य की गहन सच्चाई को उजागर करने वाला। हम प्रायः भूल जाते हैं कि सभ्यता केवल इमारतों, मशीनों और नीतियों से नहीं बनती, बल्कि उन हाथों से आकार लेती है जो जीवन को जन्म देते हैं, उसे सँभालते हैं और उसे दिशा देते हैं। ये हाथ नारी के हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि दुनिया की सबसे बड़ी विडंबना यह रही है कि जिसने मानवता को जन्म दिया, उसे ही समानता पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। वर्ष 2026 की थीम 'देना है, तो पाना है' इसी विडंबना को चुनौती देती है और स्पष्ट करती है कि यदि समाज सच में प्रगति चाहता है, तो उसे नारी को अवसर देना ही होगा, क्योंकि यही वह बीज है जिससे विकास का वृक्ष फलता-फूलता है। इतिहास की परतें खोलें तो एक अत्यंत रोचक सत्य उजागर होता है। मानव सभ्यता की पहली शिक्षक, पहली चिकित्सक और पहली प्रबंधक कोई और नहीं, बल्कि महिला ही थी। प्राचीन समाजों में बच्चों को जीवन के मूल संस्कार माँ से मिलते थे, औषधियों का ज्ञान भी प्रायः महिलाओं के पास होता था, और घर-परिवार के संसाधनों का प्रबंधन भी वही करती थीं। यानी सभ्यता की बुनियादी व्यवस्थाएँ उसी के हाथों में थीं। लेकिन समय के साथ सत्ता और संसाधनों पर नियंत्रण की होड़ बढ़ी और महिलाओं को धीरे-धीरे निर्णयों से दूर कर दिया गया। यह केवल सामाजिक अन्याय नहीं, बल्कि मानव विकास की बड़ी चूक भी थी। क्योंकि जब आधी आबादी की प्रतिभा सीमित कर दी जाती है, तो समाज की रचनात्मक ऊर्जा भी आधी रह जाती है। इसलिए आज महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि सभ्यता की पूरी क्षमता को विकसित करने का प्रश्न है। 'देना है, तो पाना है' का अर्थ केवल इतना नहीं कि महिलाओं को अवसर दें और बदले में विकास पाएँ। इसका एक और गहरा पहलू है, जो अक्सर चर्चा में नहीं आता। जब किसी समाज में महिलाओं को सम्मान मिलता है, तो वहाँ संवेदनशीलता और संतुलन भी बढ़ता है। शोध बताते हैं कि जहाँ महिलाओं की भागीदारी निर्णयों में अधिक होती है, वहाँ नीतियाँ अधिक मानवीय और दीर्घकालिक होती हैं। उदाहरण के लिए, जब किसी गाँव की पंचायत में महिलाएँ सक्रिय होती हैं, तो वहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं पर अधिक ध्यान दिया जाता है। यानी नारी केवल अपने लिए नहीं सोचती, वह समाज की व्यापक भलाई के बारे में भी सोचती है। इसलिए नारी को अवसर देना केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि सामूहिक समृद्धि की दिशा में उठाया गया कदम है। जब समाज अपनी संभावनाओं को पहचानता है, तब नारी की शक्ति स्पष्ट रूप में सामने आती है। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, और उनकी उपलब्धियों के पीछे केवल व्यक्तिगत प्रतिभा नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग भी होता है। जब कोई लड़की वैज्ञानिक बनती है, तो उसके पीछे परिवार का विश्वास होता है। जब कोई महिला उद्यमी बनती है, तो उसके पीछे समाज का समर्थन होता है। यही 'देना है, तो पाना है' का अर्थ है। समाज जब महिलाओं को शिक्षा, संसाधन और स्वतंत्रता देता है, तो वे उसे कई गुना लौटाती हैं। एक शिक्षित महिला केवल अपना जीवन नहीं बदलती, बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाती है। इसलिए कई अर्थशास्त्री मानते हैं कि किसी भी देश के विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा में निवेश सबसे प्रभावी होता है। फिर भी यह सच है कि दुनिया अभी पूरी तरह समानता तक नहीं पहुँची है। आज भी अनेक महिलाएँ ऐसी परिस्थितियों में जी रही हैं जहाँ उनके सपनों को सीमित कर दिया जाता है। कई जगहों पर लड़कियों की पढ़ाई जल्दी छूट जाती है, कई कार्यस्थलों पर उन्हें बराबरी का वेतन नहीं मिलता और कई समाजों में उनके निर्णयों को महत्व नहीं दिया जाता। लेकिन आज का दौर एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत भी दे रहा है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# होली मिलन के बहाने सपा का शक्ति प्रदर्शन, 2027 की राजनीतिक जमीन तैयार करने की कोशिश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

होली केवल रंगों और खुशियों का त्योहार ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक मेल-मिलाप का भी अवसर होता है। पीलीभीत में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह इसी परंपरा का उदाहरण बना, जहां रंग-गुलाल के बीच राजनीतिक संदेश भी साफ तौर पर दिखाई दिया। शहर के एक बारात घर में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने इसे साधारण समारोह से आगे बढ़ाकर एक तरह का राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन बना दिया। समारोह की खास बात यह रही कि हाल ही में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में घर वापसी करने वाले पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा की मौजूदगी ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा को जन्म दिया। उनके साथ पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान, सपा जिलाध्यक्ष देव सिंह जग्गा, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र




'कट्टर', वरिष्ठ नेता सुधीर तिवारी, सहित पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री और नेता संजय गौहर पांडे समेत कई प्रमुख नेताओं की एक मंच पर मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

## राजनीतिक संकेतों से भरा रहा आयोजन

होली मिलन समारोह के दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट संकेत दिए कि पार्टी आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से रणनीतिक रूप से सक्रिय हो गई है। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से निराश है और बदलाव की उम्मीद समाजवादी पार्टी से कर रही है। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे पार्टी की नीतियों और समाजवादी विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाएं। नेताओं ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। आने वाले समय में भी पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रखेगी।

## सुधीर तिवारी के नेतृत्व में दिखा कार्यकर्ताओं का उत्साह

इस आयोजन की अगुवाई वरिष्ठ सपा नेता पंडित सुधीर तिवारी ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी और नेताओं का समर्थन इस बात का संकेत देता है कि स्थानीय स्तर पर पार्टी अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेजी से हो रही है कि 127 विधानसभा पीलीभीत सीट से आगामी चुनाव में सुधीर तिवारी संभावित प्रत्याशी के रूप में उभर सकते हैं। होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ और उनके प्रति दिखा समर्थन इस चर्चा को और बल देता दिखाई दिया।

### गुलाल और स्वागत के बीच दिया एकजुटता का संदेश

समारोह के दौरान सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का फूल-मालाओं, गुलाल और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। होली के पारंपरिक गीतों और आपसी शुभकामनाओं के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत होती है। इसलिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचकर लोगों से संवाद बढ़ाना चाहिए और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

### राजनीतिक गतिविधियों से गर्म हुआ माहौल

दरअसल, जैसे-जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे प्रदेश में राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। ऐसे में पीलीभीत में आयोजित यह होली मिलन समारोह केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आगामी चुनावी रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा है। समारोह ने यह संकेत जरूर दे दिया है कि समाजवादी पार्टी स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। आने वाले समय में यह राजनीतिक सक्रियता किस रूप में सामने आएगी, यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन फिलहाल होली के रंगों के साथ पीलीभीत की राजनीति भी रंगीन होती नजर आ रही है।

# शिक्षामित्र संघ ने विधायक व उपाध्यक्ष को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

रविवार को पूरनपुर में उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संघ की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक वावूराम पासवान और भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा को सम्मानित किया। नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की घोषणा मुख्यमंत्री व केसलेस चिकित्सा योजना कि ऐताहासिक घोषणा करने पर जिले के शिक्षामित्रों व उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनका कहना है कि सरकार के इस सराहनीय कार्य से प्रदेश के लाखों शिक्षामित्रों और उनके परिवार में नई आशा और उत्साह का संचार हुआ है। सम्मान समारोह में संघ के पदाधिकारियों ने विधायक और उपाध्यक्ष को फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षामित्र शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में संघ के कई पदाधिकारी और क्षेत्र के शिक्षामित्र उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षामित्रों के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सीएम योगी से मिले गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, पीलीभीत के विकास कार्यों पर की विस्तृत चर्चा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने जनपद पीलीभीत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, औद्योगिक गतिविधियों और नई परियोजनाओं की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बताया जा रहा है कि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार हाल ही में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित चुनाव प्रचार कार्यक्रम में शामिल होकर रविवार को लखनऊ लौटे थे। लखनऊ पहुंचने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जनपद में विकास की रफ्तार और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीतियों के कारण पीलीभीत जनपद में औद्योगिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। जिले में नए उद्योगों की स्थापना की दिशा में काम हो रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में स्वीकृत सड़क निर्माण परियोजनाओं



और अन्य विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण और आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए संबंधित विभागों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर हो सके। राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के चलते पीलीभीत में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री से हुई इस मुलाकात को जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीलीभीत में भव्य समारोह का हुआ आयोजन

- महिलाओं का सम्मान और लाभार्थियों को लैपटॉप व एजुकेशन किट वितरित
- महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज रहे मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी सभागार में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र और एजुकेशन किट वितरित की गई। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी रोशनी यादव, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, नगर पालिका सभासद सुनीता सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।





## महिलाओं की भूमिका राष्ट्र निर्माण में अहम : प्रवक्तानंद

मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, खेल और सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और सशक्त होंगी तभी परिवार, समाज और देश मजबूत होगा। उन्होंने महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण

कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी सभागार में उपस्थित लोगों ने देखा और सुना। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कन्या सुमंगला योजना के तहत प्रदेश की 27 लाख से अधिक बालिकाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उनकी शिक्षा और पालन-पोषण में मदद मिल रही है। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए मिशन शक्ति अभियान भी संचालित किया जा रहा है।

## योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के अंतर्गत दो लाभार्थियों को लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र और एजुकेशन किट प्रदान की गई। इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना के पांच लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और एजुकेशन किट देकर सम्मानित किया गया। वहीं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पांच अन्य लाभार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र और एजुकेशन किट वितरित की गई। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चल रही कई योजनाएं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रही है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए 181 महिला हेल्पलाइन के माध्यम से चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही आपातकालीन स्थिति में 112 पीआरवी सेवा भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि निराश्रित महिला पेंशन योजना के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला कल्याण विभाग तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी महिलाओं की उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणादायी हैं और इनके प्रयासों से अन्य महिलाएं भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की समस्त कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# रंगोली, खेल और होली मिलन के बीच महिला दिवस समारोह, उत्कृष्ट महिलाओं का हुआ अभिनंदन





- पुलिस लाइन में महिला शक्ति का सम्मान, रंगोली-सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं और प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल, सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रातः लगभग 10 बजे उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) की जनपदीय अध्यक्षा किरन जोशी (सामाजिक उद्यमकर्ता, तारा जोशी फाउंडेशन) तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नताशा गोयल ने बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे परिसर में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में महिलाओं के लिए रंगोली और रचनात्मक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और आकर्षक डिजाइनों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। इसके अलावा बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर गेम प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब आनंदित किया और उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## उत्कृष्ट महिलाओं व बालिकाओं को मिला सम्मान

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। सम्मानित होने वालों में अंकित कुमारी, राशि चन्द्रा, तनिष्का राणा, कुमुद राजपूत, मीना चौहान, चारू मेहर, नव्या यादव, प्रांजल गंगवार के साथ समाजसेवी विनीता सक्सेना और रंजना श्रीवास्तव शामिल रहीं। इन सभी को उनके उत्कृष्ट कार्य और उपलब्धियों के लिए सराहा गया।

### स्वयं सहायता समूहों ने लगाए उत्पादों के स्टॉल

कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार की महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए। इन स्टॉलों पर घरेलू उत्पादों और हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा। स्टॉल लगाने वालों में सरला चौधरी, प्रतीक्षा, मंत्री देवी, आयुष्मान पटेल, रानी कश्यप, सुनीता देवी, बिन्दु, इंदु, मोनी चौधरी, सुनीता, नीलम, आरती, रूपाली, सरिता, पिंकी, चारू और रोशनी सहित कई महिलाएं शामिल रहीं। उनके प्रयासों को आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया गया।

### होली मिलन के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार के सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। महिला दिवस के इस आयोजन ने जहां महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान दिया, वहीं समाज में महिला सशक्तिकरण के संदेश को भी मजबूती के साथ आगे बढ़ाया।

# पर्यटन और औद्योगिक विकास के नए दौर की ओर बढ़ रहा पीलीभीत : राज्य सूचना आयुक्त

- संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों को दिए निर्देश, टाइगर रिजर्व क्षेत्र के गांवों का किया अवलोकन
- शारदा सागर के पास पर्यटन केंद्र विकसित करने की योजना

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध पीलीभीत जनपद अब पर्यटन और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां चल रही विकास योजनाएं जिले की नई पहचान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में हो रहे विकास कार्यों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह विचार वाईफरकेशन निरीक्षण भवन, पीलीभीत में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त ने जन सूचना अधिकारियों से संवाद करते हुए सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार केवल एक कानून ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। डॉ. अग्निहोत्री ने अधिकारियों से कहा कि सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराना जन सूचना अधिकारियों की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही



स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार सूचना उपलब्ध होने से ही लोगों की समस्याओं का समाधान हो जाता है, इसलिए अधिकारियों को अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाना चाहिए।

## टाइगर रिजर्व क्षेत्र के गांवों का किया अवलोकन

संवाद कार्यक्रम के उपरांत राज्य सूचना आयुक्त ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे गांवों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने यह देखकर संतोष व्यक्त किया कि ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में नौ इको विकास समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों को टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन के माध्यम से एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इन समितियों के माध्यम से ग्रामीणों को आजीविका के नए साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं और सामुदायिक विकास को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

## औद्योगिक विकास की दिशा में बढ़ते कदम

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि पीलीभीत औद्योगिक विकास की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। अमरिया क्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा खमीर (यीस्ट) प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण औद्योगिक परियोजना साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और जिले में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही जनपद में औद्योगिक हब विकसित करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में और अधिक उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। डॉ. अग्निहोत्री ने बताया कि पीलीभीत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शारदा सागर के आसपास पर्यटन केंद्र विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा जनपद में नए बस स्टेशन के निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है, जिससे आवागमन की सुविधाएं बेहतर होंगी और पर्यटकों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीलीभीत प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और जल संसाधनों की दृष्टि से बेहद समृद्ध जनपद है। यदि इन संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए तो यह क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता है। राज्य सूचना आयुक्त ने विश्वास जताया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से पीलीभीत में विकास की नई संभावनाएं तैयार होंगी और आने वाले समय में यह जनपद पर्यटन व औद्योगिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोपों में घिरे बर्खास्त संविदा कर्मी पर नया विवाद, सरकारी अभिलेख लेकर गायब

- सीएमओ कार्यालय में मचा हड़कंप, चार्ज न सौंपने पर नोटिस जारी विभाग ने शुरू की कानूनी कार्रवाई की तैयारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में तैनात रहे एक बर्खास्त संविदा कर्मी पर विवादों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने के आरोपों में घिरे इस कर्मी पर अब सरकारी अभिलेख लेकर गायब होने का नया आरोप सामने आया है। इस मामले के उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई है। बताया जा रहा है कि सीएमओ कार्यालय में संविदा पर कार्यरत रहे अरुण कुमार के खिलाफ कई लोगों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूल की। जब लंबे समय तक नौकरी नहीं मिली और लोगों को धोखाधड़ी का संदेह हुआ, तो पीड़ितों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से इसकी लिखित शिकायत की। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मामले की प्रारंभिक जांच कराई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद सीएमओ ने संबंधित कर्मी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभाग ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उसे पद से बर्खास्त कर दिया। हालांकि बर्खास्तगी के बाद एक नया मामला सामने आ गया। नियमों के अनुसार किसी भी कर्मचारी को पद से हटाए जाने पर उसे तुरंत अपना सरकारी चार्ज और कार्यालय से संबंधित सभी अभिलेख विभाग को सौंपने होते हैं, लेकिन आरोप है कि संबंधित संविदा कर्मी ने ऐसा नहीं किया।

## सरकारी दस्तावेज लेकर लापता होने का आरोप

विभागीय सूत्रों के अनुसार बर्खास्त किए जाने के बाद भी अरुण कुमार ने अपना चार्ज नहीं छोड़ा और कार्यालय से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण फाइलें और अभिलेख अपने साथ लेकर चला गया। इसके बाद से वह विभागीय अधिकारियों की पहुंच से बाहर बताया जा रहा है। इस स्थिति से विभागीय कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। साथ ही सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है और अधिकारियों ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता माना है। वहीं दूसरी ओर आरोपित के परिजनों का कहना है कि वह फिलहाल शहर से बाहर है और वापस आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इधर स्वास्थ्य विभाग इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कानूनी कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### सीएमओ ने जारी किया कड़ा नोटिस

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि संबंधित संविदा कर्मी को पहले ही ठगी के आरोपों के चलते बर्खास्त किया जा चुका है, लेकिन उसने अभी तक अपना आधिकारिक चार्ज नहीं छोड़ा है। इस संबंध में उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि वह शीघ्र ही विभाग को अपना चार्ज और अभिलेख नहीं सौंपता है तो उसके खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के ने बैठक आयोजित कर दी आंदोलन की चेतावनी

जन एक्सप्रेस। हरदोई



हरदोई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा की बैठक योगेश पैलेस में आहूत की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विकास खंडो के ब्लाक अध्यक्ष, मन्त्री व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सचिव व जिलाध्यक्ष आलोक मिश्र ने अवगत कराया कि यह लड़ाई राष्ट्रीय स्तर की है इसलिए इस लड़ाई को जनपद और प्रदेश से लेकर देश स्तर पर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले लड़ा जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र द्वारा प्रथम चरण में आगामी 9 मार्च से 15 मार्च तक शिक्षकों की पाती के नाम से ईमेल और पोस्टकार्ड अभियान के सम्बंध में चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष को पत्र व मेल भेजा जाएगा। बैठक में 05 बिंदुओं पर भी चर्चा की गई, जिनमें आगामी मई व जून 2026 में होने वाली जनगणना में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बदले ईएल देने की मांग, विगत तीन चार माह से लगातार हर रविवार व अवकाश में शिक्षकों को विद्यालय बुलाया जाता है एवं इसके बदले में प्रतिकर अवकाश नहीं दिया जाता है, इस पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया यदि आगे से बिना प्रतिकर अवकाश के शिक्षकों से अवकाश के दिन कार्य लिया जाएगा तो ऐसे किसी भी आदेश को हम नहीं मानेंगे।जिन शिक्षकों का दिसंबर 2025 से चयन वेतनमान नहीं स्वीकृत हुआ है उसके संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि यह संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया जाएगा। जिन शिक्षकों का एक दिन का वेतन बाधित है और उनकी वेतन अवमुक्त करने की आख्या खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेज दी गई है। उनका एक दिन का वेतन निर्गत किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा महिला शिक्षकों की चाइल्ड केयर लीव फॉरवर्ड नहीं की जा रही है।बैठक में निर्णय लिया गया कि उपरोक्त समस्याओं के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय को एक ज्ञापन अति शीघ्र सौपा जाएगा एवं समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। बैठक का संचालन जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष/मांडलिक मंत्री गिरीश दीक्षित, उपाध्यक्ष अनुराग पांडे, अनूप दीक्षित, जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित, जिला संगठन मंत्री पुष्पेंद्र शुक्ला, कमल किशोर कोहली, राघवेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष टोडरपुर नरेंद्र कुमार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बावन अभिषेक गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष सांडी अनवार उल हक, जिला मीडिया प्रभारी शोभित शुक्ला, ब्लॉक मंत्री बेहन्दर दुर्विजय वर्मा, ब्लॉक मंत्री पिहानी गगन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बिलग्राम बृजमोहन सिंह, विजय तिवारी, प्रांजुल तिवारी, दीपक कुमार शुक्ला, राम सिंह, सौरभ दीक्षित, राजीव कुमार अग्निहोत्री, मुनेश्वर दयाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## डायट परिसर ने किया 54 यूनिट रक्तदान

**आगरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एसएन मेडीकल कॉलेज के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, प्रशिक्षुओं और अन्य रक्तदानियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए 54 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य अनिरुद्ध यादव ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से दिया गया एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचाने में सहायक होता है और यह समाज में मानवीय मूल्यों को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रवक्ता डॉ. मनोज वार्ष्णेय ने बताया कि गूगल फॉर्म के माध्यम से प्राप्त पंजीकरण के आधार पर शिक्षकों, डीएलएड प्रशिक्षुओं और अन्य स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि यह सभी रक्तदानियों की सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता का प्रतीक है। इससे पूर्व आयोजित प्राथमिक चिकित्सा संगोष्ठी में चिकित्सक डॉ. सौम्या चाहर और डॉ. विनय गोयल ने प्राथमिक उपचार के महत्व, उससे जुड़ी सावधानियों तथा रक्तदान के लाभ और आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

## फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंसूरपुर ने श्रीमऊ टीम को दी शिकस्त



जन एक्सप्रेस। हरदोई

अरवल के श्री मऊ में 01 मार्च से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में आठ टीमें शामिल हुई।जिसमें फाइनल में श्रीमऊ और पकरियापुरवा की टीमें पहुंची थीं। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में अनुज की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।?पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीमऊ की टीम महज 71 रनों पर सिमट गई और 11वें ओवर में पूरी टीम ऑलआउट हो गई। 72 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी अनुज की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 2 विकेट खोकर 8वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली।मैच के बाद खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।राजू को मैन ऑफ द मैच व अंशुल सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अंशुल सिंह (4 मैचों में 166 रन और 9 विकेट),अनुज कोहली को बेस्ट बॉलर,अंशुल सिंह को

बेस्ट बैट्समैन का खिताब मिला ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मॉडर्न गुरुकुल पब्लिक स्कूल, हरपालपुर के प्रबंधक विपुल सिंह, क्रिकेटर लालजी साण्डी, रामपूत सिंह और पत्रकार अभिषेक त्रिवेदी भी मौजूद रहे, जिन्होंने विजेता टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## छत का टट्टर काटकर घर में घुसा चोर, लाखों के आभूषण और नकदी पार

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी कस्बे के नगला मालियान मोहल्ले में बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर ने लाखों रुपये के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। चोर छत का टट्टर हटाकर घर में घुसा और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

पीड़ित रविंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 मार्च को वह अपने परिवार के साथ पैतृक गांव श्यामो गए हुए थे। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला और अलमारी खंगाली हुई थी। जांच करने पर दो सोने की जंजीर, पांच अंगूठियां, एक जोड़ी पायल और करीब 20 हजार रुपये नकद गायब मिले। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति छत का जंगला हटाकर घर में प्रवेश करता और कमरों में सामान खंगालता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

## ससुराल में युवक का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

जन एक्सप्रेस। शाहाबाद

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के कनकापुर मजरा सिकंदरपुर नरकतरा गांव स्थित ससुराल आए एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर गमछे के सहारे लटका मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, कनकापुर मजरा सिकंदरपुर नरकतरा गांव में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव रविवार सुबह फांसी के फंदे पर गमछे के सहारे लटका मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक युवक की पहचान विजय पाल सिंह (45) पुत्र भगवानदीन सिंह निवासी ग्राम ख्वाजगीपुर थाना पचदेवरा हरदोई के रूप में हुई है। युवक कनकापुर गांव स्थित अपनी ससुराल आया था, और रविवार सुबह गांव से करीब 700 मीटर दूर पश्चिम ओर राधेश्याम पुत्र बिहारी के खेत में स्थित नीम के पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचे परिजन हत्या कर शव फांसी पर लटकाने की आशंका जता रहे हैं। मृतक के परिवार में पत्नी कुन्ती के अलावा 6 बेटे व एक बेटी है। मामले में एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेजा गया

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिकाओं व छात्राओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। हरदोई




हरदोई।रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा रसखान प्रेक्षागृह मे नोडल शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी व अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर माँ शारदे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना उपरांत स्वागत गीत प्रस्तुत कर, अतिथियों का अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में राज्य मंत्री रजनी तिवारी व अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने जनपद हरदोई के शैक्षणिक क्षेत्र मे प्रशंसनीय योगदान प्रदान करने वाली शिक्षिकाओं व् होनहार बेटियों को सम्मानित कर, उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रदान कीं। शिक्षक सम्मान समारोह मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अजीत सिंह सहित बेसिक शिक्षा परिवार व् होनहार छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कलयुग में भागवत कथा ही जीवन को पवित्र व सरल बनाने का मार्ग है: आचार्य राधा बल्लभ जी महाराज

जन एक्सप्रेस। हरदोई



हरपालपुर के बेड़ीजोर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस में भक्ति और ज्ञान की गंगा प्रवाहित करते हुए कथा व्यास आचार्य राधावल्लभ जी मिश्र ने श्रीमद्भागवत के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में भगवान की कथा ही मनुष्य के जीवन को पवित्र और सफल बनाने का सबसे सरल मार्ग है।उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि भगवान की दिव्य वाणी है, जिसे सुनने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और आत्मा को शांति मिलती है। कथा के दौरान भक्तों को भगवान की भक्ति, सत्संग और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।कथाव्यास श्री मिश्र ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदाचार, सेवा और भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए। इससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।कथा के दौरान भजनों और कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान के नाम में लीन होकर कथा का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र व सम्मान

जन एक्सप्रेस। उरई



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ऑडिटोरियम से आयोजित पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की 5,000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर प्रदान किए गए तथा रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया गया। साथ ही 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों एवं मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा नारी शक्ति अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरित किए गए तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा प्रीमियम और साड़ी/वर्दी के लिए 3,849 लाख की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्ति बहनों को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। सरकार भी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ समाज की प्रत्येक महिला तक पहुंचाना आवश्यक है। विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी विकसित समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है। पिंक रोजगार महाकुंभ जैसे आयोजन महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# मतांतरण मामले में आतंकी कनेक्शन की जांच हुई तेज

### रांची जेल से अयान जावेद को आगरा लाकर की जा रही पूछताछ

जन एक्सप्रेस। आगरा

रांची सेंट्रल जेल में बंद संदिग्ध अयान जावेद को थाना सदर क्षेत्र की दो सगी बहनों के मतांतरण मामले में पूछताछ के लिए बी-वारंट पर आगरा लाया गया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से एक दिन की कस्टडी रिमांड पर सौंप दिया गया। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में गिरोह के नेटवर्क और फंडिंग से जुड़े अहम खुलासे हो सकते हैं।

पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले ही दिल्ली निवासी अब्दुल रहमान, गोवा की आयशा और शाहगंज निवासी रहमान कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के दौरान अयान जावेद की भूमिका सामने आने पर उसे रांची से लाकर पूछताछ की जा रही है।

जांच में सामने आया है कि अयान जावेद को झारखंड एटीएस ने अप्रैल 2025 में धनबाद से गिरफ्तार किया था। उसके साथ उसकी पत्नी शबनम, गुलफाम हसन और शहजाद आलम को भी पकड़ा गया था। चारों फिलहाल रांची सेंट्रल जेल में बंद हैं। एटीएस की जांच में उसके संबंध प्रतिबंधित संगठनों हिज्ब उत तहरीर और एआई क्वैडा इन द इंडियन सबकंटीनेन्ट से बताए गए थे।उसके साथ उसकी पत्नी शबनम, गुलफाम हसन और शहजाद आलम को भी पकड़ा गया था। चारों फिलहाल रांची सेंट्रल जेल में बंद हैं। एटीएस की जांच में उसके संबंध प्रतिबंधित संगठनों हिज्ब उत तहरीर और एआई क्वैडा इन द इंडियन सबकंटीनेन्ट से बताए गए थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों को कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ने का काम करता था। जांच में यह भी सामने आया है कि देहरादून की एक युवती से उसकी 200 से अधिक बार बातचीत हुई थी। डीसीपी सिटी के अनुसार आरोपी से पूछताछ के दौरान गिरोह के नेटवर्क, संपर्कों और फंडिंग के स्रोतों से जुड़ी अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क कई राज्यों में सक्रिय हो सकता है और इसके तार विदेशों तक जुड़े होने की संभावना है।

### कोलकाता से बरामद हुई थीं दोनों बहनें

बतादें कि ताजनगरी आगरा के सदर क्षेत्र की दो सगी बहनों को जून 2025 में कॉलकता के तपसिया इलाके से बरामद किया गया था। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में छापेमारी कर मामले की जांच आगे बढ़ाई। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने और अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

## पुलिस ने मोबाइल स्वामियों के चेहरों पर लौटाई खुशी

**जालौन।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने लगभग 60000 रुपये कीमत के तीन गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर उनके स्वामियों के चेहरों पर खुशी लौटी।

कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए हुए मोबाइल को बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे और एसएसआई संजय कुमार यति के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल व कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान की मदद से तीन गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 60000 रुपये आंकी गई है। बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामी झांसी के एरच निवासी निवासी लोकेंद्र यादव, मोहल्ला ओझा निवासी रवि वर्मा व कुठौंद थाना क्षेत्र के शेखपुर बुजुर्ग निवासी संदीप सिंह को सौंपे गए। खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## अलग-अलग गांव में झगड़ा करने के आरोप में चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कालपी

नगर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग झगड़ा करने के आरोप में पुलिस टीम ने चार लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की है।

कोतवाली के उपनिरीक्षक रामजीलाल उपनिरीक्षक पुत्तू लाल पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। वही झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम हीरापुर निवासी गण भजन पुत्र देवी प्रसाद फूल सिंह पुत्र छैलू प्रसाद समेत दोनों लोग अपने-अपने पड़ोसी को गाली गलौज कर झगड़ा करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी विपिन यादव ने भ्रमण के दौरान झगड़े की सूचना पाकर दबिश दी और ग्राम छौक निवासी प्रहलाद सिंह पुत्र राम भरोसे गाली गलौज कर गांव के माहौल को खराब करने के मामले में हिरासत में लेकर सम्बन्धित कारवाई की है। वहीं उप निरीक्षक ओंकार सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। वहीं झगड़े की सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे और ग्राम महेवा निवासी सुनील पुत्र चंद्रभान पड़ोसी को गाली गलौज कर झगड़ा करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। वहीं झगड़े की सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे और ग्राम महेवा निवासी सुनील पुत्र चंद्रभान पड़ोसी को गाली गलौज कर झगड़ा करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्जकर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में भेज दिया।

# पत्नी से झगड़े के बाद पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम पिथउपुर में पत्नी से हुई कहासुनी के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम पिथउपुर निवासी 42 वर्षी विकास चंदेल उर्फ छोटू बाबू के मां-बाप का निधन कुछ साल पहले हो गया था। बताया गया कि खेती कम होने के नाते वह गुजरात के सूरत में ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जबकि पत्नी सुधा देवी पुत्र रितिक और एक पुत्री के साथ उरई में किराए पर कमरा लेकर अपने बच्चे पढाती थी। होली के 3 दिन पहले ही पति-पत्नी गांव आए थे और पत्नी कई बार पति से साथ मे रखने की जिद करती थी लेकिन विकास अकेले ही सूरत में रहता था। शनिवार की शाम पति-पत्नी में इसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और पत्नी अपने बच्चों को लेकर एक कमरे में सोने चली गई। तभी देर रात विकास ने घर के कमरे में गमछे से फंदा लगाकर पंखे के हुक से झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। तभी देर रात विकास ने घर के कमरे में गमछे से फंदा लगाकर पंखे के हुक से झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। देर रात पत्नी की जब आंख खुली तो दूसरे कमरे में पति को फांसी पर लटका देखा वह चीखने लगी। घर में मचा शोरगुल सुनकर आसपास के पारिवारिक लोग मौके पर आ गए और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नियामतपुर चौकी इंचार्ज चेतराम बुंदेला ने घटनास्थल में पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।घटना के बाद पत्नी ओर बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा गया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला खुदखुशी का है घटना के संबंध में तहरीर और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वांछित अपहरण कर्ता गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कालपी

अपहरण की घटना पर दर्ज मुकदमे के आरोपी को चौकी प्रभारी ने ताबड़तोड़ दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी निर्देश पर टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पुलिस बल के साथ वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में जुटे हुए थे। वहीं मुखबिर की सूचना पाकर आलमपुर तिराहे पर जनपद एटा निवासी अरमान पुत्र असगर हाईवे सड़क पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया। मुकदमे की संबंधित धाराओं में वांछित अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

## बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध किसान की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

रोज की तरह खेत पर जा रहे वृद्ध किसान को बाइक ने टक्कर मार दी। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र ग्राम दमनपुर में शनिवार की शाम को वृद्ध किसान हाकिम सिंह 80 वर्ष पैदल गांव के बाहर अपने खेत पर जा रहा था। इस दौरान उनको पड़ोसी गांव के तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने टक्कर मारकर भाग रहे बाइक सवार को पकड़ लिया और हादसे की खबर वृद्ध किसान के परिजनों को दी। इस दौरान उनको पड़ोसी गांव के तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने टक्कर मारकर भाग रहे बाइक सवार को पकड़ लिया और हादसे की खबर वृद्ध किसान के परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उन्हें आनन-फानन में उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाए। जहां पर देर रात को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं मृतक के पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि पिता रोज की तरह खेत पर टहलने के लिए जा रहे थे। तभी वह हादसे का शिकार हुए। फिलहाल पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नौतनवा में दिल दहला देने वाली वारदात : पिता ने दो बच्चों की हत्या कर खुद लगाई फांसी

## दीवार पर लिखे संदेश से पारिवारिक विवाद की आशंका, पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस। नौतनवा/महराजगंज**



अमरीश (पति) | अमरेंद्र (बेटा) | कंचन (बेटी)

नौतनवा नगर गांधीनगर मोहल्ले में रविवार को एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एसएसबी महिला आरक्षी के पति ने अपने ही दो मासूम बच्चों की हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पाकर पुलिस प्रशासन और एसएसबी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।

मिली जानकारी के अनुसार अमरेश कुमार, पुत्र मन्नू राम, निवासी मिर्जापुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर, अपनी पत्नी बंदना और दो बच्चों के साथ नौतनवा कस्बे के गांधीनगर में किराए के मकान में रहता था। उसकी पत्नी बंदना एसएसबी में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह बंदना ड्यूटी पर चली गई थी। इसी दौरान घर में अकेले रहे अमरेश कुमार ने अपनी साढ़े तीन वर्षीय बेटी कंचन को खिड़की की ग्रिल से फंदा लगाकर मार डाला। इसके बाद अपने ढाई वर्षीय बेटे अमरेंद्र कुमार का गला दबाकर उसकी भी हत्या कर दी।

सूत्रों के अनुसार बच्चों की हत्या करने के बाद अमरेश ने पहले अपनी कलाई की नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इसके बाद उसने अपनी पत्नी को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पत्नी घबराकर कमरे की ओर रवाना हुई, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही अमरेश ने कमरे में छत की कुंडी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से महिला एसएसबी के पति अमरेश कुमार ने घर की दीवार पर कुछ बातें लिखी थीं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से बातचीत को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और एसएसबी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जिसके बाद फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों का संकलन किया। मामले में पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में एडिशनल एसपी सिद्धार्थ ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक कलह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। फोरेंसिक टीम द्वारा मौके से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, और पुलिस टीम द्वारा सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## पुलिस ने दो गैंगस्टर समेत चार वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की जेठवारा थाने की पुलिस ने रविवार को अलग अलग मुकदमो में वांछित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसआई राजेन्द्र पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त सजन लाल पुत्र रामखेलावन को थाना इलाके के गोकुल का पुरवा सराय इन्द्रावत में उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। एसआई अमित वर्मा व उनकी टीम ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित एक वारंटी अभियुक्त रविन्द्र प्रताप यादव पुत्र रामफेर को पदनाथपुर गांव में उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। एसआई राजीव वर्मा व उनकी पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त रामलखन सरोज पुत्र रामचरण को थाना इलाके के नागापुर गांव में उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। जबकि थाना इलाके के भटनी पट्टी निवासी चौथे वांछित अभियुक्त प्रमोद यादव को एसआई राम आश्रय सिंह व उनकी पुलिस टीम ने उसके घर से गिरफ्तार किया। जेठवारा पुलिस ने चारो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया।

# महिला दिवस पर सीएचसी में महिलाओं को किया गया जागरूक एवं सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) कोहंडौर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा, उनके अधिकारों और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि दुनिया में आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं अपनी मौजूदगी का एहसास नहीं करा रही हैं। चिकित्सा, शिक्षा, विज्ञान, अंतरिक्ष समेत हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं। महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। डॉ. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला कर्मी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महिला कर्मियों के योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों एवं कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में महिला दिवस की थीम पर भी चर्चा की गई और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके नीलम तिवारी, माया सिंह, संजना, जागृति, करिश्मा, पूनम, गीता व शिवकुमारी समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले की जेठवारा थाने की पुलिस ने रास्ते के विवाद में हुई मारपीट के मामले में दर्ज मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त अशोक कुमार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। बता दें कि बीते वर्ष सितम्बर महीने में 13 तारीख को थाना इलाके के जूडापुर धनसारी गांव में रास्ते के विवाद को लेकर मेवालाल के भतीजे कृष्ण कुमार को गांव के ही अशोक कुमार समेत लगभग दर्जनभर लोगों ने लाठी-डंडा, फावड़ा व रम्भा से हमला कर दिया और मारा पीटा। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर उसे व उसके परिजनों को भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर सात नामजद व 5-6 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में जेठवारा थाने की पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र रामफल को थाना इलाके के लक्ष्मीगंज बाजार के पास से रविवार को गिरफ्तार किया गया।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के कालीचरन बने महोबा जिलाध्यक्ष

**महोबा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक 6 को लखनऊ के रुचि खण्ड में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार तथा समाज को संगठित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान महोबा जनपद के निवासी एवं शिक्षक कालीचरन कुशवाहा को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का महोबा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक समिति अध्यक्ष नीरज कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने की, जबकि प्रदेश महासचिव विजय कुमार कुशवाहा ने कालीचरन कुशवाहा के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें संगठन की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज को एकजुट कर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है।

# डीजल-पेट्रोल और गैस की किल्लत की अफवाहें बेबुनियाद : डीएम

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**



इंटरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डीजल-पेट्रोल तथा एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पंप एसोसिएशन और जनपद की विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों और गैस एजेंसी मालिकों से डीजल-पेट्रोल तथा एलपीजी सिलिंडर की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। इस पर सभी संचालकों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से डीजल-पेट्रोल और एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति मिल रही है तथा जनपद में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया कि जनपद में कहीं भी डीजल-पेट्रोल या गैस की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर अफवाह फैलाकर अनावश्यक घबराहट का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में वाहनों के अतिरिक्त किसी कनस्तर, बोतल या अन्य बर्तन में डीजल-पेट्रोल की बिक्री न की जाए। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध रूप से बार-बार ईंधन खरीदने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दी जाए। उन्होंने गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति केवल ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर ही की जाए और ग्राहकों के घर तक ही वितरण सुनिश्चित किया जाए। बिना ऑनलाइन बुकिंग के सिलिंडर वितरण पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गैस एजेंसी के गोदाम से सीधे सिलिंडर वितरण पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को टीम गठित कर प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने और औचक निरीक्षण के माध्यम से प्रशासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर संबंधित पेट्रोल पंप या गैस एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी ए.पी. सिंह सहित पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों के संचालक मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में बिस्तर पर खून से लतपथ मिली महिला

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले के कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अतरसंड ( गौरा ) गांव में रविवार सुबह एक महिला घायल अवस्था में अपने घर पर मिली।

मिली जानकारी के अनुसार कोहंडौर थाना इलाके के अतरसंड ( गौरा ) गांव निवासी भीमराज यादव की पत्नी मालती यादव ( 45 वर्ष ) रविवार सुबह घर में संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ चारपाई पर पड़ी मिली। उसके गले पर धारदार हथियार से करीब बीस सेंटीमीटर लंबा एक सेमी गहरा घाव था। घायल महिला की बड़ी बेटी शिवानी ने सुबह 5.30 बजे के करीब परिवार के लोंगो को बताया कि उसकी माँ ने चाकू से अपना गला रेतकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। जानकारी होने पर जेठ उदयराज, भतीजे अंकित बेटी शिवानी सहित परिजन आनन-फानन महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर ले गये। जंहा पर महिला की हालत गम्भीर देख डॉक्टर देवेन्द्र सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना को लेकर परिजन इसे महिला द्वारा किया गया आत्महत्या का प्रयास बता रहे हैं जबकि चिकित्सकों का कहना है कि घाव की स्थिति संदिग्ध है। चर्चा है कि इसी बात को लेकर अस्पताल में कुछ देर तक परिजनों और चिकित्सकों के बीच कहासुनी भी हो गई थी। सूचना पर एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिव नारायण वैश्य, थाना प्रभारी कोहड़ौर धनंजय राय के साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा करते हुए चाकू अपने साथ ले गई है। वहीं उच्च अधिकारियों ने परिजनों से घटना के बाबत पूछताछ करने के साथ ही बारीकी से छानबीन की। महिला का पति दिल्ली मे रहता है जानकारी होने के बाद वह घर के लिए निकल चुका है। महिला अपने चार बेटियों के साथ घर पर ही रहती है। महिला की हालत नाजुक देख मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ से प्रयागराज रेफर किया गया है जहाँ सी टी स्कैन हुआ है महिला की स्थित में सुधार है।

सीओ सिटी शिवनारायण वैस ने बताया कि महिला अपनी दो बेटियों के साथ कमरे में सो रही थी। उसकी बड़ी बेटी ने सुबह उठकर पशुओं को चारापानी देने के बाद अपनी माँ को जगाने गई तो कोई जबाब न मिला। उसने देखा तो माँ का गला रेता हुआ था और वो खून से लतपथ थी। जिसके बाद परिजन लेकर सीएचसी कोहड़ौर गये। सूचना पर पुलिस गई थी। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य इकट्ठा किया है। परिजनों के अनुसार महिला कुछ दिनों से मानसिक रूप से डिस्टर्ब थी, उसने स्वयं अपने गले पर वार किया है। फिलहाल घटना के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## पनवाड़ी में 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार का लाइव प्रसारण

**महोबा** पनवाड़ी भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार का लाइव प्रसारण कृषि विभाग की ओर से विकास खंड पनवाड़ी, महोबा में कराया गया। कार्यक्रम में किसानों, कृषि विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर वेबिनार के माध्यम से सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं और नीतियों की जानकारी प्राप्त की। वेबिनार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जहां कृषि क्षेत्र के विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों को नई कृषि योजनाओं, आधुनिक तकनीकों तथा खेती को लाभकारी बनाने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संतोष कुमार अग्निहोत्री अध्यक्ष, सहकारी समिति उपस्थित रहे।

# डायल- 112 पुलिसकर्मियों ने बुझाई ट्रांसफार्मर में लगी आग, ग्रामीणों ने की सराहना

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के धन्नीपुर गांव में शनिवार देर रात बिजली के ट्रांसफार्मर व तार में आग लग गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बिजली सप्लाई बंद कराकर आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार देर रात लगभग बारह बजे थाना इलाके के धन्नीपुर गांव निवासी हरीश्याम त्रिपाठी की पुत्री अंकिता त्रिपाठी ने डायल-112 को सूचना दी कि उसके घर के समीप लगे ट्रांसफार्मर व तार में आग लग गई है जिससे आसपास के घर भी प्रभावित हो सकते हैं। सूचना मिलते ही डायल- 112 मौके पर पहुंची। पीआरवी-5931 पर तैनात सिपाही सुमित त्रिपाठी व अजीत सिंह फोन करके तत्काल बिजली सप्लाई बंद करवाई और आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा नुकसान होने से बच गया। मामला विद्युत आग का था इसलिए ग्रामीण भी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। लेकिन पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समस्या का त्वरित समाधान किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की।

# अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु जिले में रविवार को प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 67.68 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ( सामान्य ) के पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के उद्देश्य से अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में चयनित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा, उच्च तकनीकी शिक्षा, भोजन, पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, खेल-कूद तथा स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति के निर्णय के अनुसार अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव (प्रयागराज) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा- 6 में 160 तथा कक्षा-9 में 61 विद्यार्थियों का प्रवेश किया जाना है। जिले में मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में कुल 653 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाए गए। प्रवेश परीक्षा को पारदर्शी व नकलविहीन बनाए रखने के लिए जिला सेवायोजन अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया तथा संत अंथोनी इंटर कॉलेज, प्रतापगढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। मुख्य विकास अधिकारी तथा सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह के मार्गदर्शन में प्रवेश परीक्षा पूरी पारदर्शिता, शुचिता और शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराई गई।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायतें में से 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**महोबा।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया।इसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार की उपस्तिथि में 73 में से 02 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार की उपस्तिथि में 20 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिल समेत तीन चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले की नगर कोतवाली थाने की पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की है।

बता दें की बीते फरवरी माह में 20 तारीख की रात लगभग एक बजे राजकुमार की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से हुई है। जिसके बाद तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं बीते शनिवार को फतनपुर थाना इलाके के गौरा पुरेबदल निवासी एक युवक अपने रिश्तेदार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन आया था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल स्टेशन के पास से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसमें पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिवनारायण वैस के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में एसआई अमित सिंह व एसआई राहुल कुमार एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ तीन अभियुक्तों मो. साजिद उर्फ अन्ता, शिवम बाल्मीकि व हरिकेश को भगवा रेलवे क्रासिंग के समीप से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त मो. साजिद व शिवम बाल्मिकी ने बताया कि हम लोगों का एक गैंग है। जिसमें हम चार लोग हैं। हम लोग इधर उधर से मोटरसाइकिल चोरी कर औने पौने दामो में बेच देते हैं और जो पैसा मिलता है उससे अपना जीवनोपार्जन करते हैं। अभियुक्तों ने बरामद मोटरसाइकिलों के बारे में पूछने पर जिन स्थानों से चोरी किया था उस बात को स्वीकार किया। साथ ही बताया कि खजुरनी पुलिया के नीचे चोरी की बाइक को छिपाकर रखा है, जहां हमारे दो साथी हरिकेश उर्फ भोटू व सलमान भी मौजूद हैं। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अभियुक्तों की निशानदेही पर दो मोटरसाइकिलों को बरामद करने के साथ ही एक अभियुक्त हरिकेश उर्फ भोटू को उसके घर से गिरफ्तार किया गया जबकि फरार अभियुक्त सलमान को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा प्रयास जारी है। शिवम बाल्मीकि के खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया।

# जौनपुर : छोटी लाइन इमामबाड़े में तोड़फोड़ व चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




जौनपुर शहर कोतवाली क्षेत्र के क़दम रसूल छोटी लाइन इमामबाड़े में होली के दिन हुई तोड़फोड़ और चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम के उपनिरीक्षक जयदीप कोल व अन्य पुलिसकर्मियों ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार शाम करीब 6:50 बजे छोटी लाइन मस्जिद के पास स्थित एक रेस्टोरेंट के निकट से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान कन्हैया बिन्द (20) पुत्र पंचम बिन्द, अमर बिन्द उर्फ मंडोले (19) पुत्र पारस बिन्द तथा दीपक बिन्द उर्फ दीपू (24) पुत्र चन्द्रशेखर बिन्द निवासी मानेपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से चोरी किए गए चांदी के जरीह को बेचकर प्राप्त धन में से शेष रकम क्रमशः 700 रुपये, 650 रुपये और 500 रुपये बरामद हुए। इसके अलावा दीपक बिन्द के पास से आसमानी रंग का एक Realme Narzo मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 46/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 305, 324(4), 298 और 317(2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि 4 मार्च को होली के दिन क़दम रसूल छोटी लाइन इमामबाड़े में तोड़फोड़ और चोरी की घटना सामने आने के बाद शिया समुदाय और पंजतनी कमेटी के लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस प्रशासन ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। पुलिस ने तीन दिन के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी निरीक्षक महमूद आलम अंसारी, उपनिरीक्षक जयदीप कोल (चौकी प्रभारी भंडारी), हेड कांस्टेबल सरोज कुमार, हेड कांस्टेबल समीम अख्तर और कांस्टेबल कुंवर अविनाश सिंह।

# माता शीतल चौकियां धाम में मंदिर परिवार व क्रिकेट प्रेमियों ने हवन पूजन कर भारत की जीत के लिए कामना की

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर माता शीतला चौकिया धाम के महंत विनय त्रिपाठी ने बताया भारत 20 वर्ल्ड कप की विश्व विजेता बनेगा हमको विश्वास है कि भारत 20 वर्ल्ड कप जीत कर आएंगे माता शीतला चौकिया धाम का आशीर्वाद रहेगा

## जीत के जश्न पूरा भारत बनाएगा

हवन पूजन के दौरान क्रिकेट प्रेमियों का जोश देखते ही बनता है,युवाओं का मानना है कि आज भारत का हर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगा और फाइनल के न्यूजीलैंड को हराकर विश्व विजेता बनेगा। आपको बता दे कि टी 20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मैच में हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाई है। आज रविवार को वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम सात बजे से होगा।फाइनल मुकाबले को लेकर पूरे भारत वर्ष में उत्साह का माहौल है।

# जौनपुर में अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न




■ कक्षा 6 व 9 में दाखिले के लिए 202 छात्रों ने दी परीक्षा, आरएसडी इंटर कॉलेज बना केंद्र

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अटल आवासीय विद्यालय करसड़ा (वाराणसी) में कक्षा 6 और 9 में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। यह परीक्षा राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज में कराई गई, जिसमें कुल 202 छात्रों ने भाग लिया। सहायक श्रमायुक्त देवब्रत यादव ने बताया कि यह परीक्षा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी। इसमें पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से अवसर प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 के लिए 96 तथा कक्षा 9 के लिए 106 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा का आयोजन जिलाधिकारी के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज में सफलतापूर्वक कराया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे पूरी प्रक्रिया कुशलतापूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकी।

# महिला दिवस पर डॉक्टरों का संकल्प: एंडोमेट्रियोसिस के खिलाफ जौनपुर में जागरूकता रैली, महिलाओं से समय पर जांच कराने की अपील




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जौनपुर ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी की ओर से महिलाओं में तेजी से बढ़ रही बीमारी एंडोमेट्रियोसिस के प्रति *जागरूक करने के लिए रविवार सुबह एक विशेष जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे लोहिया पार्क से हुई, जिसमें डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, मेडिकल छात्रों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने पीले रंग के वस्त्र और सफेद कैप पहनकर महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दिया। पूरे मार्ग में महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और समय पर उपचार को लेकर जागरूकता से जुड़े नारे लगाए गए तथा लोगों को एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। रैली का नेतृत्व करते हुए छ्ह्ह्रस की अध्यक्ष डॉ.अंजू कन्नौजिया ने कहा कि आज भी समाज में कई महिलाएं पीरियड्स के दौरान होने वाले असहनीय दर्द को सामान्य मानकर नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि यह एंडोमेट्रियोसिस जैसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और समय-समय पर चिकित्सकीय जांच कराएं। कार्यक्रम के सफल संचालन में छ्ह्ह्रस की उपाध्यक्ष डॉ. अम्बर खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं कार्यक्रम की संयोजक एवं सचिव डॉ. शैलि निगम ने कहा कि एंडोमेट्रियोसिस के प्रति हर महिला को जागरूक रहना चाहिए और अपने परिवार व समाज की अन्य महिलाओं को भी इसके लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी देनी चाहिए, ताकि समय रहते इसका इलाज संभव हो सके। कार्यक्रम का मार्गदर्शन संस्था की पैट्रन डॉ. प्रियंबदा सिंह के संरक्षण में हुआ। इस दौरान वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शकुंतला यादव ने कहा कि समय रहते जांच और सही उपचार से एंडोमेट्रियोसिस जैसी बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है और महिलाओं को गंभीर जटिलताओं से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बीना त्रिपाठी ने भी महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करानी चाहिए और किसी भी प्रकार की समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम की प्रशासनिक व्यवस्थाओं में विभिन्न पदाधिकारियों का सहयोग रहा, जबकि आर्थिक व्यवस्थाओं का दायित्व कोषाध्यक्ष डॉ. शिल्पी सिंह ने संभाला। इसके अलावा 'लाइब्रेरियन डॉ. प्रियंका सिंह, क्लिनिकल सेक्रेटरी डॉ. शिखा शुक्ला तथा जॉइंट क्लिनिकल सेक्रेटरी डॉ. पूजा यादव ने भी आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# बस चालक हत्याकांड: फरार तीन आरोपितों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर होली के दिन नगर के मियांपुर मोहल्ले में बस चालक ललई यादव की पीट-पीटकर हत्या के मामले में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में वांछित तीन शातिर अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार लाइनबाजार थाना क्षेत्र में हुए इस चर्चित हत्याकांड के बाद से ही पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। फरार चल रहे अभियुक्तों में शाश्वत सिंह पुत्र जय प्रकाश सिंह निवासी हुसैनाबाद थाना लाइनबाजार, देवांश सिंह उर्फ छोटू पुत्र विकास सिंह निवासी तारापुर कॉलोनी थाना लाइनबाजार तथा सतेंदु सिंह उर्फ गोलू पुत्र जय प्रकाश सिंह निवासी हुसैनाबाद थाना लाइनबाजार शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने इन तीनों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इन सभी के खिलाफ थाना लाइनबाजार में मु.अ.सं. 94/2026 के तहत धारा 103(1) व 3(5) बीएनएस में मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। साथ ही उनकी संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।गौरतलब है कि होली के दिन मियांपुर मोहल्ले में बस चालक ललई यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस मामले के खुलासे और आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

## बरेली में नर्स की मौत: अस्पताल के कमरे में मिली लाश

जन एक्सप्रेस। बरेली। बरेली के निजी अस्पताल की नर्स का शव रविवार को अस्पताल परिसर में बने कमरे में मिला। उसकी सहकर्मी नर्स ने इसकी जानकारी अस्पताल प्रशासन व पुलिस को दी। बारादरी थाना पुलिस ने शव सील करवा दिया। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक तौर पर मामला पति से फोन पर हुई बहस के बाद अवसाद में आने और जहरीला पदार्थ खाने का नजर आ रहा है। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि रविवार दोपहर बाद उन्हें पीलीभीत बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में नर्स की मौत की सूचना मिली। वह मौके पर पहुंचे तो पता लगा कि 30 वर्षीय प्रियंका देवी की मौत हुई है। प्रियंका मूल रूप से शाहजहांपुर के निगोही थाने के गांव कुंवरपुर बंजरिया निवासी सुनील कुमार की पत्नी थी। वह काफी समय से इस अस्पताल में नर्स का काम कर रही थी।

# जौनपुर में तालाब में डूबने से 14 वर्षीय किशोर की मौत, परिजनों ने लगाया बुलाकर काम कराने का आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों ने तालाब मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार अहमदपुर गांव में मछली पालन के लिए एक बड़ा तालाब खुदवाया गया है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने यश गौतम (14) को घर से बुलाकर तालाब में मछली छोड़ने के लिए कहा। बताया जा रहा है कि किशोर जैसे ही तालाब में उतरा, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते वह डूब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में जफराबाद थाने पहुंच गए और तालाब मालिक रिंकू सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करने लगे। परिजनों का आरोप है कि गांव की बंजर भूमि पर जबरन तालाब खुदवाया गया था और उसी में उनके नाबालिग बच्चे की जान चली गई। पुलिस स्तर पर तुरंत कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीण बाद में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए और प्रदर्शन किया। इसके बाद अपर जिलाधिकारी परमानंद झा ने ग्रामीणों की शिकायत सुनते हुए मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया है। प्रारंभिक कार्रवाई के तहत आरोपी रिंकू सिंह के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित दयाशंकर तिवारी जी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का भावपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित दयाशंकर तिवारी के जीवन एवं उनके अद्वितीय योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का भव्य एवं भावपूर्ण प्रदर्शन सम्पन्न हुआ। यह आयोजन मदन मोहन तिवारी, कृष्ण मोहन तिवारी, राधे मोहन तिवारी, श्याम मोहन तिवारी, नंद मोहन तिवारी एवं समस्त समस्त तिवारी परिवार, ग्राम गहलाई के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म के निर्माता एवं दयाशंकर जी के पनत विशाल दुबे व कुशल दुबे भी उपस्थित रहे। फ़िल्म के निर्देशक धीरेंद्र सिंह व भूपेंद्र सिंह इंद्रोई ने सबका विशेष आभार प्रकट किया। सायं 6:00 बजे प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति के वातावरण के बीच दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म में पं. दयाशंकर तिवारी जी के स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय योगदान, ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उनके संघर्ष, कारावास की घटनाएँ, उनके सामाजिक नेतृत्व तथा ग्राम एवं क्षेत्र के उत्थान हेतु किए गए कार्यों को तथ्यात्मक साक्ष्यों, दुर्लभ छायाचित्रों, अभिलेखीय दस्तावेजों एवं वरिष्ठजनों के साक्षात्कारों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। फ़िल्म में उनके व्यक्तित्व के मानवीय पक्ष, राष्ट्रप्रेम, त्याग और आदर्शों को विशेष रूप से उभारा गया, जिससे उपस्थित दर्शक भाव-विभोर हो उठे। फ़िल्म प्रदर्शन के उपरांत आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को सजीव रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास और मूल्यों से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। युवाओं ने विशेष रूप से इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई और इसे प्रेरणादायक बताया। 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पर हुए इस कार्यक्रम में दयाशंकर जी की पत्नी स्व. लालती तिवारी के पंडित जी के जीवन में प्रभाव को विशेष रूप से याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, सामूहिक सहभागिता एवं सामाजिक समरसता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। आयोजन में उपस्थित समस्त वर्गों की सहभागिता ने इसे एक पारिवारिक एवं ऐतिहासिक समारोह का स्वरूप प्रदान किया।

# कायस्थ सेवा ट्रस्ट मण्डल, जिला कार्यकारिणी का विस्तार



जन एक्सप्रेस । बस्ती

कायस्थ सेवा ट्रस्ट मण्डल कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी का विस्तार और शपथ ग्रहण समारोह चित्रगुप्त मंदिर में संस्थापक अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मण्डल कार्यकारिणी में मोनू श्रीवास्तव को मण्डल प्रभारी सिद्धार्थ नगर, डब्बू श्रीवास्तव को मंडल प्रभारी बस्ती, व प्रकाश मोहन श्रीवास्तव को मण्डल प्रभारी संत कबीर नगर बनाया गया। इसी प्रकार सर्वेश श्रीवास्तव को मंडल संयोजक, नवीन श्रीवास्तव को मंडल अध्यक्ष, आलोक श्रीवास्तव को मंडल महामंत्री, राहुल श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव व विक्रांत श्रीवास्तव को मंडल उपाध्यक्ष तथा कुलदीप श्रीवास्तव, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव और गौरव श्रीवास्तव को मंडल सचिव बनाया गया। वहीं अंकुर श्रीवास्तव को संगठन मे सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया। इसी प्रकार जिला कार्यकारिणी में राजेश कुमार श्रीवास्तव को जिला संयोजक, प्रेमचंद श्रीवास्तव को जिला प्रवक्ता, मुकेश कुमार श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष, अरुण कुमार श्रीवास्तव को महामंत्री, अभिषेक श्रीवास्तव गुडलक को संगठन महामंत्री, नितेश श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, आदर्श श्रीवास्तव व रणदीप माथुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, शिवनंदन कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव व मनीष श्रीवास्तव को जिला सचिव तथा राजेश कुमार श्रीवास्तव, रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, देवव्रत लाल श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी क्रम में विवेक श्रीवास्तव को रौता पार का वार्ड अध्यक्ष, प्रिंस श्रीवास्तव को पिकौरा शिव गुलाम का वार्ड अध्यक्ष, अमित श्रीवास्तव को आवास विकास कॉलोनी का वार्ड अध्यक्ष, मनोज श्रीवास्तव को बैरिहवा का वार्ड अध्यक्ष तथा सौरभ श्रीवास्तव को रौता पार मोहल्ले का महामंत्री नियुक्त किया गया। इसी प्रकार कृपा शंकर श्रीवास्तव को सल्टौआ गोपालपुर और रुधौली का ब्लॉक अध्यक्ष तथा रमेश श्रीवास्तव को रामनगर का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम को दिनेश कुमार श्रीवास्तव मास्टर साहब, के के श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, रंजीत श्रीवास्तव, सुनील पाण्डेय , डब्बू श्रीवास्तव प्रकाश मोहन श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने संबोधित करते हुये एकजुटता के साथ रचनात्मक कार्यो पर जोर दिया। कार्यक्रम में मयंक श्रीवास्तव तथा संगठन के संरक्षक सौरभ सिन्हा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद औरं गोपनीयता की शपथ दिलाया।

# दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न




जन एक्सप्रेस । बस्ती

हरैया क्षेत्र के आर.पी. साइंस एकेडमी भुवनपुर बक्सर में चल रही दो दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ रविवार को संपन्न हुई। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष चिकित्साधिकारी डॉ वीके वर्मा और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नगर बाजार राना नीलम सिंह तथा प्रभाकर रंजन ओझा ने मेडल और शील्ड देकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजक विद्यालय के प्रबंधक डॉ सुधीर कुमार पाण्डेय और प्रधानाचार्य अविनाश प्रजापति ने आए हुए अतिथियों का बैज अलंकरण, माल्यार्पण और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि बच्चे अपनी रूचि के अनुसार कार्य क्षेत्र चुनें तो निश्चित रूप से जीवन में बहुत आगे जाएंगे। बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार कार्य क्षेत्र चुनने के लिए माता-पिता को उनके स्वाभाविक रुझानों को समझना चाहिए और उन पर दबाव नहीं डालना चाहिए। प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक संवर्ग में दुबौलिया प्रथम, जेआरसी हडही द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय नवली और कंपोजिट विद्यालय निपनिया की संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। सीनियर बालक वर्ग पमें जेआरसी हडही प्रथम, दुबौलिया द्वितीय तथा डीआरसी हसीनाबाद और नौली की टीमें संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। सब जूनियर बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय निपनिया प्रथम, डीआरसी हसीनाबाद द्वितीय और बीआरएस गढ़हा तथा आरपी साइंस एकेडमीकी टीमें संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर बालिका वर्ग में पीएस स्पोर्ट्स प्रथम, जीआरसी हडही द्वितीय और हाजी मोहम्मद अमीन इंटर कॉलेज हरैया तथा साइंस अकादमी की टीमें संयुक्त रूप से तृतीय घोषित की गईं। बस्ती खो-खो एसोसिएशन के सचिव राम सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा आयोजक विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। रेफरी की भूमिका में युवराज सिंह, निश्चय सिंह, अमीषा वर्मा, आर्तिका मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, विनय श्रीवास्तव, विपिन वर्मा, संतोष कुमार सिंह आदि रहे। इस अवसर पर राना दिनेश प्रताप सिंह, मंडलीय क्रीड़ा सचिव अमित कुमार यादव, जिला व्यायाम शिक्षक भूपेश सिंह, प्रधानाचार्य सतीश रंजन सिंह, दीपक सिंह, सुनील कुमार, गन्ना विकास इण्टर कॉलेज मुंडेरवा के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, अखिलेश सिंह, महंतराम वर्मा, राजेंद्र सिंह, सुनील सिंह, जय राम वर्मा, रणधीर सिंह, प्रेम कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल, विनोद वर्मा, अमित पाण्डेय, कृष्ण कुमार मिश्रा, रामबली, अभय पाण्डेय, शिवरतन प्रजापति, आराधना पाठक, बबीता त्रिपाठी, राम सुंदरी, प्रियंका पाण्डेय, पल्लवी सिंह, फूल कुमारी, आदित्य पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# नहाने के दौरान नदी में बहे चार बच्चे, तीन को ग्रामीणों ने निकाला, चौथे की तलाश जारी

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के फतेहगंज पश्चिमी इलाके में रविवार को गांव पनवड़िया के पास बहगुल भाखड़ा नदी के संगम में नहाने गए चार बच्चे डूब गए। चीख पुकार सुनकर खेत पर मौजूद ग्रामीणों ने तीन बच्चों को बाहर निकाल लिया। जबकि एक 12 वर्षीय प्रवीन का पता नहीं चला। स्थानीय गोताखोर जब उसे तलाश नहीं पाए तब पुलिस ने एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार से एसडीआरएफ टीम भेजने का आग्रह किया।

## महिला दिवस पर अस्मिता लीग खेल प्रतियोगिता: सृष्टि यादव, अंशिका चौहान अक्षिता अव्वल

जन एक्सप्रेस। बस्ती। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत और खेलो इण्डिया द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में अस्मिता लीग के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र और विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रान्तीय परिषद सदस्य जगदीश प्रसाद शुक्ल ने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर, कांस्य पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। कहा कि खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। यह जानकारी देते हुये जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने बताया कि बालिकाओं, युवतियों की 100 मीटर की दौड़ में सृष्टि यादव प्रथम, अदिता द्वितीय और मधु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में अंशिका चौहान प्रथम, तनुश्री गौतम द्वितीय और रोशनी गौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ में अक्षिता प्रथम, सपना द्वितीय और मधु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह कार्यक्रम विशेष है जिसमें बालिकाओं, महिलाओं को अपने खेल प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिला। बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय के अतिरिक्त खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में क्रीडाधिकारी दिलीप कुमार, कोच दीप पटेल, विकास के साथ ही शुभम पंत, ओम प्रकाश मिश्र, डी.पी. यादव, परवेज आलम, आशुतोष पाण्डेय, सुशील कुमार, मो. आरिफ आदि ने योगदान दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फरधान सीएचसी में सम्मान समारोह!

## महिला डॉक्टरों, नर्सों और आशा कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**फरधान सीएचसी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम! महिलाओं के स्वास्थ्य, अधिकारों और सरकारी योजनाओं पर हुई चर्चा सीएचसी फरधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह! महिला स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया सम्मानित, प्रशस्ति पत्र किया प्रदान**




जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार, 8 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फरधान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान महिला चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा संगिनी और आशा कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

जानकारी मुताबिक, कार्यक्रम का नेतृत्व सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महिला कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने जोर दिया कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं और स्वास्थ्य विभाग में उनका योगदान सराहनीय है।

समारोह में उपस्थित सभी महिला कर्मियों के कार्यों की सराहना की गई। उन्हें समाज सेवा और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारियों ने भी महिला कर्मियों के समर्पण और मेहनत की प्रशंसा की उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित जांच कराने और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना की जानकारी भी विस्तार से दी गई, जिसमें बताया गया कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करती है।यह सम्मान समारोह सभी के सहयोग और महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### भाजपा जिला इकाई के गठन को लेकर मंथन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। भाजपा की नई जिला इकाई के गठन को लेकर मंथन शुरू हो गया है। प्रदेश नेतृत्व की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक, पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे।यहां उन्होंने जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।पर्यवेक्षक अशोक कटारिया ने बंद कमरे में जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, शशांक वर्मा, योगेश वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी और क्षेत्रीय मंत्री राजकिशोर मौर्य समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और संभावित पदाधिकारियों के नामों पर विचार-विमर्श किया गया।अशोक कटारिया ने बताया कि पलिया विधायक रोमी साहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा और सांसद व पूर्व मंत्री से भी वार्ता कर उनके सुझाव लिए जाएंगे। सभी से चर्चा के बाद पदाधिकारियों की सूची तैयार कर प्रदेश कार्यालय को भेजी जाएगी। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने पर्यवेक्षक अशोक कटारिया और जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य का स्वागत किया।

# बाघ के हमले में बकरी चरा रही युवती घायल, डीएफओ खीरी ने किया मौका मुआयना

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के कोटखेरवा गांव में बकरी चराने गई युवती पर बाघ ने पीछे से हमला कर दिया, जिसमें कोटखेरवा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती राजप्रभा पुत्री लालता प्रसाद पर गन्ने के खेत से निकलकर अचानक हमला कर दिया जिससे युवती घायल हो गई, साथ मे गांव की अन्य महिलाओं व खेतो में काम कर रहे किसानों के शोर मचाने पर युवती को छोड़ दिया, लेकिन सरसों कटे खेत में चर रही बकरी पर झपट्टा मारकर दबोच लिया और पास के ही सुनील कुमार के गन्ने के खेत मे घुस गया। बकरी चरा रहीं महिलाओं मीना देवी, किरन राज, सोमा देवी, रामवती आदि ने घायल राजप्रभा को शोर मचाकर किसी तरह बाघ से बचाया, घटना की जानकारी गांव वालों को दी। सैकड़ों की संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने खेत को चारों तरफ से घेर लिया। घायल युवती को इलाज के लिए सीएचसी गोला भेजा गया, ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 और वन विभाग को दी, मौके पर दलबल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील कुमार मलिक व वनकर्मियों ने मौका मुआयना किया। ग्रामीणों ने बताया बाघ काफी समय से क्षेत्र में मौजूद था, जिसकी सूचना वन विभाग को पहले से थी लेकिन वन विभाग ने कोई ठोस कदम नही उठाया। वहीं जानकारी मिलते ही डीएफओ साउथ तापस मिहिर व रेंजर मोहम्मदी निर्भर प्रताप शाही ने घटनास्थल का दौरा किया, बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए गन्ने के खेत के चारों किनारों पर चार ट्रेप कैमरे लगाएं गए हैं। रेंजर निर्भय प्रताप शाही ने बताया घटना की जानकारी मिली है, बाघ के हमले में घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, बकरी का मुआवजा दिलाया जाएगा।

# कोटखेरबा गांव मे लगे कैमरे से दूसरे दिन भी नही लगी बाघ की लोकेशन

## वनकर्मी आस पास के गांवो मे जाकर ग्रामीणों को कर रहे सचेत






जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

वनकर्मी बाघ की लोकेशन के लिये कर रहे जबरदस्त गस्त मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के कोटखेरवा गांव में बकरी चराने गई युवती पर बाघ ने पीछे से हमला कर दिया, जिसमें कोटखेरवा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती राजप्रभा पुत्री लालता प्रसाद पर गन्ने के खेत से निकलकर अचानक हमला कर दिया जिससे युवती घायल हो गई,साथ मे गांव की अन्य महिलाओं व खेतो में काम कर रहे किसानों के शोर मचाने पर युवती को छोड़ दिया, लेकिन सरसों कटे खेत में चर रही बकरी पर झपट्टा मारकर दबोच लिया और पास के ही सुनील कुमार के गन्ने के खेत मे घुस गया। बकरी चरा रहीं महिलाओं मीना देवी, किरन राज, सोमा देवी, रामवती आदि ने घायल राजप्रभा को शोर मचाकर किसी तरह बाघ से बचाया। इसके पश्चात वन क्षेत्राधिकारी महेशपुर निर्भय प्रताप शाही के आदेशानुसार बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिये चार नाइट विजन कैमरे लगाये गये थे, लेकिन दूसरे दिन भी बाघ की लोकेशन कैमरों मे कैद नही हुई है। जिसके चलते बाघ की लोकेशन हेतु तीन टीमो का गठन किया गया है जो तीनो टीमे विलहरी वन चौकी प्रभारी माया प्रकाश वर्मा व विजय सिंह की अगुवाई मे गांव के आस पास कांम्विग कर रही है, वही वन कर्मी आस पास के गाँव कपरहा, मूडा, पिपरिया, घरथनिया, कोटबारा, देवकली मे जा जाकर ग्रामीणो को भी सचेत कर रहे है।

# दुधवा के जंगल में अजगर को खा गया बाज, लड़ाई देख रोमांचित हुए सैलानी



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) के जंगल में शनिवार को भ्रमण करने आए सैलानी बाज और अजगर की लड़ाई देख रोमांचित हो गए। काफी देर तक चले संघर्ष के बाद बाज ने अजगर को अपनी नुकीली चोंच से नोंचकर मार डाला।दुधवा पार्क में शाम की पाली में जिप्सी वाहनों पर सवार पर्यटक दक्षिण सोनारीपुर रेंज के पर्यटन मार्ग पर जंगल भ्रमण कर रहे रहे थे। इस दौरान उन्हें सड़क के बीचों-बीच अजगर सांप रेंगता दिखाई दिया। सैलानी इस नजारे को कैमरे में कैद करने लगे।दुधवा पार्क में शाम की पाली में जिप्सी वाहनों पर सवार पर्यटक दक्षिण सोनारीपुर रेंज के पर्यटन मार्ग पर जंगल भ्रमण कर रहे रहे थे। इस दौरान उन्हें सड़क के बीचों-बीच अजगर सांप रेंगता दिखाई दिया। सैलानी इस नजारे को कैमरे में कैद करने लगेइस दौरान पेड़ पर बैठा बाज (सरपेंट ईगल) ने अजगर पर हमला कर उसे अपने पंजों में दबोच लिया। दोनों के बीच काफी देर तक संघर्ष चला। इस दौरान वह अपनी नुकीली चोंच से अजगर को नोंचकर खा गया। सैलानियों ने इस घटना का वीडियो बना लिया।

# नौ दुर्गा शतचंडी महायज्ञ का हुआ भव्य शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी

ब्लॉक निघासन अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगहा कला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नौ दुर्गा शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आगाज गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा से किया गया।?महायज्ञ के शुभारंभ पर नैमिषारण्य से पधारे यज्ञाचार्य रामभजन जी ने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन संपन्न कराया, जिसके बाद कलश यात्रा की शुरुआत हुई। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और कन्याएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों पर झूमती नजर आई। कलश यात्रा सिंगहा कला और सिंगहा खुर्द के मुख्य मार्गों से होते हुए जौरहा नदी (मोती पुर) पहुंची। वहां पवित्र नदी से जल भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञशाला पहुंचे, जहाँ कलशों को विधिपूर्वक स्थापित किया गया।?इस धार्मिक अनुष्ठान के अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, प्रधान पद उम्मीदवार वीरेंद्र निषाद, मुन्ना लाल शाह, बीडीसी सदस्य जंगूलाल यादव, खगेसुर वर्मा, झब्बूलाल तिवारी, कोटेदार रामखिलावन वर्मा, कमलेश वर्मा और पप्पू वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रही। पूरा क्षेत्र 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

### मोहल्ला श्यामलाल पुरवा में रोज़ा इफ्तार का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर रविवार को 18वें रोज़े पर कस्बा खीरी के मोहल्ला श्यामलाल पुरवा में अब्दुल मुकीम तथा उनके पुत्र मोहम्मद शुएब और मोहम्मद सुहेल उर्फ गब्बर की ओर से अपने आवास पर रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कस्बे के बड़ी संख्या में रोज़ेदारों और गणमान्य लोगों ने शिरकत की। मगरिब की अज़ान होते ही रोज़ेदारों ने खजूर और पानी के साथ रोज़ा इफ्तार किया। इसके बाद मगरिब की नमाज़ अदा की गई। नमाज़ हाफिज रहीस ने पढ़ाई। नमाज़ के बाद मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई।इफ्तार पार्टी में रोज़ेदारों के लिए बिरयानी, फल, खजूर और जूस आदि की व्यवस्था की गई थी। इफ्तार के दौरान सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के माहौल में एक साथ बैठे और रोज़ा खोला।इस मौके पर रफी बरकती, चेयरपर्सन प्रतिनिधि के भाई अतीक अहमद उर्फ बाबा, फरीद अहमद, हस्सान अहमद, मोहम्मद कालीम, अब्दुल फरीद, अलीमु सभासद, पत्रकार शहनवाज़ गौरी सहित कस्बे के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भूमि पर अवैध कब्जे का विवाद

## दो पक्ष हिस्सेदारी पर अड़े, प्रशासन ने जांच का आश्वासन दिया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

बिजुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत पिपरिया गंगा में रविवार को एक भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद हो गया। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान और मूड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। विवाद काफी देर तक चलता रहा,जिसके बाद पिपरिया गंगा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मिंटू और रहीम नगर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गौतम ने सक्षम अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विवाद को शांत कराया और जांच का आश्वासन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि विवादित भूमि की गहन जांच की जाएगी। यदि यह भूमि मंदिर के नाम पर पाई जाती है, तो अंबेडकर स्थल पर किया गया अवैध कब्जा तुरंत हटाया जाएगा। गोला तहसीलदार भीमचंद ने संबंधित हल्का लेखपाल और सीओ गोला को इस संबंध में सूचित कर दिया है। जांच के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

यह विवाद सिद्ध बाबा स्थान पिपरिया गंगा से संबंधित है। वर्तमान में विनोद पुरी दास बाबा पिछले छह वर्षों से इस मंदिर में सेवा कर रहे हैं। लगभग 100 वर्ष पूर्व श्री श्री श्री 108 बाबा रामपुरी महाराज उर्फ लक्ष्मी नारायण (नागा बाबा) ने इस मंदिर और बाग का निर्माण कराया था।

उनके बाद कई अन्य बाबाओं ने भी यहां सेवा की है।इस स्थान पर पिछले छह वर्षों से लगातार यज्ञ होते आ रहे हैं।

दो महीने बाद सातवां यज्ञ होने वाला है, और उससे ठीक पहले यह विवाद खड़ा करने का प्रयास किया गया है। सिद्ध बाबा स्थान पर एक सदियों पुराना वट वृक्ष भी है,

जो स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है और हर वर्ष इसकी पूजा की जाती है।

# भाजपा का होली मिलन समारोह: नए जिलाध्यक्ष की अगुवाई में रेखा वर्मा ने किया संबोधित, एक-दूसरे को रंग लगाकर दी बधाई



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता की अगुवाई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।समारोह में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद रेखा वर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। जनपद की आठों विधानसभा क्षेत्रों के विधायक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सदर विधायक योगेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं का गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया, ताकि सरकार की नीतियां और उद्देश्य जनता तक पहुंच सकें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने अपने संबोधन में कहाकि अरविंद गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाकर भाजपा ने यह सिद्ध किया है कि पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता को भी उसकी मेहनत और समर्पण के आधार पर बड़ी जिम्मेदारियां दी जाती हैं।

जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आपसी भाईचारा बनाए रखने और संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह समेत सभी मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वच्छता को लेकर संस्था द्वारा आमजन को जागरूक किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



रविवार को संस्था द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रूप से पॉलिथीन व प्लास्टिक की वस्तु से होने वाली समस्याओं के विषय में चर्चा हुई संस्था पिछले कई वर्षों से लगातार आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती चली आ रही है जिसमें संस्था उन स्थानों पर अपना ध्यान केंद्रित करती है जहां पर स्वच्छता की आवश्यकता होती है भंडारा स्थलों पर संस्था के पदाधिकारी गण जाकर वहां के आयोजकों से विनम्र आग्रह कर प्लॉस्टिक तथा थर्मोकोल के उत्पादों को प्रयोग न करने की अपील करते हैं साथ साथ भंडारा स्थलों पर फैली हुई गंदगी को अपने अपने हाथों से झाड़ू लगाकर उठाते भी हैं जिससे सड़क मार्ग को स्वच्छता से श्रृंगारित किया जा सके इसी स्वच्छता श्रृंखला में संस्था के पदाधिकारी गण प्राथमिक विद्यालयों, इण्टर कॉलेजों, डिग्री कॉलेजों में जाकर वहां के छात्र तथा छात्राओं को स्वच्छता उद्बोधन देकर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करते चले आ रहे हैं।

संस्था द्वारा संचालित किए जा रहे इन स्वच्छता जन जागरूकता अभियानों से आम जन मानस में स्वच्छता के बीज अंकुरित हुए हैं और आम जन मानस स्वच्छता के महत्व को समझने भी लगी है भंडारा स्थलों पर अब कागज की प्लेट आदि प्रयोग की जाने लगी है संस्था के द्वारा लगातार संचालित किए जा रहे स्वच्छता जन जागरूकता महा अभियान की इस सफलता को दृष्टिगत रखते हुए संस्था ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम रखा है जिसके अंतर्गत प्रत्येक वार्डों और गांवों में संस्था के पदाधिकारी गण पहुंच कर वहां के निवासियों को स्वच्छता के महत्व के विषय में बताएंगे और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

संस्था के संस्थापक तथा प्रदेश महा सचिव सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र पाण्डेय ने अपने सहयोगियों जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा,जिला महा सचिव प्रभात साहू,बीघापुर तहसील अध्यक्ष डॉ बृजेन्द्र प्रताप सिंह राजू,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास नारायण गुप्त के साथ में आज उन्नाव शहर के मोहल्ला सिंगरोसी वार्ड संख्या 2 पहुंचकर मोहल्ला वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें संस्था की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित वार्ड संख्या 2 के सभासद शिव वीरेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में गोष्ठी की गई सभासद ने गोष्ठी में उपस्थित समस्त मोहल्ला वासियों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए आग्रह किया कि प्लॉस्टिक तथा थर्मोकोल से बने उत्पाद नालियों और खेतों को बहुत हानि पहुंचाते हैं इन उत्पादों को प्रयोग न करें,विकास नारायण गुप्त ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि भंडारा आयोजक जब भी भंडारा करें तो सर्वप्रथम वो सोशल मीडिया के माध्यम से भक्तों से विनम्र आग्रह करें कि भंडारा स्थल पर आते समय अपने अपने घरों से बर्तन लेकर आएं अथवा आयोजक मण्डल भंडारा स्थलों पर पेड़ के पत्तों से निर्मित दोना पत्तलों का प्रयोग करें ऐसा करने से स्वच्छता के लिए यह कदम स्वर्णिम कदम सिद्ध होगा

गोष्ठी के समापन के बाद अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्री मती पप्पी गौतम तथा श्री मती माला गौतम को संस्था के संस्थापक शैलेन्द्र पाण्डेय ने उनके चरण स्पर्श कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया।

आज की स्वच्छता गोष्ठी में माजिद, अमित, वीरेन, अनूप, लालता, सूरज, पुत्ती लाल, डिंपल, सरवन, देश राज, श्री राम, अमित, जगत पाल यादव, विपिन, सूरज, नीरज, राम नरेश, बबलू, हरपाल, राम जीवन, सुनील आदि ने स्वच्छता की शपथ ली।

**सशक्त बेटी, समृद्ध प्रदेश: योगी सरकार की नीतियों से आत्मनिर्भर बन रहीं राजकीय बाल गृह की बालिकाएं**

# बेटियों के सपनों को मिली उड़ान, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मेधावी छात्राएं सम्मानित

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों को भी सौंपे गए प्रशस्ति पत्र बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत भी दी गई आर्थिक मदद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को शहर की बेटियों के चेहरे मुस्कान से खिल उठे। स्वरूप नगर स्थित राजकीय बाल गृह (बालिका) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन बच्चियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन मुकाम हासिल किया है। इस दौरान न सिर्फ उन्हें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत आर्थिक मदद दी गई, बल्कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार ने बालिकाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने छात्राओं को पूरी लगन के साथ अपने सपनों को सच करने के लिए प्रेरित किया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने बालिकाओं को अपनी पसंद के हुनर सीखने और अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करने की सलाह दी।

### हाथों के हुनर को मिलेगी पहचान

कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण पहल अचिन्त्य फाउंडेशन की निदेशक और समाजसेवी दिशा अरोड़ा की ओर से देखने को मिली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राजकीय बाल गृह की बालिकाओं द्वारा बनाए गए सामान को बाजार तक पहुँचाने में उनकी संस्था पूरा सहयोग करेगी। इससे बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। इस मौके पर राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी, उप निदेशक पुनीत कुमार मिश्र और जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग में शानदार काम करने वाली महिलाओं को भी उनके योगदान के लिए सराहा गया।

# नि :शुल्क टेस्टेड चश्मा वितरण समारोह का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



रविवार को सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत के मजरा भिखारी खेड़ा के डॉ अम्बेडकर खेलकूद मैदान में ग्राम प्रधान तारावती पाल की अध्यक्षता में कुल 116 महिला पुरुष बुजुर्गों को निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन विगत 3 फरवरी को कराने के 40 दिन बाद निःशुल्क टेस्टेड चश्मो का वितरण संस्था की ओर से किया गया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने बताया कि संस्था का यह 16वां निःशुल्क टेस्टेड चश्मा वितरण समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष के भाँति इस वर्ष भी इस भावना से किया गया की हम बूढो की सेवा करे कभी हम भी बूढे होंगे। निःशुल्क चश्मा पाकर सुनीता, मालती, प्रेमा, रामरती, रामकली, सुरजबली, प्यारेलाल, सुंदरा, गजरानी, सरिता, प्रभुदेई, बिलासा, बिहारीलाल, माधुरी सहित 116 लोगो के चेहरे खुशी से फूले नही समाये। संस्था के पदाधिकारी विनोद कुमार, मुकेश पाल, विशाल पाल, सहित संस्था के एक दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहकर चश्मों का वितरण सफल ढंग से कराया।

### पाल महासभा व पाल विकास शिक्षा समाजोत्थान समिति द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। रविवार को अखिल भारतीय पाल महासभा व पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विशाल होली मिलन कार्यक्रम व जवाबी फाग कल्लू पाल जालिम खेड़ा के नेतृत्व मे संपन्न हुआ अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता जी व त्रिवेणी पाल जी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी का कार्यक्रम में रहना हुआ अध्यक्षता डॉ रामगरीबे पाल जी ने की मुख्य रूप से समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रामकिशोर पाल जी पाल महासभा के जिला अध्यक्ष रामनारायण पाल जी सचिव रामसजीवन जी महामंत्री पुष्पेंद्र पाल जी सर्वेश पाल जी कमलेश पाल जी दिनेश राठौर आचार्य ओमप्रकाश जी रामनरेश पाल जी विजयपाल जी शिक्षक प्रेम शंकर जी रामानंदन जी डॉक्टर सरदार पाल जी राघवेंद्र पाल जी कृपा शंकर पाल जी प्रधान जमुका भगवती के साथ ही सैकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहे

# 'महिलाओं में दम, हम नहीं हैं किसी से कम'

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अनोखा संदेश

- स्वयं सहायता समूहों के जरिए गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं: राष्ट्रपति
- माता-पिता से अपील की कि घर में बेटियों और बेटों के बीच किसी भी तरह का भेदभाव न करें




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और अगर उन्हें सही अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उनके सशक्तिकरण के लिए देश की प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बल, चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, कला, खेल और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के जरिए गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और गांव के विकास में नेतृत्व भी कर रही हैं। मुर्मू ने आगे कहा कि महिलाओं में दम है, हम किसी से कम नहीं। हम में भी शक्ति है।' उनका कहना था कि अगर महिलाओं को अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हालांकि महिलाओं ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के रास्ते में अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। इन चुनौतियों को सिर्फ कानून के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता, बल्कि समाज की सोच में बदलाव लाना भी जरूरी है। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि घर में बेटियों और बेटों के बीच किसी भी तरह का भेदभाव न करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सास को अपनी बेटी और बहू के बीच भी फर्क नहीं करना चाहिए और बहू को भी बेटी की तरह सम्मान मिलना चाहिए। उनके अनुसार असली समानता तब शुरू होती है जब हर महिला को बेटी के रूप में सम्मान दिया जाए।

### मुर्मू ने शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की

राष्ट्रपति मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित 'शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने किया था, जिसमें प्रतिभागियों ने इंडिया गेट से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। उन्होंने देशभर से आई महिलाओं के समर्पण और उत्साह की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के प्रसिद्ध कथन को याद करते हुए कहा कि किसी समाज की प्रगति का सही मापदंड यह है कि वहां की महिलाओं ने कितनी प्रगति की है।

### महिलाओं के लिए चल रहीं कई योजना- मुर्मू

उन्होंने बताया कि भारत सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है। इनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और मिशन शक्ति जैसी योजनाएं शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं सिर्फ नौकरी करने वाली नहीं, बल्कि रोजगार देने वाली भी बन रही हैं। स्टार्टअप इंडिया के तहत समर्थित कई स्टार्ट-अप में महिला निदेशक हैं और सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर दो लाख से ज्यादा महिला-स्वामित्व वाले एमएसएमई सक्रिय हैं।

### ग्रामीणों महिलाओं के लिए योजना का किया जिक्र

राष्ट्रपति ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेहतर बाजार देने के लिए बजट 2026-27 में शी-मार्ट पहल शुरू की गई है, जिसके तहत हर जिले में समुदाय द्वारा संचालित रिटेल आउटलेट बनाए जाएंगे। अपने संबोधन के अंत में राष्ट्रपति मुर्मु ने लोगों से अपील की कि वे हर बेटी को शिक्षा, सम्मान और अवसर देने का संकल्प लें, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता दें और समाज से हर तरह के भेदभाव को खत्म करने के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि ऐसा करके भारत दुनिया के सामने महिला सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण पेश कर सकता है।

# 'यह संविधान और लोकतंत्र का अपमान'

## राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है। यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाय टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और वह हमेशा आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण को लेकर चिंतित रही हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।

### राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त

इससे पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से इस संबंध में विस्तृत जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल, कार्यक्रम स्थल और मार्ग व्यवस्था से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया है। केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत के लिए उपस्थित न होना 'ब्लू बुक' के नियमों का उल्लंघन बताया है।

### टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार

प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। उनका कहना था कि यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं।

# 'डोनाल्ड ट्रंप को कीमत चुकानी पड़ेगी'

## ईरान के शीर्ष अधिकारी लारीजानी की अमेरिका को खुली चेतावनी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान



ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि ईरान अपने नेता और अपने लोगों के मारे जाने का बदला लेगा। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के बहुत करीबी रहे लारीजानी ने साफ कहा, 'हम अपने नेता और अपने लोगों के खून का बदला जरूर लेंगे। ट्रंप को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। '

### ईरान का दावा: अमेरिकी सैनिक पकड़े गए

इससे पहले अली लारीजानी ने शनिवार को कुछ ऐसे दावे किए जिनसे सनसनी फैल गई। उन्होंने कहा कि ईरान ने कई अमेरिकी सैनिकों को पकड़ लिया है, जो जेलों में बंद हैं। हालांकि, अमेरिका ने इन दावों को तुरंत खारिज कर दिया। अमेरिका के एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि ईरान के ये दावे उसके झूठ का एक और उदाहरण हैं। लारीजानी ने ट्रंप पर यह भी आरोप लगाया कि वह ईरान के हमलों में मारे गए छह अमेरिकी सैनिकों की मौत के बारे में झूठी खबरें फैला रहे हैं। उनका कहना है कि असल में मरने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या 500 से ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका धीरे-धीरे मरने वालों की संख्या बढ़ाता है और कभी दुर्घटनाएं तो कभी और बहाने बताता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ अमेरिकी सैनिक बंदी बनाए गए हैं, लेकिन अमेरिका कह रहा है कि वे युद्ध में मारे गए। इस्राइल ने रविवार को ईरान के तेल ठिकानों पर हमला किया। वहीं, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने बहरीन में अमेरिकी अड्डे पर हमला किया है, जिसका इस्तेमाल ईरान के एक जल शोधन संयंत्र को निशाना बनाने के लिए किया गया था। ईरान की ओर से खाड़ी क्षेत्र में जवाबी हमले जारी हैं, जिससे यरूशलम और दोहा में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है।

### ईरान-अमेरिका-इस्राइल के बीच बढ़ा तनाव

यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब ईरान के साथ अमेरिका और इस्राइल एक बड़े सैन्य टकराव में उलझे हुए हैं। लारीजानी ने यह भी कहा कि ईरान अमेरिका और इस्राइल के ठिकानों पर हमले कर रहा है और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका को लगा था कि वह युद्ध जल्दी जीत लेगा, जैसा उसने वेनेजुएला में किया था, लेकिन इस बार वह नाकाम रहा।

# 'कमजोर पड़ रही भारत की वैश्विक मौजूदगी'

## पश्चिम एशिया युद्ध पर बोले संजय राउत, मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने रविवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध को लेकर केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस संकट के बीच भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी और भूमिका लगभग खत्म होती दिखाई दे रही है। राउत ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम 'रोकठोक' में लिखी। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल के बीच बढ़े तनाव और अमेरिका की भूमिका के कारण स्थिति बेहद गंभीर हो गई है और भारत एक देश के तौर पर इस स्थिति में पूरी तरह से अपना वजूद खो चुका है। राउत के मुताबिक, इस पूरे संकट में भारत को आगे आकर युद्ध रोकने की कोशिश करनी चाहिए थी, क्योंकि यह एक बड़ा वैश्विक मुद्दा बन चुका है। लेकिन भारत की तरफ से इस मामले में कोई ठोस पहल नहीं दिखी। उन्होंने कहा कि दुनिया के सामने भारतीय नेतृत्व की कमजोरी भी उजागर हो रही है। राउत ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस गंभीर अंतरराष्ट्रीय संकट पर अब तक एक शब्द भी नहीं कहा है।

### अमेरिका और इस्राइल पर भी बोला तीखा हमला

संजय राउत ने अमेरिका और इस्राइल पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका और इस्राइल दुनिया में दबंगई दिखा रहे हैं और खुद को सबसे ताकतवर समझते हैं। राउत के अनुसार, इन देशों को लगा कि वे ईरान को बहुत आसानी से हरा देंगे। उन्होंने कहा कि इस्राइल और अमेरिका को लगा था कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद युद्ध जल्दी खत्म हो जाएगा। युद्ध के दौरान ईरान के कई बड़े नेता और सैन्य अधिकारी भी मारे गए, लेकिन इसके बावजूद ईरान लगातार जवाबी हमला कर रहा है और युद्ध जारी है।

### ग्लोबल बुली की तरह व्यवहार का आरोप

राउत ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इस्राइल दुनिया के ग्लोबल बुली की तरह व्यवहार कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े देश, जो पहले अपनी बहादुरी की बात करते थे, अब इन देशों के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। अपने लेख में राउत ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध के बीच भारत को मजबूत और स्वतंत्र रुख अपनाना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इसी वजह से उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका कमजोर नजर आ रही है।

# छपरा में प्रशासनिक गाड़ियों में तोड़फोड़

## असामाजिक तत्वों के उत्पात से तनाव, बढ़ाई गई सुरक्षा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छपरा

छपरा शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा प्रशासनिक गाड़ियों में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि यह घटना शहर के जगदम कॉलेज के पास हुई, जहां अचानक बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई।

### स्थानीय मामले को लेकर जुटी भीड

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी स्थानीय मामले को लेकर लोगों की भीड़ वहां जमा हुई थी। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल का फायदा उठाते हुए सारण जिला प्रशासन की गाड़ियों को निशाना बना लिया। जिला खनन पदाधिकारी की गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए और वाहनों को काफी नुकसान पहुंचाया गया। घटना के दौरान मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग भी दहशत में आ गए।

### पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने हालात को नियंत्रित करने के लिए भीड़ को समझाने की कोशिश की और स्थिति को काबू में लाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। कुछ देर की मशक्कत के बाद हालात को सामान्य कर लिया गया। डीआईजी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानून को हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। जो भी लोग इस घटना में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय कई थानों की पुलिस, एसडीपीओ सदर, सदर एसडीओ के अलावा सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नीलेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना दोबारा न हो सके।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, दोषियों की पहचान की कोशिश

पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में डीआईजी निलेश कुमार ने कहा कि प्रशासनिक गाड़ियों में तोड़फोड़ करना बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जा रही है और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि दोषियों तक जल्द पहुंचा जा सके।

# वीर सावरकर एक निष्ठावान देशभक्त, जिनकी हिंदुत्व की व्याख्या आज भी प्रासंगिक: गडकरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विनायक दामोदर सावरकर को एक सच्चे देशभक्त और वैज्ञानिक सोच वाला व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि सावरकर ने हिंदुत्व को जिस तरह से समझाया था, वह आज भी बहुत काम आता है और महत्वपूर्ण है। एक कार्यक्रम में, जहां सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज पांडे (रिटायर्ड) का सम्मान किया गया, गडकरी ने कहा कि सावरकर सभी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि सावरकर सिर्फ एक देशभक्त ही नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन कवि, विचारक और इतिहासकार भी थे। सबसे खास बात यह है कि वे समाज को सुधारने वाले एक आदर्श व्यक्ति थे।

### वैज्ञानिक वैचारिक दृष्टिकोण और हिंदुत्व की प्रासंगिकता

गडकरी ने कहा, 'सावरकर की सोच वैज्ञानिक थी। उन्होंने हिंदुत्व के बारे में जो बातें बताईं, वे आज के समय में बहुत उपयोगी और प्रासंगिक हैं।' उन्होंने बताया कि सावरकर का मानना था कि हिंदू समाज में जो जाति-भेदभाव और छुआछूत है, उसे पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए।

### गुणों पर आधारित श्रेष्ठता का सिद्धांत

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सावरकर का दृढ़ विश्वास था कि किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति के कारण श्रेष्ठ नहीं माना जा सकता; व्यक्ति अपने गुणों के कारण श्रेष्ठ बनता है। गडकरी ने कहा कि सावरकर का पूरा जीवन त्याग, तपस्या और समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि देश के लिए सावरकर के परिवार जितना बलिदान किसी अन्य परिवार ने नहीं दिया है।

### सावरकर को लेकर राजनीतिक टिप्पणी

केंद्रीय मंत्री ने एक 'बड़े राजनीतिक नेता' का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई सावरकर की आलोचना करता है, तो उन्होंने ऐसे नेता से कहा था कि यदि महान स्वतंत्रता सेनानी सावरकर महान नहीं हैं, तो देश में कोई भी महान नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने उस नेता से कहा कि आप विचारधारा की आलोचना कर सकते हैं और विचारधारा पर मतभेद हो सकते हैं।

# 'बंगाल सरकार को नहीं थी राष्ट्रपति के कार्यक्रम की जानकारी'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी निजी आयोजकों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की थी। इसलिए अगर कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जिम्मेदारी भी उन्हीं पर आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी और न ही सरकार को इस आयोजन में शामिल किया गया था। उनके मुताबिक, जब राज्य सरकार को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ही नहीं थी, तो उस पर प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है। ममता बनर्जी ने यह भी स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल सरकार राष्ट्रपति के पद और संविधान का पूरा सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है और राज्य सरकार हमेशा उसकी गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहती है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है।

### राष्ट्रपति का सम्मान हर सरकारी की जिम्मेदारी: ममता

उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं ताकि राज्य सरकार की छवि खराब की जा सके। ममता बनर्जी ने दोहराया कि राज्य सरकार ने राष्ट्रपति के दौरे के दौरान अपनी तरफ से सभी जरूरी सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और संविधान का सम्मान करना हर सरकार और नागरिक की जिम्मेदारी है, और पश्चिम बंगाल सरकार इस जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाती है।

# फन्नी ढाबा कवि सम्मेलन में बही हास्य-व्यंग्य, गीत और ग़ज़ल की त्रिवेणी

जन एक्सप्रेस । आगरा




इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन एवं सृजन दीप्ति के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य और हास्य से सराबोर 'फन्नी ढाबा कवि सम्मेलन 'का भव्य आयोजन शनिवार को लेमन ट्री होटल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कवियों की रचनाओं का आनंद लिया। समारोह का दीप प्रज्वलित शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डेवलपमेंट काउंसिल फॉर फुटवियर एंड लेदर इंडस्ट्री, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के चेयरमैन पूरन डावर, विशिष्ट अतिथि डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर ए.के. सिंह, ज्योतिषाचार्य दीदी डॉ. सरस्वती देवी कृष्णा गौड़ एवं इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूरन डावर ने कहा कि कविता और हास्य समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं तथा ऐसे आयोजन साहित्यिक परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।विशिष्ट अतिथि स्क्वाड्रन लीडर ए.के. सिंह ने कहा कि साहित्यिक गतिविधियाँ युवाओं में रचनात्मकता और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं, वहींज्योतिषाचार्य दीदी डॉ. सरस्वती देवी कृष्णा गौड़ ने कहा कि कवि सम्मेलन भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं, जिन्हें निरंतर बढ़ावा दिया जाना चाहिए।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संयोजक अभिषेक शर्मा इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के महासचिव अजय शर्मा, संयोजक ब्रजेश शर्मा एवं सृजन दीप्ति के अध्यक्ष सतीश देव त्यागी, उपाध्यक्ष डा. रणवीर त्यागी, सचिव राकेश चन्द्र शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने किया। कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से श्रोताओं को हास्य, व्यंग्य और साहित्य के रंगों में सराबोर कर दिया। कवियों की इन उत्कृष्ट प्रस्तुतियों पर उपस्थित श्रोताओं ने जोरदार तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में काव्य की विविध धाराओं- श्रृंगार, व्यंग्य, राष्ट्रभक्ति और जीवन दर्शन- का सुंदर संगम देखने को मिला, जिससे पूरा वातावरण काव्यमय हो उठा। इस दौरान एफमेक के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश सहगल, डॉ. सीपी राय, डॉ. गिरधर शर्मा, राममोहन कपूर, कुलदीप ठाकुर, निर्मला दीक्षित, संतोष कटारा, डॉ. रजनीश त्यागी, रंजीत सामा, सचिन शंकर, आदर्श नंदन गुप्ता, डॉ. महेश धाकड़, अविनाश वर्मा, प्रो. वेद प्रकाश त्रिपाठी, प्रो. अमिता त्रिपाठी, आईआरएस प्रभाकर शर्मा, प्रो. सीमा भदौरिया, प्रो. डीसी मिश्रा, पंकज भूषण, नीरज मिश्रा, एनएचएआई के पूर्व परियोजना निदेशक संजय वर्मा, आयकर अधिकारी अतुल चतुर्वेदी, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक रंजन शर्मा, एलेश अवस्थी, मोहित सक्सेना, संजय बैजल, सुजाता शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**मुजफ्फरनगर से आए मशहूर शायर कपिल शर्मा शो फेम अजहर इकबाल ने अपनी प्रभावशाली पंक्तियों से समां बांध दिया –**

- 'हजारों साल से प्रतीक्षारत थी ये धरती धाम हो जाने से पहले। समंदर भी कहां देता है रस्ता किसी को राम हो जाने से पहले। '

**वहीं मेरठ के डॉ. अनुज त्यागी ने जीवन के संघर्ष और अनुभवों को शब्द देते हुए कहा –**

- 'बर्बाद सब लगे कभी कभी लगे अबाद है, कशमकश है दे रही जिंदगी में स्वाद है।
- गिरे तो थे गिर के फिर उठ के हम खड़े हुए, हुए जो उठ खड़े तो फिर जरा जरा बड़े हुए। '

**हास्य कवि पवन आगरी ने समसामयिक व्यंग्य से भरपूर अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को खूब गुदगुदाया–**

- 'चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल, एक साल में इस गोरी ने खूब कमाया माल।
- महबूब के नखरों की तरह सोने की कीमत बढ़ गई, उधर सियासी पारे की तरह चांदी भी ऊपर चढ़ गई।
- ब्याह शादी भी इनकी चमक के आगे फीके रहे, हमारी कविता से बढ़िया तो इन पर बने लतीफे रहे।
- ट्रंप के इस टैरिफ बार ने फैलाया कुछ ऐसा जाल, कि एक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल। '

**दिल्ली के उपेन्द्र पांडेय ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत अपनी रचना से माहौल को भावुक कर दिया–**

- 'निगाहें झुकती सजदें में वहाँ सम्मान क्या होगा? वतन पर जाँ लुटाने से बड़ा बलिदान क्या होगा?
- सरहदों पर न्योछावर कर के खुद को बस कहा इतना, तिरंगा खुद लिपटकर नेह दे आराम क्या होगा? '

**कवयित्री सलोनी राणा ने मानवीय संवेदनाओं को व्यक्त करते हुए कहा –**

- 'कल की कुछ भी ख़बर कुछ पता तो नहीं। तू भी सबकी तरह है जुदा तो नहीं।
- चाहे कितना भी ख़ुद को बड़ा मान लें.. आदमी आदमी है ख़ुदा तो नहीं। '

**इसके अतिरिक्त गीतकार अभिषेक शर्मा ने भी अपनी भावपूर्ण रचना से श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया–**

- 'जिसे हमदर्द हम समझे वजह वो दर्द की निकला, था जिसका हौसला हमको यकीं वो खोखला निकला।
- मेरे हर हाल में शामिल रहेगा था यकीं मुझको, हकीकत से मिला जब मैं बड़ा मसरूफ वो निकला।